CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29° C
न्यूनतम : 23° C

देहरादून, बुधवार 20 अगस्त 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 12 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 | 25 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



साइबर अपराध रोकने में मदद करेगा एआई पेज 3



एशिया कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान खेल टाइम्स



मच्छर बन रहा सर्वाधिक मौत का कारण सम्पादकीय



25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ से कालीन-रत्न इंडस्ट्री पर संकट पेज 12

# राष्ट्रपति का अदालत से सलाह मांगना गलत नहीं : सुप्रीम कोर्ट

## SC का मतः हम राय बदल सकते हैं, पुराना फैसला नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को राष्ट्रपति और राज्यपालों पर बिलों पर हस्ताक्षर करने के लिए डेडलाइन लागू करने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आर्टिकल 143 के तहत कोर्ट से राय मांगना गलत नहीं है।

मुर्मू ने मई में सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी थी कि क्या राष्ट्रपति या राज्यपाल विधेयकों पर फैसला लेने में अनिश्चितकाल तक देरी कर सकते हैं या कोई डेडलाइन तय की जा सकती है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई समेत 5 जजों की बेंच ने यह भी स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति सलाहकारी अधिकारिता में बैठी हैं, न कि अपील अधिकारिता में। कोर्ट यह राय दे सकता है कि कोई फैसला सही नहीं है, लेकिन इससे पुराना फैसला अपने आप खत्म नहीं हो जाएगा। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एक पुराने मामले का हवाला देते हुए कहा कि सलाहकारी अधिकार क्षेत्र में भी कोर्ट किसी फैसले को रद्द कर सकता है।



■ राष्ट्रपति-गवर्नर के फैसले लेने की डेडलाइन का मामला

### नाबालिग मुस्लिम जोड़े पर हाईकोर्ट का फैसला बरकरार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की ओर से उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया, जिसमें 16 साल की मुस्लिम लड़की के अपने ही धर्म के पुरुष से विवाह को वैध करार देते हुए उन्हें मिल रही धमकियों से सुरक्षा प्रदान की गई थी।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के 2022 के एक आदेश के खिलाफ दायर विशेष अनुमति याचिका खारिज करते हुए एनसीपीसीआर से कहा कि उसे चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं है। पीठ ने एनसीपीसीआर से सवाल किया कि उसे धमकियों का सामना कर रहे जोड़े के जीवन और स्वतंत्रता की सुरक्षा प्रदान करने वाले उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती क्यों देनी चाहिए?

# राहुल गांधी का भाजपा-चुनाव आयोग पर सीधा हमला

**नवादा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भाजपा और चुनाव आयोग पर हमला बोला है और कहा है कि बिहार में वोट चुराने के लिए दोनों मिलीभगत कर रहे हैं।

श्री गांधी वोटर अधिकार यात्रा का नेतृत्व करते हुए तीसरे दिन नवादा पहुंचे, जहां उन्होंने भगत सिंह चौक पर एक जनसभा को संबोधित किया और भाजपा तथा चुनाव आयोग के ऊपर मिलीभगत का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि वे दोनों लाखों नागरिकों को उनके मताधिकार से वंचित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि बिहार में लाखों लोग जिनके नाम पहले मतदाता सूची में थे, अब खुद का नाम गायब पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और चुनाव आयुक्त मतदान का अधिकार छीनने की साजिश रच रहे हैं। राजद नेता तेजस्वी यादव और अन्य सहयोगी दलों के नेताओं सहित विपक्ष यह सुनिश्चित करेगा कि बिहार का एक भी वोट चोरी न हो। उन्होंने भाजपा पर महाराष्ट्र, हरियाणा और मध्य प्रदेश में पहले भी चुनावों में चोरी करने का आरोप लगाया और कहा कि बिहार में भी मतदाता सूची के एसआईआर में हेराफेरी के जरिये इसी तरह की कोशिश चल रही है। इस सभा में एक स्थानीय किसान, सुबोध कुमार ने सार्वजनिक रूप से कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में मतदान करने और पोलिंग एजेंट के रूप में काम करने के बावजूद उनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया था।



■ वोटर अधिकार यात्रा के दौरान बिहार में वोट चुराने के लिए मिलीभगत करने का लगाया आरोप

■ कहा : दोनों लाखों नागरिकों को उनके मताधिकार से वंचित करने के लिए मिलकर कर रहे हैं काम

# भारत को फर्टिलाइजर व रेयर अर्थ मेटल देगा चीन

**नई दिल्ली।** चीन ने भारत को उर्वरक, दुर्लभ खनिजों और सुरंग बनाने वाली मशीनों की आपूर्ति को लेकर उसकी चिंताओं के समाधान करने का भरोसा दिया है।

चीनी विदेश मंत्री वांग ई ने विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर को यह आश्वासन दिया है।उन्होंने श्री जयशंकर के साथ बातचीत में यह आश्वासन दिया। दोनों मंत्रियों की पिछली मुलाकात गत महीने बीजिंग में हुई थी। तब उन्होंने एससीओके विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर द्विपक्षीय बैठक की थी। अपने उद्घाटन भाषण में डा. जयशंकर ने स्वीकार किया कि भारत और चीन अपने संबंधों में एक कठिन दौर से गुज़रे हैं, अब दोनों देश आगे बढ़ना चाहते हैं।

■ जुलाई में इनका निर्यात बैन किया था

# रिटायर्ड जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी होंगे विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना संयुक्त उम्मीदवार घोषित किया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्षी दलों के उम्मीदवार के रूप में श्री रेड्डी के नाम का ऐलान किया। इस दौरान राकांपा के नेता शरद पवार, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, द्रविड मुनेत्र कषगम की कनिमोझी तथा तिरुचि शिवा, शिव सेना (उद्धव) के अरविंद सावंत तथा संजय राउत, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पी. संदोष कुमार, कांग्रेस के के.सुरेश, के सी वेणुगोपाल तथा प्रमोद तिवारी, आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन, आईयूएमएल के ईटी मोहम्मद बशीर, सपा के धर्मेंद्र यादव सहित कई नेता मौजूद थे।






xmart *Terms of offer may be altered/amended/withdrawn without prior notice. Accessories shown are not part of standard equipment. *T&C apply. To book online visit auto.mahindra.com.

DEHRADUN PREMIER MOTORS
DEHRADUN 9711614830 9634091119 | RISHIKESH 9711614830 | KOTDWAR 9711614830 | VIKASH NAGAR 9711614830 | TEHRI 9711614830 | RUDRAPRAYAG 9711614830 | UTTARKASHI 9711614830 | CHAMOLI 9711614830 | CHAMBA 9711614830 | SRINAGAR 9711614830

DOON MIGHTY AUTOWHEELS PVT. LTD.
DEHRADUN 9719355666


MIGHTY MOTORS
HARIDWAR 9711615062 7055009890 | ROORKEE 9711615062 | BHAGWANPUR 9711615062

# प्राकृतिक खेती के क्लस्टरों की निगरानी होगी सख्त, लापरवाही पर होगी कार्रवाई: कृषि मंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार अब प्राकृतिक खेती मिशन की प्रगति पर सख्त निगरानी करेगी। मंगलवार को विधानभवन में हुई समीक्षा बैठक में ख्रषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्लस्टरों का नियमित निरीक्षण किया जाए और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। मंत्री ने कहा कि प्राख्रतिक खेती न केवल मिट्टी की उर्वरता और जल संरक्षण सुनिश्चित करती है, बल्कि जैविक उत्पादों को बाजार में बेहतर कीमत भी दिलाती है।

उन्होंने किसानों से अपील की कि वे प्रशिक्षण और संसाधन केंद्रों का लाभ उठाकर अपने खेतों में इन तकनीकों को अपनाएं। राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने बैठक में कहा कि प्राकृतिक खेती किसानों की आय बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण का सशक्त माध्यम है, इसलिए इसे मिशन मोड में आगे बढ़ाया जाना चाहिए।



बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के 75 जिलों और 318 विकासखंडों में 1886 क्लस्टर गठित किए जा चुके हैं। अब तक 2.20 लाख किसान प्रशिक्षित किए गए हैं, 3772 कृषि सखी/सीआरपी तैयार किए गए हैं और 82 हजार से अधिक मृदा नमूने लिए गए हैं। इसके अलावा 38 स्थानीय प्राकृतिक खेती संस्थानों के जरिए 38 मॉडल फार्म विकसित किए गए हैं। प्राकृतिक खेती मिशन की समीक्षा के बाद कृषि विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की निर्माण परियोजनाओं पर भी चर्चा हुई। इसमें टीश्यू कल्चर लैब, ऑर्गेनिक लैब, इनक्यूबेशन सेंटर और ऑडिटोरियम जैसी परियोजनाओं की प्रगति पर रिपोर्ट पेश की गई।

कृषि मंत्री ने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय केवल इमारतें खड़ी करने तक सीमित न रहें, बल्कि रिसर्च आधारित प्रोजेक्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि हर विश्वविद्यालय को अपना विजन डॉक्यूमेंट तैयार करना होगा, जिसमें किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने वाली शोध दिशा तय हो। राज्य मंत्री औलख ने भी कुलपतियों और अधिकारियों से कहा कि शोध योजनाएं व्यवहारिक हों और उनके परिणाम किसानों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने तथा लागत घटाने में मददगार साबित हों। बैठक में प्रमुख सचिव ख्रषि रविंद्र, सचिव इन्द्र विक्रम सिंह, विशेष सचिव टी.के. शीबू, निदेशक ख्रषि पंकज त्रिपाठी समेत विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति उपस्थित रहे।

## बिजली संकट पर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

सीतापुर। मंगलवार को अधिवक्ता बार एसोसिएशन सीता. पुर के अध्यक्ष विजय अवस्थी के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ता बिजली व्यवस्था को लेकर आक्रोशित हो गए। कचहरी परिसर में एकत्र होकर उन्होंने जिलाधिक. ारी कार्यालय तक पैदल मार्च निक. ाला और बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने कहा कि लगातार घंटों की बिजली कटौती से आम जनता ही नहीं, अधिवक्ता वर्ग भी त्रस्त है। कचहरी में पेशियों के दौरान फाइलों का कार्य भीषण गर्मी में जनरेटर पर निर्भर होकर करना पड़ता है। प्रदर्शनकारियों ने हबिजली विभाग मुर्दाबाद, 'बिजली कटौती बंद करो', 'जनता की समस्या का समाधान करो' जैस ेनारे लगाए।

# लखनऊ में अग्निसचेतक प्रशिक्षण की शुरुआत

## 90 हजार से अधिक युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ से प्रदेश में एक नई पहल की शुरुआत हुई है, जिसके तहत नब्बे हजार से अधिक चयनित युवाओं को आधुनिक अग्निशमन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन अपर पुलिस महानिद. ेशक पद्मजा चौहान के निर्देशन में शुरू हुआ है, जिसका उद्देश्य युवाओं को आग बुझाने के पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़ाकर अत्याधुनिक तकनीकों से लैस करना है।

राज्य सरकार ने इसे एक बड़े अभियान का हिस्सा बनाया है, जिसके अंतर्गत दो लाख युवाओं को फायर सेफ्टी अधिकारी या अग्नि सुरक्षा कर्मी के रूप में तैयार कर रोजगार से जोड़े जाने का लक्ष्य है। युवाओं को एक से चार सप्ताह तक का विशेष प्रशिक्षण देकर प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें शॉपिंग मॉल, अस्पताल, विद्यालय, ऊंची इमारतों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अनिवार्य रूप से नियुक्त किया जा सकेगा। यह व्यवस्था उत्तर प्रदेश को देश का पहला राज्य बना रही है, जहां निजी भवनों में भी प्रशिक्षित अग्निशामक कर्मियों की नियुक्ति कानूनी रूप से सुनिश्चित की जा रही है। अत्यधिक व्यावसायिक संस्थानों, बहुमंजिला इमारतों और शहरीकरण की तीव्र रफ्तार को देखते हुए इस समय सबसे बड़ी आवश्यकता यही है कि आगजनी की स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित मानवबल तैयार हो। इस अभियान से जहां युवाओं के लिए रोजगार का मार्ग प्रशस्त होगा, वहीं नागरिक जीवन को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक ठोस कदम भी उठेगा। इस प्रकार यह प्रशिक्षण केवल रोजगार का अवसर नहीं, बल्कि समाज और व्यापारिक तंत्र को सुरक्षित भविष्य की गारंटी देने वाला प्रयास है।

# बैराजों से छोड़ा गया पानी बढ़ा रहा मुसीबत

शाह टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिले की लहरपुर तहसील क्षेत्र से शारदा और घाघरा नदियां गुजरती हैं।

तंबौर इलाके में शारदा नदी का घाघरा नदी में विलय होता है, जिसके बाद घाघरा नदी आगे बढ़ते हुए लहरपुर, बिसवां और महमूदाबाद तहसीलों के सैकड़ों गांवों को प्रभावित करती है। इस समय दोनों नदियां उफान पर हैं और कई स्थानों पर कटान भी कर रही हैं।

मंगलवार को शारदा बैराज से एक लाख बहत्तर हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया, जबकि गिरजा बैराज और कैलाशपुरी बैराज से एक लाख पचपन हजार क्यूसेक पानी घाघरा नदी में छोड़ा गया। कुल मिलाकर तीन लाख सत्ताईस हजार क्यूसेक से अधिक पानी सीतापुर की ओर बढ़ रहा है। यह पानी जब जिले में पहुंचेगा तो बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मुसीबत और बढ़ाएगा।



# राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस मुख्यालय में चिकित्सा और रक्तदान शिविर

## सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं पर कांग्रेस का हमला

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की इक्यासीवीं जयंती (सद्भावना दिवस) पर राजधानी लखनऊ स्थित कांग्रेस मुख्यालय में चिकित्सा शिविर और रक्तदान शिविर आयोजित करने की घोषणा की है।

इस अवसर पर कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ. जियाराम वर्मा और नवनियुक्त प्रदेश कोऑर्डिनेटर डॉ. आजाद बेग ने मंगलवार को कांग्रेस मुख्यालय में संयुक्त प्रेसवार्ता कर कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

डॉ. जियाराम वर्मा ने बताया कि बुधवार को होने वाले इस शिविर में बीस से पच्चीस विशेषज्ञ चिकित्सक गरीबों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं और बच्चों को निरूशुल्क परामर्श देंगे और दवाइयां भी उपलब्ध कराएंगे। इसमें एलोपैथी, आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी सभी प)तियों की दवाएं दी जाएंगी। साथ ही पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता रक्तदान कर जरूरतमंदों के लिए जीवनदायी सहयोग भी देंगे। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए डॉ. आजाद बेग ने कहा कि राजीव गांधी की जयंती पर लखनऊ से शुरुआत होगी और आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर चिकित्सा शिविरों का आयोजन सुनिश्चित कराया जाएगा। कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी से मंत्री और विधायक तक जान गंवा बैठे थे, जबकि असंख्य आम नागरिकों की मौतें चिकित्सा अव्यवस्थाओं के कारण हुईं। हाल ही में बिजनौर जिला अस्पताल में डायलिसिस के दौरान बिजली गुल होने और जनरेटर में डीजल न होने से एक मरीज की मौत इसका ताजा उदाहरण है। डॉ. बेग ने आरोप लगाया कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं खोखले वादों तक सीमित हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ दूर.दराज गांवों और बस्तियों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए लगातार स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेगा।

साथ ही चिकित्सकों के हितों की रक्षा के लिए सुरक्षित कार्यस्थल, उचित वेतन और प्रशिक्षण की मांग उठाएगा। उन्होंने कहा कि मरीजों के हित सर्वोपरि हैं और कांग्रेस का चिकित्सा प्रकोष्ठ सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित कराने के लिए संघर्ष करेगा। उन्होंने बताया कि चिकित्सा प्रकोष्ठ का पुनर्गठन और संगठनात्मक ढांचा स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगा। जरूरत पड़ने पर सरकार से संवाद के साथ.साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता में जागरूकता के लिए चिकित्सा शिक्षा, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और जनजागरूकता अभियानों को भी लगातार चलाया जाएगा। प्रेसवार्ता में कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी और प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सुधा मिश्रा भी मौजूद रहीं।

## नाबालिग से दुष्कर्म पर आजीवन कारावास

शाह टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अंदौली निवासी अनुराग उर्फ वर्दी उर्फ अनुज पुत्र भगवानदीन को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अदालत ने दोषी करार दिया है। वर्ष 2020 में दर्ज इस मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पाक्सो एक्ट कोर्ट संख्या 14 में हुई। सबूत और गवाहों को परखने तथा दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और एक लाख रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया।

# अतीक अहमद के करीबी का अवैध कब्जा ध्वस्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के करेली क्षेत्र में सोमवार को देर शाम जिला प्रशासन ने भू.माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि लंबे समय से सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत मिल रही थी। जांच की गई तो यह जमीन ग्राम समाज के खाते में दर्ज मिली। जिस पर अतीक अहमद का करीबी और उसके साथियों ने बाउंड्री वाल बना कर कब्जा कर लिया था। प्रशासन ने मौके पर बुलडोजर चलवाकर कब्जा ध्वस्त कर जमीन को मुक्त करा लिया। सूत्रों के मुताबिक, करेंधा गांव में कुल 17 बीघा सरक. ारी भूमि थी जिस पर माफिया अतीक अहमद के करीबियों ने कब्जे में ले रखा था।

इसी क्रम में कल देर शाम अवैध कब्जा हटाते हुए जमीन को मुक्त कराया गया। ग्रामीणों ने लगातार इसकी शिकायत प्रशासन से की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सदर अभिषेक सिंह ने तहसीलदार, राजस्व विभाग और पुलिस बल के साथ मौके का निरीक्षण किया। दस्तावेज़ों की जांच और मौके पर कब्जे की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। एसडीएम अभिषेक सिंह ने स्पष्ट किया कि भू. माफियाओं को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। सरकारी या ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि यह कदम जिले में चल रहे भू.माफिया मुक्त अभियान का हिस्सा है और आगे भी इस तरह के अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# बस परिचालक की गुंडई, मान्यता प्राप्त पत्रकार का अपमान, प्रेस की गरिमा पर हमला

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में परिवहन निगम बस परिचालक की दबंगई ने लोकतंत्र की आत्मा को झकझोर दिया।

मान्यता प्राप्त पत्रकार दिलीप मिश्रा के साथ परिचालक ने न केवल अभद्रता की बल्कि सूचना विभाग द्वारा जारी वैध प्रेस मान्यता पत्र को ठुकराते हुए सार्वजनिक रूप से पत्रकार को अपमानित करने का दुस्साहस किया। इस घटना ने पत्रकारिता की स्वतंत्रता और प्रेस की गरिमा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बस संख्या यूद्गपीद्द 34 टी 9163 का है। जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार दिलीप मिश्रा आवश्यक कार्य से लखनऊ आ रहे थे। परिचालक ने उनके मान्यता पत्र को मानने से इंकार कर दिया और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उन्हें धक्का देकर बस से उतारने का प्रयास किया। अपनी इज्जत बचाते हुए पत्रकार को सड़सठ रुपए का टिकट खरीदकर यात्रा पूरी करनी पड़ी। यह व्यवहार न केवल व्यक्तिगत सम्मान का अपमान था बल्कि सूचना विभाग की मान्यता प्रणाली की धज्जियां उड़ाने जैसा था। पत्रकार ने इस आचरण को भारतीय दंड संहिता की धारा 504 (जानबूझकर अपमान), धारा 506 (आपराधिक धमकी) और धारा 352 (मारपीट व आपराधिक बल प्रयोग) के अंतर्गत दंडनीय अपराध बताया है। उन्होंने निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश को विधिक नोटिस भेजते हुए संबंधित परिचालक के विरु) कठोर विभागीय व दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि पंद्रह दिनों के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो यह मुद्दा न्यायालय, प्रेस परिषद, प्रेस क्लब और मीडिया मंचों तक उठाया जाएगा। इस प्रकरण की प्रतिलिपि जिलाधिकारी लखनऊ, जिलाधिक. ारी सीतापुर, जिला सूचना अधिक. ारी तथा परिवहन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को भी भेजी गई है। ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन (भारत) के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष वीरेश टरार ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह नौकरशाही की निरंकुशता का उदाहरण है। सरकारी कर्मचारियों का अहंकार इस स्तर तक बढ़ गया है कि वे न तो जनप्रतिनिधियों की परवाह करते हैं।

# आधुनिक तकनीक से गड़बड़ियों पर लगेगी लगाम, लाभार्थियों तक सीधे पहुंचेगा फायदा

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। योगी सरकार समाज कल्याण योजनाओं को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सहारा लेने जा रही है।

समाज कल्याण विभाग वृद्धावस्था पेंशन, पारिवारिक लाभ, छात्रवृत्ति और सामूहिक विवाह जैसी योजनाओं की निगरानी को तकनीकी पहरे में लाने की तैयारी में है। इस पहल से गड़बड़ियों और अनियमितताओं पर अंकुश लगेगा और लाभार्थियों तक समयबद्ध ढंग से योजनाओं का फायदा पहुंचेगा। पिछले दिनों समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण की मौजूदगी में ष्समाज कल्याण की योजनाओं में एआई का उपयोगष विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। विभाग का मानना है कि एआई. आधारित निगरानी तंत्र से डाटा सत्यापन और लाभार्थियों की पहचान सटीक रूप से की जा सकेगी। इससे फर्जी आवेदनों पर रोक लगेगी और वास्तविक पात्रों को बिना देरी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

सरकार पहले ही छात्रवृत्ति, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ और वृद्धा पेंशन जैसी योजनाओं को ऑनलाइन निगरानी से जोड़ चुकी है। छात्रवृत्ति योजना में विद्यार्थियों को अब बार.बार पंजीकरण की जटिल प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा, क्योंकि वन टाइम रजिस्ट्रेशन नंबर की व्यवस्था लागू कर दी गई है। एआई तकनीक इस प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाएगी। डेटा विश्लेषण और स्वत: सत्यापन प्रणाली के जरिए फर्जी आवेदन तुरंत चिन्हित होंगे और लाभ पात्रों तक निर्बाध पहुंचेगा। सरकार का मानना है कि एआई के उपयोग से प्रशासनिक प्रक्रियाएं पेपरलेस होंगी और कार्यप्रणाली में तेजी आएगी। कागजी कार्रवाई कम होने से योजनाओं के संचालन में न केवल दक्षता बढ़ेगी बल्कि जनता का भरोसा भी मजबूत होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई बार कहा है कि सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

# प्रोफेसर निशीथ राय के निधन पर अखिलेश ने जताया दुख

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं लखनऊ विश्वविद्यालय में प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग के अध्यक्ष रहे प्रोफेसर डॉ. निशीथ राय के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रोफेसर निशीथ राय और उनका परिवार सदैव समाजवादी विच. ारधारा से जुड़ा रहा है।

उनके निधन से शिक्षा जगत के साथ ही समाजवादी परिवार को भी अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।



# लम्पी रोग से गोवंश की सुरक्षा के लिए विशेष अभियान

## मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लम्पी रोग के संक्रमण से गोवंश को बचाने के लिए सरकार ने सघन अभियान शुरू कर दिया है।

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने विभागीय अधिका. रियों को निर्देशित किया है कि प्रदेश की सभी गोशालाओं का नियमित निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं और किसी भी स्थिति में गोवंश की हानि न होने पाए। मंत्री ने कहा कि एफएमडी और एलएसडी से पशुधन की सुरक्षा के लिए पर्याप्त टीकाकरण कराया जाए तथा जिन जिलों में लम्पी संक्रमण की सूचना प्राप्त हुई है, वहां दस किलोमीटर चौड़ी बेल्ट बनाकर वैक्सीनेशन कार्य अभियान के रूप में चलाया जाए। महराजग. ंज, सोनभद्र, कुशीनगर, भदोही, बलिया, गाजीपुर, चंदौली और वाराणसी जैसे जिलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। संक्रमण प्रभावित क्षेत्रों की सीमाओं को सील करके गोवंश के आवागमन पर रोक लगाने पर भी जोर दिया गया है। पशुपालन निद. ेशालय में स्थापित कंट्रोल रूम के टोल फी नंबर 1800.1805.141 पर आने वाली शिकायतों पर तुरंत कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। धर्मपाल सिंह ने स्पष्ट किया कि टीकाकरण और उपचार कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जनपदों को पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध कराई जा रही है और गोआश्रय स्थलों पर स्वच्छता, सैनेटाइजेशन तथा चारा, भूसा, पानी और औषधि की व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएं। बैठक में विभागीय प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष ने बताया कि प्रभावित जिलों को वैक्सीन उपलब्ध कराई जा रही है और लगातार निगरानी की जा रही है।

# राजस्व वसूली और विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। कर एवं करेत्तर राजस्व प्राप्तियों तथा जुलाई 2025 तक की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली को प्राथमिकता देने और किसी भी प्रकार की लाप. रवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने लक्ष्य प्राप्त न करने वाले विभागीय अधिकारियों को प्रभावी कार्यवाही करने को कहा।

बैठक में वाणिज्यकर, आबकारी, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, परिवहन, विद्युत देय, वन विभाग आदि की समीक्षा की गई। जिलाधिक. ारी ने विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और आरसी वसूली में सुधार पर जोर दिया। लंबित वादों के गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण के भी निर्देश दिए। उन्होंने जन शिकायतों के समाधान में शिकायतकर्ता से फीडबैक लेने और उसे निस्तारण की सूचना देने की अनिवार्यता बताई। एमओयू की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश उपायुक्त उद्योग को दिए। खाद्य सुरक्षा विभाग को बर्ड फ्लू नियंत्रण हेतु व्यापक स्तर पर सैंपलिंग कराने और अधोमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के आदेश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी सहित सभी उपजिलाधिकारी, तहस. ीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




# अयोध्या में उर्वरक की किल्लत

शाह टाइम्स ब्यूरो

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के यूरिया एवं डीएपी खाद के लिए अयोध्या के किसान परेशान है। जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासनिक अमला भी किसानों के सामायिक दर्द को नहीं कम कर पा रहा है।

आज सुबह से ही मिल्कीपुर तहसील के कुरावन सहकारी समिति पर किसान यूरिया खाद लेने के लिए पंक्तिब( खड़े हो, धीरे धीरे समय बीतने लगा, किसान अपना विरोध दर्ज कराने लगे, खाद वितरण में सहकारी समिति के कर्मचारियों के सहयोग के लिए तैनात खंडासा पुलिस ने लाठी लेकर किसानों को दौड़ा लिया और विरोध दर्ज कराने पर लाठियां भांजनी शुरू कर दिए जिससे कई किसान जमीन पर गिर पड़े।

बिना खाद लिए किसानों को वापस लौटना पड़ा, सहकारी समिति कर्मचारियों पर यह भी आरोप लगा कि वे अपने चहेतों को यूरिया चुपके चुपके दे रहे हैं। धान की रोपाई के बाद इस समय किसानों को फसल में डालने के यूरिया खाद चाहिए जो समय से नहीं मिल पा रही है।

काफी दौड़ धूप के बाद सोर्स सिफारिश लगा कर एकाध बोरी खाद मिल भी जा रही है, उससे कुछ होने वाला नहीं है। जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही पूर्व सैनिकों के एक कार्यक्रम में भाग लेने अयोध्या पहुंचे तो भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी और किसान अरलवद सिंह ने यूरिया खाद की अनुपलब्धता का मुद्दा उठाया।

मंत्री ने आश्वासन भी दिया लेकिन खाद की अनुपलब्धता यथावत है। तहसील सदर के कादीपुर निवासी किसान राम प्रीति वर्मा बताते हैं कि यूरिया खाद की किल्लत पिछले वर्षों में नहीं हुई, पता नहीं इस बार कैसे नहीं मिल पा रही है। उन्होंने बताया कि इस समय किसानों को फसल के लिए खाद की बहुत जरूरत है।

समय से खेतों में यूरिया खाद नहीं पड़ी तो फसल का उत्पादन कम हो जाएगा।

## वाराणसी में मां कूष्मांडा का श्रृंगार महोत्सव कल से

शाह टाइम्स ब्यूरो

वाराणसी। वाराणसी में माता कूष्मांडा देवी का सप्त दिवसीय श्रृंगार महोत्सव बुधवार से शुरू होकर 26 अगस्त तक चलेगा। इस आयोजन में संगीत के क्षेत्र के कई दिग्गज कलाकार अलग.अलग दिनों में अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम संयोजक पं. विश्वजीत दुबे ने बताया कि तीन दिन शास्त्रीय संगीत और तीन दिन लोक संगीत के आयोजन होंगे। अंतिम दिन भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पहले दिन पद्मभूषण पं. साजन मिश्रा और स्वरांश मिश्रा का गायन, प्रो. राजेश साह का सितार वादन, देवाशीष डे का गायन और कमला शंकर का गिटार वादन होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अटल बिहारी वाजपेयी छात्रवृत्ति को लेकर एमओयू

**लखनऊ।** गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग और यूके की एफसीडीओ (द फॉरेन कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट आफिस) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद थे। हाल ही में सम्पन्न हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य सरकार ने विदेश में पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में छात्रवृत्ति शुरू किए जाने को लेकर प्रस्ताव पास किया था। जिसके क्रम में आज यह एमओयू किया गया है। यह योजना शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से आरंभ होगी और प्रारंभिक तीन वर्षों के लिए लागू रहेगी।

### रेलवे में तय मानक से ज्यादा लगेज पर लगेगा भारी जुर्माना

**लखनऊ।** भारतीय रेलवे अब यात्रियों के लिए नया कदम उठाने जा रहा है। अधिकारियों की मानें तो हवाई यात्रा में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं की तरह ही अब रेल यात्रियों के लिए सख्त 'लगेज नियम' लागू करने जा रहा है। प्रस्तावित नियमों के अनुसार यात्रियों को प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनों से अपना सामान तौलना होगा और वजन सीमा का सख्ती से पालन करना होगा। सीमा से अधिक सामान या कम वजन के बावजूद बहुत भारी सामान ले जाने वालों पर अतिरिक्त शुल्क या जुर्माना लगाया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि परिधान, जूते, इलेक्ट्रॉनिक्स, यात्रा सामग्री आदि बेचने वाले इन आउटलेट्स से यात्रियों की सुविधा और रेलवे राजस्व दोनों में वृद्धि होने की उम्मीद है, साथ ही स्टेशनों को एक आधुनिक, हवाई अड्डे जैसा अनुभव मिलेगा।

# लावा बनकर फूटा 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों का आक्रोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ प्रदर्शनकारियों ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव कर प्रदर्शन किया

**लखनऊ।** एक दिन पूर्व प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह के आवास का घेराव किए जाने के बाद 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने मंगलवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव कर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में करते हुए प्रदर्शनकारियों को इको गार्डन भेज दिया। अभ्यर्थियों का कहना है कि 69000 शिक्षक भर्ती में व्यापक स्तर पर अनियमितता हुई है। इससे आरक्षित वर्ग के हजारों अभ्यर्थी नौकरी पाने से वंचित हो गए। अभ्यर्थियों का कहना है कि उनके पक्ष में इलाहाबाद उच्च न्यायालय से फैसला आने के बाद भी सरकार की लापरवाही के कारण उसका पालन नहीं हो सका और अब यह मामला उच्चतम न्यायालय में है। अभ्यर्थियों का कहना था कि उनकी मजबूत पैरवी की मांग के बावजूद सरकार सुप्रीम कोर्ट में भी पक्ष रखने से पीछे हट रही है। अभ्यर्थियों ने बताया कि कोर्ट में 20 से अधिक तारीख लगी, लेकिन सुनवाई नहभ हो सकी। धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा कि वर्ष 2018 में शुरू हुई भर्ती प्रक्रिया में व्यापक स्तर पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ अन्याय किया गया और उन्हें नौकरी देने से वंचित कर दिया गया। अभ्यर्थियों की याचिका पर 13 अगस्त 2024 को उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ की डबल बेंच ने आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के हित में फैसला सुनाया और नियमों का पालन करते हुए तीन महीने के अंदर अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने का आदेश दिया।

# यूपी में खाद की कालाबाजारी चरम पर किसान बेहाल: अखिलेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उप्र में खाद की कालाबाजारी और मुनाफाखोरी चरम पर है, जबकि किसानों को फसलों के लिए खाद नहीं मिल रही है।

यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि प्रदेश में खाद का भारी संकट है। जब से भाजपा सत्ता में आई है किसान यूरिया खाद से लेकर डीएपी खाद के लिए परेशान है। भ्रष्टाचार, लूट, बेईमानी चरम पर है। धान और अन्य फसलों के लिए पहले किसानों को डीएपी और यूरिया नहभ मिली, अब भी फसलों में छिड़काव के लिए यूरिया नहीं मिल पा रही है। खाद को लेकर किसान जगह-जगह धरना-प्रदर्शन करने पर मजबूर है। भाजपा सरकार किसानों के लिए बोझ बन गई है। उन्होंने कहा कि कई जिलों में सहकारी समितियों पर महीनों खाद की कमी की खबरें सामने आ रही है। खाद के लिए किसान लाइनों में लग रहे हैं, उन्हें खाद के बजाय लाठियां मिल रही है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार किसानों को खाद, बीज, पानी की सुविधा देने में पूरी तरह फेल हो चुकी है। लखनऊ, अयोध्या, सुल्तानपुर, श्रावस्ती, सोनभद्र सहित तमाम जिलों में किसान अभी भी खाद के लिए भटक रहे है। प्रदर्शन कर रहे है। खाद के लिए घंटों लम्बी-लम्बी लाइनों में लग रहे है, लेकिन किसानों को खाद नहीं मिल रही है।

# कानून का लंबा अनुभव है सदुर्शन को

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कानून के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के बल पर उच्चतम न्यायालय तक पहुंचे

इंडिया गठबंधन की ओर से घोषित उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पूर्व न्यायाधीश बालकृष्ण सुदर्शन रेड्डी का संबंध तेलंगाना के एक किसान परिवार से है और वह कानून के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के बल पर उच्चतम न्यायालय तक पहुंचे।

रेड्डी का जन्म आठ जुलाई 1946 को तत्कालीन आंध्र प्रदेश (अब तेलंगाना) के रंगारेड्डी जिले में हुआ। उस्मानिया विश्व. विद्यालय में विधि के छात्र रहे रेड्डी ने 27 दिसंबर, 1971 को आंध्र प्रदेश बार काउंसिल में अधिवक्ता के रूप में अपना पंजीकरण कराया। उन्होंने हैदराबाद में बने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में रिट और दीवानी मामलों की प्रैक्टिस की। रेड्डी ने 1988-90 के दौरान उच्च न्यायालय में सरकारी वकील के रूप में भी काम किया। उन्होंने सन 1990 में छह महीने के लिए केंद्र सरकार के अतिरिक्त स्थाई अधिवक्ता के रूप में भी काम किया। वह उस्मानिया विश्वविद्यालय के लिए कानूनी सलाहकार और स्थाई वकील भी रहे। उन्हें दो मई, 1995 को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किया गया। वह पांच दिसंबर 2005 को गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त हुए। वर्ष 2007 से 2011 तक उन्होंने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में अपनी सेवायें दी और आठ जुलाई, 2011 को सेवानिवृत्त हुए। गौरतलब है कि उप राष्ट्रपति पद के चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है और मतदान नौ सितंबर को कराया जाएगा। मतगणना उसी दिन कराई जाएगी।

## लखनऊ में साइबर विशेषज्ञों ने सेमिनार में मंथन किया

# साइबर अपराध रोकने में मदद करेगा एआई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ डार्क वेब के जरिए होने वाली अवैध गतिविधियों व क्रिप्टोकरेंसी के अनियंत्रित उपयोग पर चर्चा की

**लखनऊ।** विशेषज्ञों का मानना है कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) आने वाले समय में साइबर अपराधों को रो. कने में मददगार साबित होगा।

उप्र इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज की ओर से तीन दिवसीय सेमिनार के दूसरे दिन साइबर विशेषज्ञों द्वारा साइबर अपराध को रोकने के लिए मंथन किया। इस दौरान डार्क वेब के जरिए होने वाली अवैध गति. विधियों और क्रिप्टोकरेंसी के अनियंत्रित उपयोग पर चर्चा की गई। इसका इस्तेमाल कर साइबर अपराधी लोगों को अपने जाल में फंसाकर उन्हें अपना का शिकार बना रहे हैं। सेमिनार में विशेषज्ञों ने साइबर अपराध, क्रिप्टोकरेंसी और नए तकनीकी खतरों पर चर्चा की। सेमिनार का संचालन कर्नल नीतीश भटनागर ने किया। सेमिनार में बताया गया कि किस तरह क्रिप्टोकरेंसी, जो पहले एक तकनीकी नवाचार था, अब डार्क वेब पर अवैध गतिविधियों का अहम हिस्सा बन चुका है। पैनेलिस्ट आमिर ने डार्क वेब पर होने वाले अपराधों को लेकर चिंताएं जताई। डार्क वेब पर लोग न केवल हैक किए गए डेटा बेचते हैं, बल्कि मानव तस्करी और ड्रग ट्रैफिकिंग जैसे अपराध को भी अंजाम दे रहे हैं। भारत का नया डिजिटल डाटा संरक्षण कानून इन अपराधों पर लगाम लगाने में अहम भूमिका निभाएगा। पैनेलिस्ट विष्णु नारायण शर्मा ने बताया कि डार्क वेब पर अपराधों का पता लगाना बेहद मुश्किल है, क्योंकि यह पूरी तरह से गुमनाम और विकेंद्रीकृत है। हालांकि कुछ हाईटेक टेक्नोलॉजी मदद से अपराधियों का पता लगाने में सफलता मिल सकती है। साइबर सेल के डीआईजी पवन कुमार ने बताया कि देश में कानून प्रवर्तन संस्थाएं साइबर अपराध के खिलाफ प्रभावी रूप से काम नहीं कर पा रही हैं।

### न्यायिक मामलों में डिजिटल साक्ष्य की भूमिका अहम: विशेषज्ञ

**लखनऊ।** विधि विशेषज्ञों का मानना है कि न्यायिक मामलों में डिजिटल साक्ष्य की भूमिका बहुत अहम होती है। यह भूमिका तब और बढ़ जाती है, जब डिजिटल साक्ष्य के आलावा कोई विटनेस नहभ होता है। यूपीएसआईएफएस के डिजिटल साक्ष्य का न्यायिक मामलों में महत्व विषय पर आयोजित सेमिनार में सेवानिवृत्त जस्टिस तलवंत सिंह ने मंगलवार को कहा कि 26/11 मुंबई हमले के आरोपी कसाब के मामले में इंटरनेट ट्रांस्क्रिप्ट्स का उपयोग दोषसिद्धि में काफी महत्वपूर्ण था। वर्तमान डिजिटल साक्ष्य न केवल न्यायिक मामलों में महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं, बल्कि न्यायिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और दक्षता को भी सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में न्यायिक सुधारों को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश में न्यायपालिका को तकनीकी दृष्टिकोण से मजबूत किया जा रहा है और डिजिटल साक्ष्य को मान्यता देने के लिए प्रदेश में आवश्यक ढांचा तैयार किया किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश के न्यायालयों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और गति लाने के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग सुविधाओं का विस्तार किया।

# तमिलनाडु सरकार खर्च नहीं कर रही पीएम आवास योजना की राशि



**नई दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लोकसभा में तमिलनाडु सरकार पर प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि खर्च नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह गरीबों के साथ धोखा है।

चौहान ने एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि केंद्र से 608 करोड़ रुपए मिलने के बावजूद तमिलनाडु सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को आवास उपलब्ध नहीं करा पा रही है। आवास नहीं मिलने से गरीब लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि बजट में आवंटन के बावजूद दो लाख 15 हज़ार घरों का निर्माण नहीं किया गया है। राज्य सरकार ने 2024 में उचित घरों की ज़रूरत वाले लोगों की पहचान के लिए आवश्यक सर्वेक्षण नहीं कराया। आंध्र प्रदेश से तेलुगू देशम पार्टी सांसद लवू कृष्ण देवरायलु द्वारा तमिलनाडु में प्रधानमंत्री आवास योजना पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए चौहान ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने तमिलनाडु में गरीब लोगों के लिए घर बनाने के लिए बजट आवंटित किया है। यह अन्याय की पराकाष्ठा है कि एक साल से भी ज्यादा समय से दो लाख 15 हज़ार से ज्यादा लोगों को घर नहीं दिए गए हैं।



सेंसेक्स 80597.66
निफ्टी 24631.30



सोना रु. 99971
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 115100
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार तेजी जारी

**मुंबई, वार्ता**



नए सुधारों की उम्मीद में घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचक. ांक करीब चार सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 370.64 अंक (0.46 प्रतिशत) की बढ़त में 81,644.39 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 103.70 अंक यानी 0.42 प्रतिशत चढ़कर 24,980.65 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 14 जुलाई के बाद का उच्चतम स्तर है। लाल किले से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नई पीढ़ी के सुधारों के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की। इस बैठक के बाद आज सुबह से ही प्रमुख सूचक. ांकों में तेजी रही। एशियाई बाजारों में गिरावट के दबाव में मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली रही, लेकिन बाद में यूरोपीय बाजारों से सकारात्मक संकेत मिलने के बाद निवेशकों ने उन पर विश्वास दिखाया। सेंसेक्स 45.36 अंक की बढ़त में 81,319.11 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में रहा। इसका दिन का निचला स्तर 81,315.44 अंक और उच्चतम स्तर 81,755.88 अंक रहा। सेंसेक्स की 30 में 19 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही, जबकि शेष 11 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 3.50 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स का 3.16, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.82 और इटरनल का 2.15 प्रतिशत चढ़ा। टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर और मारुति सुजुकी के शेयर एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, आईटीसी, इंफोसिस, एसबीआई में भी तेजी रही। बजाज फिनसर्व का शेयर 1.09 प्रतिशत लुढ़क गया। पावरग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजी, बीईएल और एचडीएफसी बैंक में भी गिरावट रही। निफ्टी-50 सूचकांक भी 14.40 अंक मजबूत होकर 24,891. 35 अंक पर खुला। यह नीचे 24,873. 95 अंक और ऊपर 25,012.65 अंक तक गया, हालांकि 25 हजार से ऊपर टिक नहभ सका। ज्यादा शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 सूचकांक में 0. 47 प्रतिशत की तेजी रही। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों का विश्वास बनने से निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 1.01 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.70 फीसदी की तेजी रही।

## सोना 455 गिरकर 99,168 प्रति 10 ग्राम पर आया, चांदी 1.14 लाख किलो बिकी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 19 अगस्त को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोना का दाम 455 रुपए गिरकर 99,168 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,623 रुपए पर था। वहीं 8 अगस्त को सोने ने 1,01,406 रुपए वहीं चांदी की कीमत आज 425 रुपए कम होकर 1,13,625 रुपए प्रति किलो हो गई है।

इससे पहले चांदी 1,14,050 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को चांदी ने 1,15,850 रुपए का आल टाइम हाई बनाया था। भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत दिल्ली 24 कैरेट सोने की कीमत 1,009,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,500। मुंबई- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,350। कोलकाता- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,350। चेन्नई- 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,350। भोपालरू 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,800 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,400 सोना इस साल अब तक 23,006 महंगा हुआ।

# एयर इंडिया का हरित विमान ईंधन के लिए इंडियन ऑयल से करार

**नई दिल्ली, वार्ता**

टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने हरित विमान ईंधन (एसएएफ) की आपूर्ति के लिए मंगलवार को देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

एयरलाइंस ने इसे ष्भारतीय विमानन के हरित भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम बताते हुए कहा कि इस एमओयू के तहत एयर इंडिया और आईओसीएल ने विमानन क्षेत्र में कम कार्बन वाले ईंधन को बढ़ावा देने, वैश्विक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन कम करने के लक्ष्यों का समर्थन करने और अधिक टिकाऊ हवाई परिवहन संचालन की दिशा में योगदान देने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया है। वर्ष 2050 तक नेट जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने की अपनी व्यापक रणनीति के हिस्से के रूप में एयर इंडिया परिचालन दक्षता, कम कार्बन उत्सर्जन और अब एसएएफ में सक्रिय रूप से पहल कर रही है। यह करार कंपनी के हरित विमानन पोर्टफोलियो के विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है। इंडियन ऑयल के कार्यकारी निदेशक (विमानन) शैलेश धर और एयर इंडिया के समूह प्रमुख (जीआरसी एवं कॉर्पोरेट मामले) पी. बाला. जी ने इंडियन ऑयल के अध्यक्ष एएस साहनी और एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैंपबेल विल्सन तथा अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। साहनी ने कहा कि एयर इंडिया के साथ इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हरित विमानन की ओर देश के संक्रमण की दिशा में एक रणनीतिक कदम है।

# हंगामे के बीच ही पारित कराया गया आईआईएम विधेयक

■ लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया वापस लेने और वोट चोरी के मुद्दे पर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने तीन बार के स्थगन के बाद चार बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्षी दलों के सदस्य पहले की तरह हंगामा करते हुए सदन के बीचोंबीच आ गए और नारेबाजी करने लगे। हंगामे के बीच ही शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) विधेयक पारित किए जाने संबंधी प्रस्ताव रखा, जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। पीठासीन अधिकारी सैकिया ने हंगामा कर रहे सदस्यों से कहा कि वे शोरगुल करके कार्यवाही बाधित न करें, अपने-अपने स्थानों पर जायें। उनकी अपील का सदस्यों पर कोई असर नहीं पड़ा और वे नारे लगाते हुए शोरगुल करते रहे। इस पर पीठासीन अधिकारी ने कहा कि सदस्य सदन की कार्यवाही चलने देना नहीं चाहते और उन्होंने कार्यवाही बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले पीठासीन अधिकारी कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की, विपक्षी दलों के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। सदस्य हाथों में तख्तियां लेकर और नारे लगाते हुए सदन के बीच. ोंबीच आ गए, लेकिन पीठासीन अधिकारी ने हंगामे के बीच ही सदन को चलाने का प्रयास किया।

उन्होंने 'अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले 'अंतरिक्ष यात्री- 2047' तक विकसित भारत के संकल्प लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका पर सोमवार को शुरू हुई विशेष चर्चा को आगे बढ़ाते हुए भाजपा के निशिकांत दुबे का नाम लिया। दुबे ने हंगामे के बीच चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस को निशाने पर लिया और कहा कि उसने कभी वैज्ञानिकों का सम्मान नहभ किया, इसलिए कांग्रेस चर्चा से भाग रही है और इस विषय पर चर्चा नहीं चाहती है। पीठासीन अधिकारी ने दुबे से चर्चा रोकने का आग्रह किया और हंगामा कर रहे विपक्षी दलों के सदस्यों से शांत रहने की अपील की, लेकिन किसी उनकी नहीं सुनी, तो उन्होंने सदन की कार्यवाही शाम चार बजे तक स्थगित कर दी।













**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करें। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# जल संरक्षण की ऐतिहासिक पहल, गैरसैंण से शुरू हुआ भूजल पुनर्भरण का नया अध्याय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** उत्तराखण्ड में जल संकट की चुनौती से निपटने के लिए आज एक ऐतिहासिक पहल का आगाज हुआ। विधानसभा भवन, भराड़ीसैंण में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी एवं विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने स्वामी राम विश्व. विद्यालय, जौलीग्रांट के सहयोग से "डायरेक्ट इंजेक्शन जल स्रोत पुनर्भरण योजना" का शुभारंभ किया।



इस अवसर पर वाइब्रेंट बर्ड ऑफ कोटद्वार के नाम से फोटो संग्रह का विमोचन भी किया गया।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा राज्य सरकार तकनीकी नवाचारों को अपनाकर राज्य के जल संकट को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह जल संरक्षण के क्षेत्र में अच्छा प्रयास है।

विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने कहा कि जल संरक्षण केवल पर्यावरणीय आवश्यकता नहीं, बल्कि उत्तराखण्ड की भविष्य की जीवन. रेखा है। उन्होंने कहा कि "भूजल पुनर्भरण भविष्य की जल सुरक्षा का आधार बनेगा। यह योजना उत्तराखण्ड में सतत जल प्रबंधन और जल संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।"

कार्यक्रम के दौरान जानकारी दी गई कि इस परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 8 जुलाई 2025 को अंतर्राष्ट्रीय संसदीय अध्ययन, शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, भराड़ीसैंण और स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के बीच एक डवन्‍ हुआ था। डायरेक्ट इंजेक्शन जल स्रोत पुनर्भरण योजना के अंतर्गत उपचारित वर्षा जल को निष्क्रिय हैंडपंपों में इंजेक्ट कर भूजल स्तर को बढ़ाया जाएगा। इस तकनीक को स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय, जौलीग्रांट के विशेषज्ञों द्वारा विकसित किया गया है। योजना के पहले चरण में ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण और चौखुटिया विकासखंडों के 20 चयनित हैंडपंपों को पुनर्भरण कर पुनः क्रियाशील बनाया जाएगा। यह प्रयास उत्तराखण्ड में जल प्रबंधन के लिए एक स्थायी समाधान की दिशा में मील का पत्थर माना जा रहा है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की तकनीकी टीमख्प्रोफेसर एच.पी. उनियाल, नितेश कौशिक, सुजीत थपलियाल, राजकुमार वर्मा, अतुल उनियाल, अभिषेक उनियाल और शक्ति भट्ट ने योजना की तकनीकी प्रक्रिया पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार यह तकनीक वर्षा जल को फिल्टर और ट्रीट कर सीधे भूजल भंडार तक पहुंचाती है, जिससे सूखे हैंडपंप फिर से जीवंत हो जाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई एक डॉक्यूमेंट्री भी प्रदर्शित की गई, जिसमें गैरसैंण क्षेत्र के गांवों में लागू की गई तकनीक और उसके परिणामों को दिखाया गया।

इस अवसर पर वन मंत्री श्री सुबोध उनियाल, कृषि मंत्री श्री गणेश जोशी, विधायकगण, विभिन्न विभागों के सचिव एवं विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी सहित स्वामी राम विश्वविद्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे।

# खिर्सू ब्लॉक में माध्यमिक स्कूलों के शिक्षक चौक डाउन हडताल पर

**25 को ब्लॉक मुख्यालय में धरना देंगे राजकीय शिक्षक संघ के पदाधिकारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड खिर्सू के माध्यमिक स्कूलों में शिक्षकों कि चौक डाउन हडताल मंगलवार को जारी रहीं। राजकीय शिक्षक संघ कि शत प्रतिशत पदोन्नति, शिक्षकों का स्नातारण कि मांग को लेकर राजकीय शिक्षक संघ के आह्वान पर माध्यमिक स्कूलों में शिक्षकों कि चौक डाउन हड़ताल मंगलवार को जारी रही। जिसके चलते स्कूलों में शिक्षण कार्य पूरी तरह से चौपट रहा। राजकीय शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अब्बल सिंह पुण्डीर ने बताया कि राजकीय शिक्षक संघ कि शत प्रतिशत पदोन्नति, शिक्षकों का स्नातारण को लेकर खिर्सू ब्लॉक के समस्त माध्यमिक स्कूलों में चौक डाउन हड़ताल जारी रही।

बताया कि मंगलवार को इस बाबत को लेकर उन्होने खिर्सू पहुंचकर खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया। बताया कि विद्यालयों में 24 अगस्त तक चौकडाउन हड़ताल जारी रहेंगी। जबकि 25 अगस्त को ब्लॉक मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। 29 को मंडल मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। मौके पर ब्लॉक मंत्री अनूप नेगी, ज्योति भट्ट, सरिता नौटियाल, प्रवीण भट्ट सहित आदि मौजूद थे।

# गढ़वाल विवि में बीएससी होम साइंस पाठ्यक्रम संचालित किया जाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि की छात्र हितों से जुड़ी मांग को लेकर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्री प्रकाश सिंह से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं कि छत लीकेज होना, महिला पाठन कक्ष का संचालित किए जाने सहित 7 सूत्रीय मांगों को लेकर छात्रों ने कुल. पति को ज्ञापन प्रेषित किया। मंगलवार को गढ़वाल विवि के छात्र संघ अध्यक्ष जसवंत सिंह राणा के नेतृत्व में छात्र गढ़वाल विवि के कुलपति से मिले। इस दौरान छात्र संघ अध्यक्ष जसवंत राणा और विवि प्रतिनिधि आशीष पंत ने कहा कि विवि के शिक्षा विभाग की छत टपकने से कक्षाओं में पानी भर रहा है। जिससे छात्र-छात्राओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि पूर्व में भी इसकी सूचना गढ़वाल विवि प्रशासन को दे दी गई थी, लेकिन कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई। उन्होंने जल्द से समस्या का समाधान किए जाने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने गढ़वाल विवि में महिला पठन कक्ष संचालित किए जाने, इंजीनियरिंग विभाग में विद्युत कटौती की समस्या का समाधान करने, स्नातक स्तर पर बीएससी होम साइंस पाठ्यक्रम संचा. लित करने, स्कूल आफ एग्रीकल्चर और डीन आफिस चौरास परिसर शिफ्ट करने, यूजीसी, नेट, गेट, बैंक पीओं, नीट और एसएससी के परीक्षा केंद्र गढ़वाल विवि में बनाएं जाने और गढ़वाल विवि का 12वां दीक्षांत समारोह जल्द आयोजित किए जाने की मांग की।

# धराली के बाद अब हर्षिल को डरा रही भागीरथी नदी

**हर्षिल में भी मचाई भागीरथी नदी ने मचाई तबाही**
**हर्षिल में जीएमएवीन गेस्ट हाउस भी बहा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** धराली में आई आपदा के बाद भागीरथी नदी ने अपनी दिशा बदलकर हर्षिल में खतरा बढ़ा दिया है।खीर गंगा का पानी तेज बहाव के साथ हर्षिल के बीच भारी मलबा लेकर आया।





मलबा गिरने से बहाव के रुकने के कारण हर्षिल के पास चार पांच मीटर लंबी कृत्रिम झील बन गई है। जिससे जिला प्रशासन की सांसे आपकी रहीं उसके बाद प्रशासन ने सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, वन विभाग की मदद से मैनली रूप से झील को पंचर करने में सफल रहे जिससे बड़े खतरे को टाल दिया है।

गौरतलब है कि षमिनी स्वीटजरलैंडष कहे जानें वाले हर्षिल भी पांच अगस्त को खीरगंगा से आई विनाशकारी बाढ़ से महज 34 सैकड में हंसता खिलता पर्यटक स्थल धराली और हर्षिल को मलवे के ढेर में बदल गया। धराली के बाद धीरे-धीरे भागीरथी नदी हर्षिल को भी डराने लगी है।

गढ़वाल मंडल विकास निगम का हर्षिल परिसर, जो कभी पर्यटकों से गुलजार रहता था, इस भीषण आपदा के बाद भारी नुकसान झेल रहा है।

प्रबंधक सुशील डिमरी ने बताया कि आपदा में डीलक्स हट बह गया और नदी किनारे बना ग्लास हाउस भी पूरी तरह से बह गया। दोनों ग्लास हाउस, स्टाफ क्वार्टर और स्टोर जीर्ण-शीर्ण हालत में हैं और कभी भी गिर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जीएमवीएन की सभी सीवर लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जबकि एक अन्य हट समान सहित नदी में बह गया। डिमरी के अनुसार, हर्षिल में इस पैमाने का नुकसान पहले कभी नहीं देखा गया और अब यहां पर्यटन गतिविधियों के पुनर्जीवित होने में समय लग सकता है। उन्होंने बताया कि यात्राकाल में पूरा गेस्ट हाउस की बुकिंग हो रखी है।

# घर में घुसकर गुंडागर्दी कर मारपीट करने वाले 5 अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोटद्वार।** आम पड़ाव कोटद्वार निवासी सलीम हुसैन द्वारा कोतवाली कोटद्वार में दिए लिखित शिकायती पत्र में बताया गया कि सलाउद्दीन, एहसान, इकराम, इरफान, ईनाम और साहिल नामक व्यक्तियों ने उसके घर में जबरन घुसकर मारपीट एवं गाली-गलौज की । कोतवाली कोटद्वार प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर साक्ष्य संकलन किया गया तथा आसपास के स्थानीय लोगों से महत्वपूर्ण जानकारियां एकत्रित की गईं। साक्ष्यों एवं प्राप्त सूचनाओं के आधार पर प्रकाश में आया कि जमीनी विवाद को लेकर उक्त मारपीट का प्रकरण हुआ। पुष्टि होने पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाही करते हुए उक्त प्रकरण से जुड़े 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिसमें लकड़ी पड़ाव कोटद्वार निवासी-सलाउद्दीन पुत्र अलाउद्दीन, एहसान, इकराम, इरफान और ईनाम पुत्र गण अल्लादिया शामिल हैं।

# जमणीखाल और टकोली के ग्रामीणों को मिलेगी पीएचसी की सुविधा

**श्रीनगर।** देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के जामणीखाल और टकोली में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापना के लिए शासन स्तर से प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कि है। अभी तक जामणीखाल और टकोली के लोगों को प्राथमिक चिकित्सा सुविधा के लिए बेस चिकित्सालय श्रीनगर के लिए दौड़ लगानी पड़ती थी। जनता की मांग पर देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र में दो पीएचसी की स्थापना होने पर ग्रामीणों ने भी खुशी जाहिर की है। ब्लॉक कीर्तिनगर के टकोली में पीएचसी की स्थापना होने से आकरी बारजुला, खास पट्टी के दो दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने बताया कि टकोली और जमणीखाल में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टाईप-ए की अनावासीय एवं आवासीय भवनों के निर्माण कार्य के लिए स्वास्थ्य विभाग से प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। बताया कि 8 करोड़ 89 लाख 80 हजार रूपये के माध्यम से टकोली और जमणीखाल में एक-एक पीएचसी और डॉक्टरों के लिए रहने के भवन बनाएं जायेगें। बताया कि शासन स्तर से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 2 करोड़ 34 लाख रूपये की प्रथम किस्त जारी की है।

# छात्रसंघ चुनाव के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त

श्रीनगर। गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय ने छात्रसंघ चुनाव 2025-26 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। छात्र संघ चुनाव को शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने को लेकर विवि प्रशासन ने मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। भूगर्भ विज्ञान विभाग के प्रो. एचसी नैनवाल को मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। चुनाव संचालन में सहयोग के लिए पाँच पदेन अधिकारियों को भी समिति में शामिल किया गया है। मुख्य चुनाव अधिकारी को आवश्यकतानुसार अन्य समितियों के गठन का अधिकार भी दिया गया है। शीघ्र ही चुनाव की रूपरेखा और तिथियों की घोषणा होगी।

# सुरक्षित लाइफ जैकेट बनी रेस्क्यू कार्य में मौत की वजह

**नदी में फंसी गाय का रेस्क्यू करने गये एनडीआरएफ के जवान की मौत, आखिरकार किसके आदेश पर हुआ गाय का रेस्क्यू, लाइफ बेल्ट बनी मौत का कारण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** पिंडर नदी के एक टापू में फंसी लावारिस गाय का रेस्क्यू करने गये एनडीआरएफ के जवान की पिंडर नदी में डूबने से मौत हो गई हैं।जिसका पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए उप जिला चिकित्सालय कर्णप्रयाग भेजा गया हैं।30 वर्षीय जवान की मौत से एनडीआरएफ के दल में शोक पसर गया हैं।



बड़ा सवाल यह बन रहा है कि आखिरकार गाय के रेस्क्यू के लिए किसने एनडीआरएफ को आदेश किया आपको बता दें कि पिंडर नदी का जलस्तर इन दिनों उफान पर है उसके बावजूद भी रेस्क्यू कार्य के लिए एनडीआरएफ को किसने आवेशित किया

विगत 10 दिनों से विकास खंड देवाल के अंतर्गत थराली-देवाल-वांण मोटर सड़क के कोठी नंदकेसरी गांव के नीचे पिंडर नदी के बीच में बने टापू पर फंसी गाय को बचाने के लिए एनडीआरएफ के सब इंस्पेक्टर अजय भाटिया के नेतृत्व में एक दल लावारिस गाय का रेस्क्यू करने के लिए पिंडर नदी के किनारे गया,गाय बचाने के ऑपरेशन के दौरान एनडीआरएफ का जवान 30 वर्षीय कांस्टेबल जीडी सुरेंद्र नौटियाल पुत्र मुनेंद्र दत्त नौटियाल जब लाइफ जैकेट पहन कर पिंडर नदी की धारा को पार कर टापू में पहुंचने का प्रयास करने लगें, माना जा रहा है कि नदी के तेज बहाव में लाइफ जैकेट खुल गई

जिस कारण नदी के तेज बहाव में वह बह कर डूब गया।दल के बाकी सदस्यों ने कड़ी मशक्कत कर जवान को नदी से बहार निकाल और उसे आनन-फानन में साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थराली लाएं, जहां पर जांच के बाद चिकित्सकों ने जवान को मृत घोषित कर दिया ।

# पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने जंगली जानवरों से खेती बचाने की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने जंगली जानवरों द्वारा किसानों की खेती को नुकसान पहुंचाने पर चिंता व्यक्त की है। कहा कि किसानों की खेती को बचाने के लिए सीमा बाड़ जैसी तार बाड़ की जानी चाहिए। इस संबध में मंगलवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में परिषद के सदस्यों ने कहा है कि कोटद्वार भाबर की अधिकांश जनता अभी भी खेती कर ही अपना गुजर बसर करती है। लेकिन वर्तमान में हाथी, बंदर, सूअर और लंगूर सहित अन्य जंगली जानवर उनकी खेती को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस कारण से किसानों का खेती से मन उचट रहा है।



कहा कि किसानों की हर सीजन की फसल को जंगली जानवर नुकसान पहुंचा रहे हैं। ऐसे में जंगली जानवरों को आबादी के अंदर आने से रोकना आवश्यक है। कहा कि खेती को बचाने के लिए सीमा बाड़ जैसी तार बाड़ करना कारगर उपाय हो सकता है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में परिषद अध्यक्ष देवेंद्र नेगी, जीके बड़थ्वाल, बलवान सिंह रावत, अनूप बिष्ट, संजय असवाल और सीपी डोबरियाल आदि थे।

# विद्यालय में अपनी माताजी व पिताजी की स्मृति में किए पंखे भेंट

**कोटद्वार ।** सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत कोटद्वार नगर निगम के वार्ड नं 6 काशीरामपुर तल्ला निवासी विकास रावत ने अपने स्वर्गीय पिता बख्तावर सिंह रावत एवं स्वर्गीय माता बीना रावत की पुण्य स्मृति में सोमवार को जयहरीखाल ब्लाक के राजकीय प्राथमिक विद्यालय मेरुड़ा को एक सीलिंग तथा एक स्टैंडिंग पंखा भेंट किया। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाध्यापक राजीव थपलियाल ने विकास रावत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पंखे लगने के बाद विद्यार्थियों को गरमी से राहत मिलेगी और वे बेहतर महसूस करेंगे।

# भालू के हमले से व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** भालू ने एक व्यक्ति पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया हैं। गांव के पास के जंगल में भालू के इस हमले से गांव में दहशियत बनी हुई हैं।

विकास खंड देवाल के अंतर्गत सुदूरवर्ती गांव हिमनी में उमराव सिंह पुत्र खंडक सिंह अपनी गायों को जंगल में चुगाने के बाद जब देर सांय घर को लौट रहे थे कि अचानक उस पर जंगली भालू ने जानलेवा हमला कर दिया।



उमराव सिंह की चीख-पुकार सुनकर कर जब ग्रामीण जंगल में पहुंचे तो पाया कि भालू ने उसे बुरी तरह से जख्मी कर दिया, ग्रामीणों के हल्ला मचाने पर भालू जंगल में भाग गया। ग्रामीण घायल उमराव सिंह को प्रार्थमिक स्वास्थ्य केंद्र देवाल उपचार के लिए लाएं जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।देवाल में ही पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए उप जिला चिकित्सालय कर्णप्रयाग भेज दिया है।देवाल के राजस्व निरीक्षक हरीश पोखरियाल ने बताया कि राज्य पुलिस का एक दल हिमनी गांव भेजा गया हैं। इसके साथ ही घटना की जानकारी पूर्व पिंडर रेंज देवाल को भी दे दी गई हैं।

भालू के द्वारा गांव के पास के जंगल में ग्रामीण को मार देने की घटना के बाद से हिमनी गांव में भालू को लेकर दहशत का माहौल बना हुआ हैं, ग्रामीण अकेले में जंगल जाने से कतराने लगे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग एवं प्रशासन ने भालू की दहशियत से निजात दिलाने के लिए जरूरी कदम उठाने की मांग की हैं।

वन विभाग के वनक्षेत्राधिकारी मनोज देवराड़ी ने बताया कि भालू के हमले में मृत व्यक्ति के परिवार को मुआवजा के तौर पर 6 लाख रुपये धन राशि दी जायेगी

# मानसून सत्र के पहले दिन पूर्व विधायक स्वर्गीय मुन्नी देवी को सीएम ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी

**शा ह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन थराली की पूर्व विधायक स्वर्गीय मुन्नी देवी को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा-स्वर्गीय मुन्नी देवी में हमेशा जनसेवा की ललक दिखाई दी।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने वर्ष 2021 में नारायणबगड़ के डुंगरी गांव में आई आपदा का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि डुंगरी में आपदा में दो लोगों की मौत के बाद वह अपने सहयोगी सतपाल महाराज और धन सिंह रावत के साथ नारायणबगड़ पहुंचे थे। सतपाल महाराज को वहीं जनसमस्याओं की सुनवाई के लिए रूकना पड़ा, जबकि वह और धन सिंह रावत पैदल ही डुंगरी गांव के लिए निकल पडे थे। चार-पांच किलोमीटर की दूरी पर डुंगरी गांव था।

खराब स्वास्थ्य होने के बावजूद स्वर्गीय मुन्नी देवी गांव में प्रभावितों के बीच मौजूद थीं। मेरे मना करने के बावजूद वह हमें रिसीव करने के लिए आधे रास्ते तक पहुंच गईं।

सीएम ने कहा-पिछले दिनों जिस वक्त उनके देहांत की सूचना मिली, वह आपदा प्रभावित धराली क्षेत्र में थे। इससे कुछ दिन पहले ही वह अस्पताल में उन्हें देखने गए थे। स्वर्गीय मुन्नी देवी के कमजोरी से भरे चेहरे में भी अद्भुत शांति व तेज दिखा था। वह तब भी अपने क्षेत्र के लिए चिंतनशील थीं।

सीएम ने कहा-वह जिला पंचायत अध्यक्ष चमोली और थराली विधायक भी रहीं। उन्होंने जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। वह जनता से सीधे संवाद करती थीं। उनके निधन से राजनीति में जो खालीपन आया है, उसे भरा नहीं जा सकेगा। उन्होंने न सिर्फ राजनीति, बल्कि महिलाओं के उत्थान और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए काम किया।

# सीता पवार ने थामा जौनपुर ब्लॉक की कमान, जनता को दिया बड़ा भरोसा

**अब होगा चौमुखी विकास, नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख का ऐलान दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करूंगी: सीता पवार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थत्यूड़।** विकासखंड जौनपुर की नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख सीता पवार ने पदभार ग्रहण के बाद क्षेत्रीय भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ब्लॉक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से शिष्टाचार भेंट की। सीता पवार ने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए सभी को साथ लेकर काम किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की दलगत राजनीति हावी नहीं होने दी जाएगी।



ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि जौनपुर ब्लॉक का हर गाँव चौमुखी विकास की ओर बढ़े। जनहित से जुड़े सभी मुद्दों को प्राथमिकता पर रखा जाएगा।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अर्जुन सिंह रावत, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि वीरेंद्र पवार समेत क्षेत्र के कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# एकीकृत कृषि आजीविका के अंतर्गत महिला किसानों को दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिन्यालीसौड़** (उत्तरकाशी )19 अगस्त: कृषि विज्ञान केंद्र चिन्यालीसौड़ उत्तरकाशी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन मिशन के तहत एकीकृत कृषि आजीविका के अंतर्गत महिला किसानों एवं कार्यकर्ताओं के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिला कृषि को पॉलीहाउस तकनीक में सब्जी उत्पादन फलों एवं सब्जियों का प्रबंधन एवं रोग निदान कट निदान पोषण प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागी कृषक महिलाओं को प्रसंस्करण से संबंधित जानकारी दी गई

जिसमें मड़वे की नमकीन बनाना अचार बनाना जय एवं इसके शिक्षा दी बनाना भी बताया गया। पशुओं के प्रबंधन तथा उनमें लगने वाले रोगों के विषय पर भी विस्तृत जानकारी दी गई।

जानकारी के साथ-साथ प्रायोगिक प्रशिक्षण भी किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम में नौगांव चिन्यालीसौड़ तथा डंऊडा की 80 महिलाओं ने प्रतिभा किया।

विशेषण के रूप में कमलकुमार पांडे ,डॉ मनीष डॉक्टर कौशल, डीआर शशिधर एवं सचिन पवार ने प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारियां एवं प्रायोगिक जानकारियां प्रदान करें।कार्यक्रम का आयोजन आयोजन में भूपेंद्र रावत के निर्देशन में पूरा हुआ।

# एनईपी-2020 भारत निर्माण की आधारशिला:प्रो. प्रकाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: पाँच वर्षदृचिंतन और आगे की दिशा विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली के प्रो. कौशल किशोर ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 उज्जवल और टिकाऊ भविष्य के लिए छात्र-केंद्रित शिक्षा का मार्ग प्रशस्त कर रही है। एमएमटीसी नई दिल्ली के निदेशक डॉ. अमित गौतम ने कहा कि एनईपी का प्रमुख स्तंभ लचीलापन है, जो छात्रों को अपनी शिक्षा को व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने का अवसर प्रदान करता है। गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारत निर्माण की आधारशिला है। इसका प्रमुख उद्देश्य भारतीय शिक्षा प्रणाली को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाकर विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करना तथा शिक्षकों को नीति के मूल्यांकन और अनुपालन में सक्रिय भूमिका निभाना है।

कहा कि यह नीति भारतीयता, नैतिक मूल्यों, राष्ट्रबोध एवं अच्छे नागरिक निर्माण के माध्यम से विक. सित भारत/2047 के लक्ष्य को साकार करने में सहायक है। भूगर्भ विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. महेन्द्र प्रताप सिंह बिष्ट ने कहा कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन का सशक्त आधार हो सकता है, जिसके लिए शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात संतुलित होना आवश्यक है। भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष एवं रिक्रूटमेंट एवं प्रमा. ेशन सेल के डीन प्रो. मोहन सिंह पंवार, अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष एवं गढ़वाल विवि के भौतिकी विभाग के संकाय सदस्य डॉ. आलोक सागर गौतम, डा. राहुल कुंवर ने अपने विचार रखे। मौके पर सेमिनार संयोजक डॉ. देवेंद्र सिंह, प्रो. अनिल कुमार नौटियाल, प्रो. रमा मैखुरी, प्रो. सुनीता गोदियाल, प्रो. गीता खंडूरी, डॉ. मुकुल पंत, डॉ. अनुजा रावत, डॉ. रमेश राणा, डॉ. शंकर सिंह, डॉ. नागेंद्र कुमार यादव, मोनिका डोभाल, अनिल कुमार सहित आदि मौजूद थे।

# आपदा से क्षतिग्रस्त स्कूलों को 20 करोड़ जारी

## सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों को निर्देश, समय पर पूरे हों निर्माण कार्य

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्राकृतिक आपदाओं की वजह से क्षतिग्रस्त होने वाले स्कूलों का जल्द पुनर्निर्माण किया जायेगा। इसके लिये राज्य मोचन निधि से स्वीकृत बजट में से जनपदवार 20 करोड़ की धनराशि जारी कर दी है। साथ ही सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों को आपदा से क्षतिग्रस्त विद्यालयों एवं अन्य परिसम्पत्तियों के पुनर्निर्माण एवं मरम्मत कार्य शीघ्र पूरा कर मार्च 2026 तक उपयोगिता प्रमाण पत्र शिक्षा महानिदेशालय को उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किये गये हैं।

प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त शिक्षा विभाग की विभिन्न परिसम्पत्तियों एवं विद्यालय भवनों का शीघ्र पुनर्निर्माण किया जायेगा। राज्य सरकार ने राज्य मोचन निधि से विद्यालयी शिक्षा विभाग के लिये करीब 30 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। जिसमें से पुनर्निर्माण कार्यों के लिये प्रथम चरण में जनपदवार 20 करोड़ की धनराशि जारी कर दी गई है। इस सम्बंध में महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा ने सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर आवंटित धनराशि को



आपदा से क्षतिग्रस्त स्कूलों के पुनर्निर्माण को जनपदवार विद्यालयों को 20 करोड़ की धनराशि जारी कर दी गई है। सभी जनपदों के सीईओ को अपने-अपने जनपदों में आपदा से क्षतिग्रस्त स्कूलों में शीघ्र निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिये गये हैं, ताकि आपदा से ध्वस्त हुये स्कूलों का पुनर्निर्माण समय पर किया जा सके...**डॉ धन सिंह रावत, विद्यालयी शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड**

योजनांतर्गत शीघ्र व्यय करने के निर्देश दिये हैं। आपदा मद के अंतर्गत टिहरी, पौड़ी, उत्तरकाशी, चमोली, अल्मोड़ा, नैनीताल और पिथौरागढ़ जनपद को 2-2 करोड़ की धनराशि आवंटित की गई है। जबकि देहराद.ून, हरिद्वार, उधमसिंह नगर, रुद्रप्रयाग, चंपावत एवं बागेश्वर जिले को 1-1 करोड़ की धनराशि जारी की गई है। आवंटित धनराशि से प्राकृतिक आपदा से वास्तविक रुप से क्षतिग्रस्त स्कूल भवनों, चारदीवारी, खेल मैदान, शौचालय एवं अन्य क्षतिग्रस्त परिसम्पत्ति का पुनर्निर्माण एवं मरम्मत कार्य किया जायेगा।

इसके लिये मुख्य शिक्षा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किये गये हैं, साथ ही उन्हें निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का भी खास ध्यान रखने को कहा गया है। इसके अलावा अधिकारियों को योजना के अंतर्गत हुये निर्माण कार्यों की उपयोगिता प्रमाण पर मार्च 2026 तक विद्यालयी शिक्षा महानिदेशक को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

# लल्लन गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रेम नगर थाना क्षेत्र ग्राम वीर बड़ी निवासी एक महिला के चचेरे भाई के मकान के ताले तोड़कर वहां से स्कूटी नगदी जेव. रात तथा अन्य सामान चोरी करने वाले हुकयत लल्लन गैंग हीरो के दो सदस्यों को प्रेम नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर दो बड़ी चोरी की वारदातों का खुलासा किया है पकड़े गए चोरों में एक नाबालिक चोर भी शामिल हैस श्रीमती रीना क्षेत्री पत्नी धन बहादुर क्षेत्री नि0 ग्राम वीरावडी प्रेमनगर द्वारा थाना प्रेमनगर पर एक लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि उनके चचेरे भाई के बन्द घर से अज्ञात चोरों द्वारा घर में रखी स्कूटी, आभूषण तथा अन्य कीमती सामान चोरी कर लिये है। प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना प्रेमनगर पर तत्काल धारा 305 बीएनएस पंजीकृत किया गया स

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों चोरियों का खुलासा करने के लिए घटनास्थल का निरीक्षण किया गया, घटनास्थल के आस-पास कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं होने के कारण पुलिस टीम द्वारा मैनुवल पुलिसिंग की सहायता से संदिग्धों के हुलिये के सम्बन्ध में जानकारी एकत्रित की गई। पुलिस के लगातार प्रयासों किसी बडी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे 02 अभियुक्तों को जामुनवाला तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तो के साथ घटना में सम्मिलित 01 नाबालिग को पुलिस संरक्षण में लिया गया। अभियुक्तों द्वारा उक्त चोरी की घटना को अंजाम दिया जाना स्वीकार किया गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया गया कि वे तीनो मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं तथा पिछले काफी समय से देहरादून मे रह रहे हैं। तीनो अभियुक्तों द्वारा गैंग बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता था, जिनका लीडर लल्लन है। गैंग के द्वारा कोतवाली नगर में गांधी रोड क्षेत्र में स्थित एक मोबाइल शॉप में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था, जहां से उनके द्वारा 15 मोबाइल फोन चोरी किये गये थे, जिसके सम्बन्ध में कोतवाली नगर पर, धारा 305 बीएनएस का अभियोग पंजीकृत है। उक्त घटना के बाद अभियुक्तो द्वारा प्रेमनगर क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। आज अभियुक्त पुन: किसी बडी वारदात को अंजाम देने से पहले ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

# जिला अस्पताल में खुला राज्य का पहला आधुनिक दिव्यांग पुनर्वास केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बसंल ने गांधी शताब्दी चिकित्सालय में स्थापित किए जा रहे राज्य के पहले आधुनिक जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी पुनर्वास केन्द्र में संच.ालित गतिविधि का जायजा लेते हुए निर्देशित किया कि केन्द्र दिव्यांगजन के लिए समुचित व्यवस्थाए बनाई जाए। साथ ही निर्देशित किया कि केन्द्र का विस्तारीकरण करते हुए फीजियोथेरपी के लिए अलग स्थान बनाया बनाये जिसके लिए केन्द्र के पीछे वाले कक्ष को केन्द्र में समायोजित किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि चिकित्सालय परिसर में केन्द्र के लिए अलग रास्ता रखने के निर्देश दिए केन्द्र की पार्किंग एवं आवागमन के लिए पीआरडी कार्मिक रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया किया केन्द्र समुचित व्यवस्थाएं आधुनिक रहे जिससे केन्द्र में आने वाले दिव्यांग.जनों को कोई असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि दिव्यांगज की सुविधा के लिए मंगलवार एवं बुधवार को आधार मशीन सहित कार्मिक एक्सपर्ट कार्मिक रहेंगे जिससे दिव्यांगजनों के आधार कार्ड बनाने तथा अपडेट करने का कार्य भी किया जाए। डीडीआरसी में दिव्यांग नागरिकों के लिए अब प्रमाण पत्र बनवाने से लेकर फिजियोथेरेपी, मनोवैज्ञानिक सलाह और कृत्रिम अंग प्राप्त करने तक की सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। राज्य का पहला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र जिले के गांधी शताब्दी चिकित्सालय में बनाया जा रहा है। यह केंद्र दिव्यांगजनों को न सिर्फ प्रमाणन, बल्कि कृत्रिम अंग, श्रवण यंत्र, उपकरण वितरण, फिजियोथेरेपी, मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक परामर्श जैसी सभी सेवाएं एक ही छत के नीचे देगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज शर्मा, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ मनु जैन, प्रमोद कुमार, राजीव सब्बरवाल आदि उपस्थित रहे।

## समाज कल्याण विभाग उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांगों को करेगा पुरस्कृत

**देहरादून।** 3 दिसंबर 2025 को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर समाज - कल्याण विभाग उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांगों को पुरस्कृत करेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि दिव्यांगों का चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय की समिति करेगी। जिनमें उत्कृष्ट दिव्यांग कर्मी, स्वत: रोजगार में रत दिव्यांग, दिव्यांगों के सेवायोजकों, प्लेसमेंट अधिकारियों, उत्कृष्ट दिव्यांग खिलाड़ी शामिल होंगे। पुरस्कार के रूप में पांच हजार की धनराशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाना है। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को पत्र प्रेषित का संबंधित व्यक्तियों के आवेदन पत्र विशेष उपलब्धियों के साथ 25 अगस्त तक जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# अवैध प्लॉटिंग पर एमडीडीए की बड़ी कार्रवाई

## उपाध्यक्ष तिवारी की चेतावनी- एमडीडीए क्षेत्र में बिना स्वीकृति के कोई भी निर्माण कार्य बर्दाश्त नहीं

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में बिना स्वीकृति के हो रहे किसी भी निर्माण या प्लॉटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दिशा में मंगलवार को सख्त कार्रवाई की गई।

मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) की टीम ने शिमला बाईपास और सेलाकूई क्षेत्र में चल रही दो बड़ी अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया। पहली कार्रवाई में नवीन गुप्ता द्वारा मौजा सेरपुर, शिमला बाईपास पर लगभग 15 बीघा भूमि में की जा रही अवैध प्लॉटिंग को तोड़ा गया। वहीं दूसरी कार्रवाई में रिंकू चौधरी द्वारा निकट इंडियन पब्लिक स्कूल, राजा रोड, सेलाकूई में लगभग 10 बीघा भूमि पर की गई अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया।

इस कार्रवाई में सहायक अभियंता अभिषेक भारद्वाज, अवर अभियंता नितेश राणा, सिद्धार्थ सेमवाल, सुपरवाइजर समेत पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। अधिकारियों ने बताया कि प्राधिकरण की ओर से लगातार निगरानी की जा रही है और आगे भी इस तरह की अवैध गति.विधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।




### प्राधिकरण का लक्ष्य नियोजित विकास को बढ़ावा देना:तिवारी

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि अवैध प्लॉटिंग न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे भविष्य में आम जनता को गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। प्राधिकरण का लक्ष्य नियोजित विकास को बढ़ावा देना और आम नागरिकों को सुरक्षित व सुव्यवस्थित आवासीय वातावरण उपलब्ध कराना है। एमडीडीए ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार की भूमि खरीद से पहले उसकी विधिक स्थिति और प्राधिकरण से स्वीकृति की पुष्टि अवश्य करें।

# लूट के मोबाइल के साथ एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पथरी बाग क्षेत्र में बुलेट मोटरसाइकिल सवार लुटेरे द्वारा एक महिला का मोबाइल लूट ले जाने की खबर मिलने के बाद पटेल नगर कोतवाली पुलिस में हड़कंप मच गया आनंद फलन में मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता से तैयारी लेकर लुटेरे के खिलाफ धारा 304(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर लिया।

पटेल नगर कोतवाली पुलिस को जानकारी देते हुए नैनीताल निवासी एक महिला ने बताया कि बुलेट मोटरसाइकिल कर व्यक्ति द्वारा उसका मोबाइल लूट लिया गया मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने स्थानीय पुलिस को वारदात का खुलासा करने के निर्देश दिए इसके बाद हरकत में आई पटेल नगर कोतवाली पुलिस ने पुलिस टीम का गठन कर दिया।

घटनास्थल तथा उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों का निरीक्षण किया गया इस दौरान पुलिस ने मंगलवार को चौकिंग के दौरान कबाडी पुल पटेलनगर के पास से घटना को अंजाम देने वाले आरोपी विक्रान्त चौधरी पुत्र कपिल कुमार को गिरफ्तार किया गया। कोतवाली पटेल नगर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में छीना मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटर साईकिल नम्बर: यू0के0-06-बीएम-3717 बरामद की गई।

# आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाने में सरकार विफल: हरक

## घर बहने पर 2500 रूपये देकर मजाक उड़ा रही सरकार, मृतकों के परिजनों को 25 व घायलों को 10 लाख दे सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** धराली आपदा में मृतकों के परिजनों को केवल 4 लाख व घायलों को 2 लाख का प्रावधान किया गया है जिसे बढ़ाकर कम से कम 25 लाख व 10 लाख किया जाना चाहिए। अंगभंग की हानि होने की स्थिति में मात्र 74000 रूपये व 40 से 60 प्रतिशत विकलांगता पर केवल 2.50 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है जबकि 60 प्रतिशत विकलांगता पर कम से कम 15 लाख रूपये का मुआवजा दिया जाय ताकि विकलांग व्यक्ति अपनी आजीविका चला सके।

यह बात मंगलवार को राजीव भवन में पत्रकार वार्ता में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने कही। उन्होने कहा कि राज्य का आपदा प्रबन्धन पूरी तरह से नाकाम हो चुका है, उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जहां राज्य गठन के समय ही अलग से आपदा प्रबन्धन मंत्रालय है, मगर आपदाओं से निपटने के लिए अब तक कोई प्रभावी तंत्र विकसित नहीं हुआ है। उन्होने कहा कि यह भी बडी विडंबना और आश्चर्य का विषय है कि राज्य का आपदा प्रबन्धन उपनल व अस्थायी कर्मचारियों के भरोसे छोड़ा गया है।




डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा कि अभी हाल ही में उत्तरकाशी के धराली व पौडी जनपद के अनेक स्थानों पर भीषण दैवीय आपदा का दंश लोगों को झेलना पड़ा है। आपदा प्रबन्धन विभाग का कार्य स्वयं मुख्यमंत्री देख रहे हैं जिनके पास अन्य कई महत्वपूर्ण विभाग हैं। राज्य में प्रत्येक वर्ष आने वाली भीषण आपदाओं को दृष्टिगत रखते हुए आपदा प्रबन्धन विभाग एक महत्वपूर्ण विभाग है जिसका दायित्व किसी अन्य मंत्री को दिया जाना चाहिए था ताकि आपदा के समय इस जिम्मेदारी का सही से निर्वहन किया जा सके। रावत ने कहा कि यूपीए सरकार के समय आपदा के लिए 100 प्रतिशत बजट केन्द्र सरकार वहन करती थी जबकि वर्तमान में 90 प्रतिशत केन्द्र व 10 प्रतिशत राज्य सरकार वहन कर रही है। वर्तमान में प्रदेश में आपदा का बजट मात्र 1012 करोड है जिसे बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा धराली आपदा के लिए 40 करोड़ रूपये के बजट का आवंटन किया गया है जबकि पौडी सहित अन्य जनपदों में भी लोगों को आपदा से जूझना पड़ा है। धराली आपदा में मृतकों के परि.जनों को 4 लाख घायलों को 2 लाख गया, जिसे बढ़ाकर 25 व 10 लाख किया जाना चाहिए। डॉ. हरक ने कहा कि आपदा के कारण जिन लोगों के घर बह गये हैं उन्हें केवल 2500 रूपये देकर उनका मजाक उड़ाया रहा है। कहा कि केदारनाथ आपदा के समय तत्कालीन राज्य सरकार ने शासनादेश जारी कर होटल व्यवसाय, रिजार्ट, लॉज वालो के नुकसान की भरपाई के लिए उचित मुआवजे का प्रावधान किया था। पत्रकार वार्ता में महिला अध्यक्ष ज्योति रौतेला, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह, शीशपाल सिंह बिष्ट, सोशल मीडिया सलाहकार अमरजीत सिंह, विरेन्द्र पोखरियाल, विनोद चौहान व एनएसयूआई अध्यक्ष विकास नेगी उपस्थित थे।

# आपदा प्रभावितों को सबसे अच्छी मदद कर रही धामी सरकार: सुरेश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने कहा कि आपदा राहत और मुआवजे को लेकर पूछे सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि आपदा में जितना भी नुकसान प्रदेश को हुआ है उसका आकलन प्रदेश सरकार कर रही है। इस संबंध में मुख्यमंत्री धामी और प्रधानमंत्री मोदी की बातचीत हो चुकी है। प्रदेश में जितना भी नुकसान हुआ है चाहे व्यक्तिगत हो या सरकारी हो या सामाजिक सभी का आकलन करके हम हर यथा संभव पूर्ति करेंगे यह सरकार का वादा है। साथ ही साथ व्यक्तिगत तौर पर जो जनहानि हुई है या जिन लोगों को आपदा में कुछ चोट आई है या इलाज हो रहा है उसके लिए भी सरकार पर सहायता कर रही है। जो आवासीय मकान और कृषि भूमि खराब हुई है उसके लिए भी सरकार पूरे प्रयास कर रही है। हम यह कह सकते हैं कि इन 25 वर्षों में सबसे अधिक आपदा सहायता इस बार दी जा रही है।

वहीं कहा, सरकार ने बहुत स्पष्ट किया है कि कहीं भी किसी को लगता है कि सहायता देने में कोई दिक्कत हुई है या लापरवाही हुई है तो उसको संज्ञान में लेकर अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए जा रहे हैं। स्पष्ट निर्देश हैं कि आपदा में किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए और उसकी समस्या का समाधान तत्काल होना चाहिए। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि उत्तरकाशी में धारली में जब आपदा आई तो स्वयं मुख्यमंत्री ने वहां तीन दिन का कैंप किया। और तीन दिन तक घटनास्थल पर रहने वाले वे देश में पहले मुख्यमंत्री होंगे। वहां की जमीनी हकीकत और परिस्थितियों का आकलन से स्वयं मुख्यमंत्री ने किया है, लिहाजा मुआवजा और पुनर्वास को लेकर किसी को शक नहीं होना चाहिए।

# ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** नेहरू कॉलोनी पुलिस को मंगलवार की सुबह सूचना मिली कि माता मंदिर के समीप रेलवे फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई स क्षेत्राधिकार ने जानकारी देते हुए बताएं कि मंगलवार की सुबह स्थानीय पुलिस को जानकारी मिलेगी माता मंदिर फाटक के पास एक व्यक्ति के ट्रेन की चपेट में आ गया है। सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा तथा खून से सन व्यक्ति को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से कोरोनेशन जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित किया गया। मृतक के पास मौजूद बैग में से उसका पहचान पत्र तथा घर वालों का मोबाइल नंबर बरामद हुआ, जिससे उसके देहरादून में किसी रेस्टोरेंट में काम करने की जानकारी प्राप्त हुई है। नेहरू कॉलोनी पुलिस ने मृतक के परिजनों को मामले की सूचना देकर देहरादून आने की बात कहिए इस दौरान पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर प्रशिक्षण हेतु भेज दिया है। पुलिस कर्मियों ने बताया कि मृतक की पहचानसौरभ सिंह पुत्र मंगल सिंह निवासी ग्राम लोधी बगौली चौराहा थाना बगौली, जिला हरदोई, उत्तर प्रदेश, के रूप में हुई है।

# चोरी की स्कूटी सहित वाहन चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** बुद्ध टेंपल के पास खड़ी एक स्कूटी को वाहन चोरों द्वारा चोरी कर ले जाने के बाद वाहन स्वामी द्वारा स्कूटी चोरी हो जाने की सूचना कलमन टाउन पुलिस को दी गई थी इसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कर वाहन चोर की तलाश प्रारंभ कर दी थी।

तीर्थ स्थल से दोपहिया वाहन चोरी हो जाने की सूचना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह द्वारा कलमन टाउन थाना अध्यक्ष को घटना का खुलासा करने और वाहन चोर को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थेस इस दौरान थाने पर एक पुलिस टीम का गठन कर चोरी गए वहां को बरामद करने के लिए लगाया गया था। गठित टीम द्वारा घटना स्थल व उसके आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजो का अवलोकन करते हुए घटना में शामिल अभियुक्त का संबंध में जानकारी एकत्रित की गई, इस दौरान पुलिस टीम को जानकारी मिली की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त द्वारा चोरी की गयी स्कूटी को बेचने के लिए ओएलएक्स पर डाला गया है, जिस पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ओएलएक्स इस व इंटरनेट के जानकारी साझा की गयी तथा प्राप्त जानकारी के आधार पर घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त आकाश भल्ला को पिपलेश्वर मंदिर से नई बस्ती की ओर जाने वाली रोड पर चेकिंग के दौरान चोरी की गयी स्कूटी संख्या UK07BP5199 के साथ गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह नशे का आदी है तथा अपनी नशे की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। अभियुक्त द्वारा स्कूटी को बेचने का प्रयास किया गया था परन्तु गाडी के काग.जात न होने के कारण कोई खरीददार नहीं मिला, जिस पर अभियुक्त द्वारा पर उजत गाड़ी की फोटो को अपलोड कर बेचने के लिया डाला गया था। आज भी अभियुक्त दोबारा किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था, इस दौरान पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# भराड़ीसैंण में सुबह सवेरे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से मिले मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गैरसैंण।** भराड़ीसैंण में प्रात: काल भ्रमण के दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्य कर रही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से बात कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना की और साथ ही सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं का फीडबैक भी लिया। देवभूमि उत्तराखण्ड आने वाले पर्यटकों से अपील करता हूँ कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए आह्वान पर अपनी यात्रा व्यय का 5% स्थानीय उत्पादों की खघ्रीदारी में अवश्य लगाएं।

इस दौरान विधानसभा परिसर में



कार्य कर रहे सफाई कर्मचारियों से मुलाकात कर उनके खाने-पीने और रहने की व्यवस्थाओं के विषय में जानकारी ली। सभी ने सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीण आजीविका को सशक्त करने में लगी बहनों का समर्पण और स्वच्छ व स्वस्थ समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे सफाई कर्मियों की लगन 'विकसित उत्तराखंड' की दिशा में सामूहिक प्रयास का अनुपम उदाहरण है।


# शिकायतों का निस्तारण समय से न होने पर अधिकारी होंगे उत्तरदायी: नमामि

## नगर निगम की स्टाफ मीटिंग में नगर आयुक्त ने भूमि अनुभाग को दिए कड़े निर्देश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून, नमामी बंसल ने निगम अधिकारियों के कार्य की समीक्षा की । बैठक में निगम के विभिन्न अनुभागों के उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में नगर आयुक्त नमामि बंसल ने प्रकाश प्रभारी को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन प्राप्त होने वाली शिकायतों एवं उनके निस्तारण की स्पष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि शिकायतों का समय पर समाधान हो तथा उसकी सूचना समयबद्ध तरीके से प्रस्तुत करना



सुनिश्चित करेंगे। स्वास्थ्य अनुभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक वार्ड में चल रहे वाहनों की स्थिति, खराब वाहनों की संख्या तथा कूड़ा संग्रहण (रूट कवरेज) की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। वाहनों की मरम्मत एवं संपूर्ण प्लांट संचालन की स्थिति को दुरुस्त करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए।

भूमि अनुभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा अब तक कितनी अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराया गया है इसकी रिपोर्ट दी जाए तथा आगामी अभियानों हेतु रोस्टर तैयार किया जाए।

लोक निर्माण विभाग संबंधी कार्यों के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी उपलब्ध कराएं तथा प्रत्येक कार्य के प्रारंभ से पूर्व एवं पूर्ण होने के उपरांत की फोटोग्राफ अनिवार्य रूप से पत्रावली पर संरक्षित करेंगे ताकि कार्य की पारदर्शिता बनी रहे।

पशु चिकित्सा अनुभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शहर में आवारा पशुओं एवं कुत्तों से संबंधित बढ़ती घटनाओं पर रोकथाम हेतु जन-जागरूकता अभियान चलाने एवं आरडब्ल्यूए तथा अन्य संस्थाओं के साथ बैठक आयोजित कर डॉग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को तेज किया जाए।

कार्मिक प्रबंधन के लिए प्रत्येक विभाग के अधिकारी अपने अनुभाग में रिक्त एवं कार्यरत पदों का ब्योरा तत्काल उपलब्ध कराएं साथ ही समस्त अनुवाद अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए समय अंतर्गत उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को यह निर्देश दिए गए कि नगर निगम के कार्यों में पारदर्शिता, त्वरित निस्तारण और जनसुविधा को सर्वोपरि रखा जाए।

### ड्रैनेज मास्टर प्लान के संबंध में बैठक सम्पन्न

# जल भराव से निजात हेतु डीपीआर शासन में भेजना करें सुनिश्चितः डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में ड्रैनेज मास्टर प्लान के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि भगत सिंह व चंद्राचार्य चौक पर जल भराव से निजात हेतु डीपीआर शासन में भेजना सुनिश्चित करें ताकि कुंभ से पहले कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने जल संरक्षण हेतु भेल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि चंद्राचार्य एवम् भगत चौक तक आने वाले पानी को तालाब के माध्यम से संरक्षित किया जाए ताकि चौक तक पानी कम से कम पहुंचे। उन्होंने बड़े तालाब हेतु भूमि चिन्हित करने के निर्देश भेल के अधिकारियों को तथा मिट्टी खोदने एवम् तालाब बनाने की व्यवस्था करने के निर्देश नगर आयुक्त को दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि तालाब निर्माण में मिट्टी की खुदाई कर साइड में ही लगाया जाए ताकि तालाब को मजबूती मिले। उन्होंने भेल क्षेत्र में कचरा प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने तथा अतिक्रमण हटाने के निर्देश नगर प्रशासक भेल को दिए। उन्होंने चंडी देवी पैदल मार्ग की डीपीआर डीएफओ कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश अधिशासी अभियंता लोनिवि को दिए। उन्होंने मनसा देवी मंदिर पैदल मार्ग मरम्मत एवम् ट्रीटमेंट से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा निर्देश राजाजी नेशनल पार्क के अधिकारियों को दिए। बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई ओम जी गुप्ता ने जल निकासी हेतु तैयार डीपीआर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिशासी अभियंता पेयजल निगम आरके गुप्ता ने कुंभ व कांवड़ मेला क्षेत्र में पेयजल से संबंधित डीपीआर के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे, मुख्य नगर आयुक्त नंदन कुमार, अपर जिलाधिकारी पी आर चौहान, अधिशासी अभियंता सिंचाई ओमजी गुप्ता, प्रोजेक्ट मैनेजर पेयजल निगम (गंगा) मीनाक्षी मित्तल, विपुल कुमार चौहान, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम आर के गुप्ता, नगर प्रशासक भेल संजय पंवार, अधिशासी अभियंता हरीश बंसल, आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### शिवालिक नगर पालिका की लापरवाही

# खुले गड्ढे और मैनहोल बन रहे हादसों का कारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** शिवालिक नगर पालिका क्षेत्र में सड़कों की बदहाली और नालों की लापरवाही ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। जगह-जगह पड़े गड्ढे और खुले नाले किसी बड़े हादसे को न्योता दे रहे हैं। बरसात के मौसम में जब ये गड्ढे पानी से भर जाते हैं तो आम लोगों को इनके गहराई का अंदाजा तक नहीं होता, और यही स्थिति कई बार दुर्घटनाओं का कारण बन चुकी है। टिहरी विस्थापित कॉलोनी की गली में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। यहां सड़क पर बने मैनहोल के ढक्कन तक गायब हो चुके है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस खुले मैनहोल की वजह से कई लोग पहले ही गिरकर चोटिल हो चुके हैं। रात के समय अंधेरे में यह खतरा और भी ज्यादा बढ़ जाता है, क्योंकि सड़क पर स्ट्रीट लाइटें भी पर्याप्त नहीं हैं।

निवासियों का कहना है कि इस समय पूरा महीना लगातार बारिश का मौसम है, और ऐसे में गड्ढों व खुले मैनहोल का खतरा दोगुना हो गया है। लोग हर रोज डर के साये में घर से निकल रहे हैं कि कहीं अचानक पैर फिसलकर या वाहन असंतुलित होकर हादसा न हो जाए। स्थानीय निवासी बताते हैं कि उन्होंने कई बार नगर पालिका से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पालिका अधिकारियों के दफ्तर में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद जिम्मेदारों ने इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते गड्ढों की मरम्मत और मैनहोल पर ढक्कन नहीं लगाए गए तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। खासतौर पर बच्चे और बुजुर्ग इसके शिकार हो सकते हैं।



# पुलिस ने हरकी पैड़ी और घाटों पर अभियान चलाकर हटवाया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली पुलिस ने हरकी पैड़ी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए घाटों पर अवैध रूप से लगायी दुकानों को हटवा दिया। मनसा देवी हादसे के बाद से प्रशासन और पुलिस द्वारा बाजारों में और घाटों पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए निरंतर अभियान चलाया चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को नगर कोतवाली प्रभारी रितेश शाह के नेतृत्व में पुलिस ने हरकी पैड़ी क्षेत्र के घाटों पर अभियान चलाया। अभियान के दौरान घाटों और पुलों पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से संचालित की जा रही अस्थाई दुकानों को हटवा दिया। इस दौरान पुलिस की और से गंगा घाटों पर अतिक्रमण ना करने और स्वच्छ, व्यवस्थित वातावरण बनाने में सहयोग की अपील करते हुए दोबारा अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गयी।



# यूपी के सिंचाई मंत्री ने भीमगौड़ा बैराज पर सुरक्षा कार्यों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरिद्वार दौरे पर आए उत्तर प्रदेश के सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भीमगौड़ा बैराज, बेलवाला बांध, कनखल बांध पर चल रहे सुरक्षात्मक कार्यो का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को तेजी से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। सोमवार की शाम हरिद्वार दौरे पर आए उत्तर प्रदेश के सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मंगलवार सवेरे मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, अधीक्षण अभियंता भारतेंदु गौड़, अधिशासी अभियंता विकास त्यागी, सहायक अभियंता भारत भूषण के साथ भीमगौड़ा बैराज पहुंचकर सुरक्षात्मक कार्यो का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को तेजी से कार्य पूरा करने और क्षतिग्रस्त स्पर के निर्माण के निर्देश दिए। साथ ही जल प्रवाह पर नजर रखने और बाढ़ की स्थिति होने पर सचेत रहने के निर्देश भी दिए। इसके बाद उन्होंने बेलवाला बांध और कनखल बांध पर चल रहे कार्यो का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यो में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के उपरांत सिंचाई मंत्री ने कनखल दक्ष प्रजापति मंदिर पहुंचकर रूद्राभिषेक किया और श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज, जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी से आशीर्वाद लिया।



सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शाम को हरकी पैड़ी पर गंगा आरती में भी भाग लिया। इस दौरान अवर अभियंता राजकुमार सागर, पंकज मौर्या, अतुल कुमार सिंह, कृष्ण कुमार सैनी, हरीश प्रसाद, विनीत सैनी आदि अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# नॉरकोटिक्स टीम ने नशीले इंजेक्शन समेत दो दबोचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नॉरकोटिक्स टीम ने नशीले इंजेक्शन समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 30 नशीले इंजेक्शन व बाइक बरामद की गयी है। मादक पदार्थो और नशीली दवाओं की तस्करी करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नॉरकोटिक्स टीम के एसआई रणजीत सिंह ने हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, राजवर्धन व मुकेश कुमार के साथ रेगुलेटर पुल के पास स्थित गिर्दा मंदिर तिराहा के पास चेकिंग के दौरान बाइक सवार आरोपी शाहिद पुत्र तहसील व जाहिद पुत्र जहांगीर निवासी ग्राम एकड़ खुर्द थाना पथरी नशीले इंजेक्शन समेत गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली ज्वालापुर पर स्वापक औषधि और मन प्रभावित पदार्थ अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# गोरखा समाज ने उत्साह और धूमधाम से मनायी हरितालिका तीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** गोरखा समाज ने उत्साह और धूमधाम के साथ श्रवणनाथ नगर स्थित श्री जगतगुरु उदासीन आश्रम में हरतालिका तीज पर्व मनाया। गौरखा समाज की महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर सुतिक्षण मुनि महाराज ने सभी महिलाओं को पारंपरिक भोज दर खिलाया तथा उन्हें उपहार भेंट कर आशीर्वाद दिया। सोमवार की रात आयोजित किए गए कार्यक्रम में तीज के पारंपरिक गीतों पर महिलाओं, पुरुषों और बच्चो ने जमकर नृत्य किया। साथ ही नेपाली व्यंजनों का आनंद उठाकर सभी ने पर्व का उल्लास साझा किया। इस अवसर पर स्वामी सुतिक्षण मुनि महाराज ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को एकजुट करने और संस्कृति को जीवंत बनाए रखने का कार्य करते हैं। पदम प्रसाद सुबेदी ने बताया कि हरतालिका तीज के दिन महिलाएं भगवान शिव, माता पार्वती और श्रीगणेश की विधिवत पूजा करती हैं। पूजन से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और घर में सुख समृद्धि आती है। समाजसेवी सपना खड़का ने बताया कि गौरखा समाज की और से प्रतिवर्ष सामुदायिक रूप से हरियाली तीज पर्व का आयोजन किया जाता है। मान्यता है कि आज के दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना से अखंड सौभाग्य और पति की लंबी आयु का वरदान प्राप्त होता है। वहीं माता पार्वती को सोलह श्रृंगार अर्पित करने से देवी प्रसन्न होती हैं और साधक को वैवाहिक जीवन में सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है।

इस अवसर पर लोकनाथ सुबेदी, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी दिनेश दास, शारदा सुबेदी, कमल खड़का, तनुजा पांडेय रेखा शर्मा सहित बड़ी संख्या में गोरखाली समाज के लोग शामिल रहे।



# आईएफएडी सुपरविजन मिशन ने लिया जनपद में रीप परियोजना प्रगति का जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** इंटरनेशनल फंड फॉर एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट (आईएफएडी) के सुपरविजन मिशन ने मंगलवार को हरिद्वार जनपद में चल रही ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना की प्रगति और उसके प्रभाव का जायजा लिया।

खानपुर पहुंची मिशन की टीम ने उजाला सीएलएफ के तहत संचालित सिंघाड़ा प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण किया। मिशन के सदस्यों ने सीएलएफ के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स और रीप, एनआरएलएम के स्टाफ के साथ बैठक की और अत्यंत गरीब लाभार्थियों और उद्यमियों के साथ बातचीत कर उनकी चुनौतियों, परियोजना के प्रभाव और सफलता की जानकारी ली। इसके बाद, टीम ने उत्कर्ष स्वयं सहायता समूह द्वारा चलाए जा रहे उत्कर्ष रेस्टोरेंट का दौरा किया और महिलाओं द्वारा बनाए गए व्यंजनों का स्वाद लिया साथ ही उनसे महिला सशक्तिकरण व समावेशी विकास पर चर्चा की।



दौरे के अंत में मिशन टीम ने विकास भवन, रोशनाबाद में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे से मुलाकात की और जिले में चल रही गतिविधियों, उनकी उपलब्धियों, चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। कहा कि इस जमीनी दौरे से ग्रामीण आजीविका में सुधार और महिलाओं के सशक्तिकरण में परियोजना की महत्वपूर्ण भूमिका स्पष्ट हुई है। यह दौरा परियोजना को और भी मजबूत बनाने के लिए भविष्य की दिशा तय करने में सहायक होगा।

भ्रमण और बैठक के दौरान आईएफएडी के सुपरविजन मिशन की कंट्री कॉर्डिनेटर मीरा मिश्रा, आईएफएडी उज्बेकिस्तान के वित्त सदस्य नॉरपुलट, नरेश कुमार उपायुक्त ग्राम्य विकास, महेंद्र सिंह यादव उपनिदेशक मानव संसाधन एवं प्रशिक्षण, एग्री होर्टी एक्सपर्ट - एंटरप्राइजेज एक्सपर्ट अरविन्द झाम, परियोजना निदेशक डीआरडीए कैलाश नाथ तिवारी, जिला परियोजना प्रबंधक संजय सक्सेना, समस्त सहायक प्रबंधक ग्रामोत्थान परियोजना, एमसीएफ टीम के अनमोल जैन और मनोज रावत, मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना टीम, समस्त विकासखंड स्तरीय स्टाफ रीप/एनआरएलएम, समस्त सीएलएफ स्टाफ, संबंधित सीएलएफ के बीओडी मेंबर्स, उपस्थित रहे।

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज ने लांच किया एंथे 2025

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने एंथे 2025 लॉन्च किया है। एंथे 2025 में कक्षा 5 से 12 तक के छात्रों के लिए 250 करोड़ की स्कॉलरशिप और 2.5 करोड़ के कैश अवॉर्ड की घोषणा की गयी है। हरिद्वार ब्रांच मैनेजर विशाल कुमार सिंह ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि एंथे का मकसद होनहार छात्रों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के साथ उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद करने के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करना है। एंथे 2025 में छात्रों को 250 करोड़ तक की स्कॉलरशिप दी जा रही है, जो क्लासरूम, आकाश डिजिटल और इन्विक्टस कोर्सेस पर लागू होगी। इसके साथ ही 2.5 करोड़ तक के कैश अवॉर्ड्स भी दिए जा रहे हैं। जो मेडिकल या इंजीनियरिंग में सक्सेसफुल करियर का सपना देखने वाले स्टूडेंट्स के लिए मददगार साबित होंगे। जो छात्र बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे, उन्हें 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप और शानदार कैश प्राइज दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि स्कॉलरशिप और आकाश इन्विक्टस कोर्स में एडमिशन के लिए इस साल से इन्विक्टस ऐस टेस्ट भी लॉन्च किया जा रहा है। यह एडवांस जेईई की तैयारी के लिए डिजाइन किया गया एक प्रीमियम प्रोग्राम है। जिसमें छात्रों की कॉन्सेप्ट समझ और कॉम्पिटिटिव एग्जाम की तैयारी को परखा जाएगा। यह परीक्षा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में आयोजित की जाएगी।



एंथे 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं। छात्र ऑनलाइन या नजदीकी आकाश सेंटर पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाईन और ऑफलाईन दोनों के लिए आवेदन फीस 300 रूपए है। शुरुआती आवेदन करने वालों को 50 प्रतिशत छूट दी जाएगी। ऑनलाइन एग्जाम के लिए आवेदन की आखिरी तारीख चुनी गयी परीक्षा तिथी से 3 दिन पहले और ऑफलाइन के लिए 7 दिन पहले है। एडमिट कार्ड परीक्षा तिथि से 5 दिन पहले जारी किए जाएंगे।

# महंत प्रणवानंद बने ब्रह्मलीन महंत स्वामी राजेंद्रानन्द के उत्तराधिकारी

### विश्नोई समाज के संतों व गणमान्य लोगों ने चादर विधि कर एवं पगड़ी पहनाकर घोषित किया उत्तराध्किारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्री विश्नोई आश्रम भीमगोड़ा के ब्रह्मलीन महंत स्वामी राजेंद्रानन्द को विश्नोई संत समाज एवं विभिन्न राज्यों से आए विश्नोई समाज के गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और ब्रह्मलीन महंत स्वामी राजेंद्रानन्द के शिष्य महंत प्रणवानंद को चादर विधि कर एवं पगड़ी पहनाकर उत्तराधिकारी घोषित किया। श्रद्धांजलि सभा का संचालन आचार्य डा. सचिदानंद ने किया। नवनियुक्त उत्तराधिकारी प्रणवानंद ने कहा कि आज भले ही पूज्य गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत स्वामी राजेंद्रानंद स्थूल रूप से संसार में उपस्थित नहीं है। लेकिन उनके विचार और आदर्श सदैव समाज का मार्गदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी शिष्य एक साथ मिलकर पूज्य गुरुदेव द्वारा देशभर में स्थापित गौ सेवा के प्रकल्पों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। महंत प्रणवानंद ने कहा कि गुरुदेव के बताए मार्ग पर चलकर समाज को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। यही हम सभी शिष्यों की गुरुदेव के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आचार्य भगवानदास जांबा ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत स्वामी राजेंद्रानन्द ने समाज ओर सनातन धर्म संस्कृति को संरक्षित संवर्धित करने में अहम भूमिका निभाई और विश्नोई समाज को धर्म और अध्यात्म के मार्ग पर अग्रसर किया। आचार्य कृष्णानन्द ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत स्वामी राजेंद्रानन्द का समूचा जीवन गौ, गंगा, गीता और भगवान जम्भेश्वर को समर्पित था। पूर्व सांसद जसवंत सिंह एवं मलखान सिंह ने कहा कि जीवन पर्यन्त समाज का मार्गदर्शन करने वाले ब्रह्मलीन महंत स्वामी राजेंद्रानन्द महाराज त्याग, तपस्या, सेवा और समर्पण की प्रतिमूर्ति तथा कर्तव्यनिष्ठ संत थे। इस अवसर पर स्वामी जयानंद, राघवानंद, रमतानन्द, प्रभुतानंद, नरेशानंद, मनमोहन दास, आचार्य विश्वात्मानंद, गोविंदशरणानंद, सर्वानन्द, जगदेवानंद, विश्वंभरानन्द, गजानंद, मुक्तेश्वरानंद, सागरानंद, सतानन्द, पौत्र शिष्य आचार्य अमृतानंद, ओंकारानंद, ब्रज देवानंद, महंत प्रेमदास जांभा, महंत भगवानदास जांभा, महंत रामाकृष्ण समराथल, महंत छगनप्रकाश, महंत शिवदास, महंत कृष्णानंद आचार्य, महंत मनोहरदास शास्त्री, श्रेष्ठ प्रकाश, रामाचार्य सोहनदास, सुबोधानंद, प्रवेशानंद, बलदेवानंद, भानु प्रकाश, अनुपम दास, निर्मल दास, कृष्ण दास, गोपाल दास, आचार्य डा.सुदेवानंद महाराज, धर्मेंद्र विश्नोई, एडवोकेट दीपक कुमार विश्नोई, शुभम् चौधरी, प्रदीप बेनीवाल, संजय बांगड़वा, भानु प्रताप, पवन, प्रमोद गिरि, अश्वनी विश्नोई, जयसिंह, राजन विश्नोई, धर्मपाल विश्नोई, अनुराग थापन, अंकित विश्नोई, कुंवर भूपेंद्र सिंह, दिग्विजय चौटाला, कुलदीप विश्नोई, पप्पूराम, बीरबल शह, गोपाराम, डा.सुरेन्द्र विश्नोई, कर्मवीर विश्नोई, विनीत विश्नोई सहित सैकड़ों संतों महंतो एवं श्रद्धालुओं ने ब्रह्मलीन महंत स्वामी राजेंद्रानन्द महाराज को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की ओर नवनियुक्त उत्तराखिकारी महंत प्रणवानंद को चादर विधि कर आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी।



**सूचना ( नाम परिवर्तन )**

मैंने अपने पुत्र तहज़ुबिल इस्लाम व पुत्रवधु हीना को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदल कर अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में इन दोनों के किसी भी कृत्य व लेने-देन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। नसीम अहमद पुत्र श्री नियाज अहमद, निवासी सूर्या नगर कॉलोनी, रोशनाबाद, थाना सिडकुल, जिला हरिद्वार।

# आर्यों, संतों, पुण्य महात्माओं की भूमि में बर्दाश्त नहीं होंगी मांस की दुकानें : यतीश्वरानंद

**सीएम धामी के नाम से पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद को सौंपा ज्ञापन, जल्द करेंगे वार्ता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** ग्राम कांगड़ी में मांस बेचने वालों की दुकानों को पूर्णतया बंद करने की मांग ग्राम प्रधान के साथ वहां पर निवासरत संतों एवं ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से की है। मंगलवार को ग्राम आर्यनगर स्थित आश्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद को मुख्यमंत्री के नाम से सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से ऐतिहासिक गांव, गंगा के किनारे और हरिद्वार का प्रवेश द्वार होने के नाते पशुओं के वध करने एवं मांस की दुकानों को तत्काल बंद करने की मांग उठाई। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने आश्वस्त किया कि ग्रामवासियों की भावना को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वार्ता कर मांस की दुकानों को बंद कराने के लिए मांग उठाई जाएगी। प्रेमगिरि धाम के महामंडलेश्वर संजय गिरि, ग्राम प्रधान शीतल ने बताया कि ग्राम कांगड़ी महान स्वतंत्रता आंदोलनकारी स्वामी श्रद्धानंद द्वारा बसाया गया ग्राम है जोकि मां गंगा के तट पर स्थित आर्यों संतों महात्माओं की पुण्य भूमि कहलाई जाती है। जिस भूमि पर अनेक धार्मिक स्थान हैं मां गंगा की मुख्य धारा जिस भूमि से होकर निकलती है, जहां अनेक संत महात्माओं ने तप किए हो और जहां सिद्ध स्रोत जैसा पावन स्थान भी है जिसका वर्णन भागवत महापुराण तक में किया गया है। उस भूमि को आज बेजुबानों के खून से खुलेआम दूषित किया जा रहा है। जहां बीच बाजार में मुर्गा, बकरा, मछली, सूअर के मांस की दुकानें मुख्य मार्ग पर खुली हुई हैं। इनसे ग्राम निवासियों के साथ आने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्रियों पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे में ग्राम कांगड़ी में चल रही मांस की सभी दुकानों को जल्द से जल्द पूर्ण रूप से बंद कराया जाए। इस मौके पर महंत पंकज गिरि, महंत दिनेश गिरि, महंत सोमपाल गिरि, पंकज बाबा, गर्व गिरि, महंत प्रेम गिरि, महंत सरजूदास, ब्रजमोहन, धर्मवीर, दीपक प्रधान, राजेश पाल, सोहन दीप राणा, दिवाकर चौहान, आनंद फौजी, संदीप कुमार, मुलायम पाल, लक्की पाल, सनी उपाध्याय, अजय कश्यप, आकाश, राकेश, विनोद कुंडू आदि शामिल हुए।

# राष्ट्र की एकता अखंडता कायम रखने में संत समाज की अहम भूमिका : कैलाशानंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्यामपुर कांगड़ी स्थित श्री श्याम बैकुंठ धाम के पीठाधीश्वर स्वामी श्याम सुंदर ने निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी, जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी, जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम, श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी से भेंट कर श्री बैकुठ धाम पधारने का आमंत्रण दिया। निरंजन पीठाधीश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी ने श्री दक्षिण काली मंदिर पहुंचने पर स्वामी श्याम सुंदर का माता की चुनरी और नारियल भेंटकर स्वागत कर आशीर्वाद दिया। स्वामी कैलाशानंद ने कहा कि हिंदू समाज को सांस्कृतिक रूप से एकजुट कर राष्ट्र की एकता अखंडता कायम रखने में संत समाज की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार सनातन धर्म संस्कृति पर आघात पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उसे देखते हुए संत समाज को एकजुट होना होगा। स्वामी श्याम सुंदर ने कहा कि संत का भेष धारण कर समाज को गुमराज कर रहे कुछ कालनेमियों की वजह से संत समाज की छवि धूमिल हो रही है। मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट एवं अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कालनेमियों के खिलाफ कार्रवाई का जो प्रस्ताव रखा है। समस्त संत समाज उससे सहमत है और एकजुट होकर संत समाज की छवि धूमिल करने वालों को जवाब देगा। इस दौरान डा.स्वामी राजेश्वदास, स्वामी अवंतिकानंद ब्रह्चारी, अंजना माता मंदिर के महंत स्वामी सतीश गिरी भी मौजूद रहे।

# एसएसपी ने उपनिरीक्षकों का किया स्थानांतरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोभाल ने उप निरीक्षकों का स्थानांतरण किया है। जिसमें म0उ0नि0 रेखा पाल को कार्यालय पुलिस अधीक्षक ग्रामीण से कोतवाली गंगनहर, म0अ0नि0 ज्योगी नेगी को कोतवाली गंगनहर से थाना बहादराबाद, म0उ0नि0 सीमा आर्य को थाना बहादराबाद से थाना पथरी, म0उ0नि0 अंशु चौधरी को कोतवाली गंगनहर से प्रभारी म0है0ला0 हरिद्वार व म0उ0नि0 अनीता शर्मा को प्रभारी म0है0ला0 हरिद्वार से कोतवाली नगर स्थानांतरण किया है। एसएसपी ने आदेश जारी होने के बाद तत्काल नियुक्ति स्थल पर रवाना होने के भी निर्देश दिये है।

**सूचना ( नाम परिवर्तन )**

मैंने अपनी पुत्री का नाम अंशी देवी से बदलकर अंशिका रख लिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को अंशिका के नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जाये। मोहकम सिंह पुत्र रिढ़वा सिंह, निवासी ग्राम जैतपुर कलां जिला सहारनपुर हाल निवासी ए-96/2/1 भेल, रानीपुर, हरिद्वार।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
**डी. एस. वर्मा**
मो.: 9411100741

# सदन में कांग्रेस विधायकों का हंगामा और तोड़फोड़ शर्मनाक: जोशी

■ विपक्ष अपना रहा संवेदनहीन, गैरजिम्मेदाराना और व्यक्तिगत स्वार्थ का रवैया



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने सदन में आपदा पीड़ितों पर मरहम लगाने के बजाय कांग्रेस विधायकों द्वारा किए हंगामे और तोड़फोड़ को शर्मनाक एवं दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने आपदा राहत एवं बचाव कार्यों पर कहा कि मुख्यमंत्री धामी देश के पहले सीएम हैं जो ग्राउंड जीरो पर 3 दिन तक रहे और जमीनी आंकलन किया।

मुआवाजे और पुनर्वास को लेकर सीएम और पीएम मोदी की वार्ता हो गई है, फिलहाल रेस्क्यू की तरह प्रभावितों को सबसे अच्छी मदद भी हमारी सरकार समय कर रही है। लेकिन विपक्ष संवेदनहीन, गैरजिम्मेदाराना और व्यक्तिगत स्वार्थ का रवैया अपना रहा है।

पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि संसदीय परंपरा में किसी भी राजनीतिक दल को संवैधानिक विषय के मद्देनजर अपनी बात सदन में रखने का पूरा अधिकार है। लेकिन किसी भी राजनीतिक दल या उसके चुने हुए प्रतिनिधि को सरकार की संपत्तियों को नष्ट करना या सदन में अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना, यह पूरी तरह से गैरजिम्मेदाराना है और ऐसे में कोई भी पार्टी ऐसे कृत्य को करती है उसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है।

पूरे प्रदेश की जनता देख रही है कि किस तरह इस तरह इस प्रदेश में अराजकता का माहौल पैदा करने की कांग्रेस कोशिश कर रही है। पार्टी की राय है कि जो भी मर्यादित है और लोकतांत्रिक परंपराओं का अनादर कर रहा है और जो संविधान के रक्षक के बजाय भक्षक बन जाए, वो कहीं ना कहीं प्रजातंत्र के लिए चुनौतियां खड़े कर रहा है।

उन्होंने कांग्रेस विधायकों के हंगामे को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रदेश आपदा से ग्रस्त है ऐसे सदन में पीड़ितों और प्रभावितों के पार्टी संवेदना जताने के बजाय असंवैधानिक रुख अपनाया गया। जिससे एक बार फिर स्पष्ट नजर आया कि आपदा से जूझ रही जनता के जख्मों पर मरहम लगाने को गैरसैण पहुंची सरकार जनता के हितों के प्रति गंभीर है। लेकिन विपक्ष को जनसरोकारों से कोई लेना देना नहीं बल्कि जनता के मुद्दे उठाने की बजाय व्यक्तिगत स्वार्थ तक ही केवल सीमित है।

# जेबीआईटी में स्टूडेंट्स इंडक्शन प्रोग्राम विद्यारंभ का आगाज

**विकासनगर।** जेबीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में नए प्रवेश लिए छात्रों के लिए एक सप्ताह तक चलने वाले स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम विद्यारंभ का आज विधिवत शुभारंभ हो गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉक्टर अपराजिता प्रसाद डायरेक्टर पीवीसी, संस्थान के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल, निदेशक डॉक्टर पीके चौधरी रजिस्ट्रार डॉक्टर विशांत कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर डॉक्टर प्रसाद ने कहा की उच्च शिक्षा जीवन का वह महत्वपूर्ण चरण है जहां से व्यक्तित्व, करियर और भविष्य की दिशा तय होती है। उन्होंने छात्रों को आत्मविश्वास, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी उन्होंने कहा कि तकनीकी और उच्च शिक्षा के इस प्रतिस्पर्धी दौर में केवल पुस्तककिए ज्ञान ही प्राप्त नहीं बल्कि व्यावहारिक ज्ञान, नवाचार, सामाजिक जिम्मेदारियां का समन्वय भी आवश्यक है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वह अपनी प्रतिभा समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए करें। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉक्टर पीके चौधरी ने कहा कि छात्रों को कठिन परिश्रम एवं ईमानदारी से अपने लक्ष्य की ओर अग्रेषित होने का संदेश दिया साथ ही संस्थान द्वारा छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं कोर्सवर्क के बारे में विस्तृत रूप से समझाया।इस अवसर पर संस्थान के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल, रजिस्ट्रार डॉक्टर विशांत कुमार, डॉक्टर पीके चौधरी, डॉक्टर विशांत कुमार, डॉ. संदीप चौधरी, मनोज चौधरी, डॉ. नीरज कुमार शर्मा, डॉक्टर संजीव गिल, डॉक्टर किशोर भट्ट, डॉ पवन कुमार चौबे, नवीन सिंह, प्रिंसिपल फार्मेसी डॉक्टर अरुण मौर्य, प्रोफेसर पीके गर्ग सहित सभी शिक्षक और छात्र उपस्थित थे।

## एक नजर .......

### ज्नमानस को रिकार्ड रूम से दस्तावेज उपलब्ध कराए जाने की मांग

**विकासनगर।** आरटीआई कार्यकर्ता अरविंद शर्मा ने जिलाधिकारी को एक पत्र भेजकर विकासनगर तहसील में जनमानस को रिकार्ड रूम से दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने डीएम से जनहित में गंभीरता पूर्वक विचार कर उचित कार्यवाही किए जाने का आग्रह किया है। अरविंद शर्मा ने डीएम को भेज पत्र में कहा कि आम जनमानस तहसील विकासनगर में रिकार्ड रूम से अपनी भूमि से संबंधित प्रमाणित दस्तावेज के लिए दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब तहसील व एसडीएम विकासनगर से इस संबंध में वार्ता की जाती है, तो उनका कहना होता है कि तहसील विकासनगर में स्टाफ की कमी के कारण यह कार्य नहीं हो पाते, जिस कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने विकासनगर तहसील में जनमानस को रिकार्ड रूम से दस्तावेज उपलब्ध कराये जाने का आग्रह किया है।

### हनुमान धाम में नेत्र कैंप का आयोजन

**विकासनगर।** हनुमान धाम विकासनगर नेत्र धाम देहरादून की तरफ से हनुमान धाम में नेत्र जांच नि:शुल्क कैंप लगाया गया इसमें आंखों की जांच की गई। जांच विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा की गई। शिविर में सैकड़ो की संख्या में लोगों ने अपने चेकअप कराया, कुछ लोगों का चयन ऑपरेशन के लिए भी किया गया जिनका ऑपरेशन राई नेत्र धाम देहरादून में निशुल्क किया जाएगा। आज के शिविर में मुख्य रूप से हनुमान धाम के महंत विष्णु महावर, विकास शर्मा, जीवनचंद भट्ट, आचार्य आकाश, विनय प्रसाद उनियाल पंकज गोयल आदि ने सहयोग किया। नेत्र धाम की ओर से डॉक्टर चिंतन देसाई, डॉक्टर मोहित गर्ग, डॉक्टर इशा अग्रवाल आदि द्वारा चेकअप किया गया।

### शिक्षा और कंप्यूटर ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की कुंजी: यमन

**विकासनगर।** कास इंडिया सोसाइटी द्वारा शिक्षा को प्रोत्साहित करने और बच्चों को अध्ययन के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरकारी प्राईमरी स्कूल रसूलपुर के छात्र छात्राओं को नि:शुल्क कॉपी, किताबे, स्टेशनरी सामग्री एवं मिठाइयां वितरित की गई। सोसायटी के पदाधिकारी एडवोकेट यमन चौधरी ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला साथ ही बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा अपनाने तथा तकनीकी ज्ञान हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और कंप्यूटर ज्ञान ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की कुंजी है। इस मौके पर जानहवी चौधरी, नीकिता पंवार, शुभम गुसाई, आशीष, आयूषी, मानसी, अकशा परवीन, अंजलि जोशी, रोशनी, प्रियंका, अनशिका, सिमरन चौहान, मानवी सिंह, सपना शर्मा, सानिया आदि मौजूद रहे।

### मयरावना में एकलव्य विद्यालय निर्माण में सुस्ती, अभिभावकों ने जताई नाराजगी

**चकराता।** विकासखंड चकराता के मयरावना में बन रहे एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य सुस्त रफ्तार से चलने पर स्थानीय अभिभावकों ने कड़ा रोष जताया है।

इस संबंध में उन्होंने एन.पी.सी.सी. कलेमेन्टाउन देहरादून के परियोजना प्रबंधक विशाल यादव को ज्ञापन सौंपते हुए समय सीमा के भीतर निर्माण पूरा करने की मांग की। अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय की स्वीकृति को चार वर्ष बीत चुके हैं। मार्च 2025 तक लगभग 50 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य शुरू कराया गया था, लेकिन 17 माह गुजर जाने के बाद भी एक भी भवन पूरा नहीं हो सका है। अनुबंधित एजेंसी को मार्च 2026 तक काम पूरा करना है, परन्तु वर्तमान गति को देखते हुए तय समय में दो भवन भी खड़े हो पाना मुश्किल लग रहा है। ज्ञापन में अभिभावकों ने चेताया कि निर्माण की सुस्ती के कारण जनजातीय क्षेत्र के चयनित 60 बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और वे घर पर ही रहने को मजबूर हैं। उन्होंने मांग रखी कि कम से कम एक भवन सितम्बर तक तैयार कर विद्यालय का संचालन शुरू कराया जाए।

# प्रधानाचार्य सीधी भर्ती के विरोध में शिक्षकों का आंदोलन तेज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखण्ड की प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर प्रदेशभर में 18 अगस्त 2025 से आंदोलन शुरू हो गया है। इसी कड़ी में पीएम राजकीय इंटर कॉलेज क्वांसी, चकराता की शाखा कार्यकारिणी ने विद्यालय परिसर के मुख्य द्वार पर बैठकर चॉकडाउन और कार्य बहिष्कार किया।

प्रभारी प्रधानाचार्य यशपाल राणा ने कहा कि राजकीय शिक्षक संघ लगातार प्रधानाचार्य सीधी भर्ती का विरोध कर रहा है, लेकिन विभाग और सरकार अपनी जिद पर अड़ी हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी शिक्षक संघ के प्रति निष्ठा रखते हैं और आंदोलन की सफलता के लिए संकल्पबद्ध हैं "हम नियमपूर्वक और दृढ़ता से संघर्ष को अंतिम समय तक आगे बढ़ाएंगे और विजय निश्चित रूप से हमारी होगी।

ब्लॉक अध्यक्ष प्रीतम राणा और शाखा अध्यक्ष शमशेर चौहान ने भी चेतावनी दी कि जब तक संघ की मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# वाहन चोरी की घटना का सेलाकुई पुलिस ने किया खुलासा

■ एक शातिर वाहन चोर आया दून पुलिस की गिरफ्त में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** थाना सेलाकुई पुलिस ने वाहन चोरी की घटना का खुलासा किया। गिरफ्तार आरोपी ने नशे की पूर्ति के लिए वाहन चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटर साइकिल बरामद कर कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

वादी फेरान पुत्र याकूब निवासी टोपी मोहल्ला सहसपुर ने थाना सेलाकुई पर अपनी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस संख्या यू0के0-07-डीएच-5989 के चोरी होने के संबंध में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना सेलाकुई पर धारा 303(2) बीएनएस मुकदमा दर्ज किया। पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर आस-पास तथा आने जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों का बारीकी से अवलोकन करते हुए संदिग्धों के सम्बन्ध में जानकारियां एकत्रित की गयी तथा चौकिंग के दौरान राजा रोड मजार के पास से 1 संदिग्ध स्प्लेंडर मोटर साइकिल को रोकने का प्रयास किया तो बाइक सवार द्वारा बाइक को न रोकते हुए उसे मोडकर विपरीत दिशा में भागने का प्रयास किया गया, जिसे पुलिस टीम द्वारा पकड लिया गया।

आरोपी से पूछताछ में उसके द्वारा अपना नाम रोहन राणा पुत्र कर्ण बहादुर निवासी सब्जी निरंजनपुर थाना पटेल नगर बताते हुए उसके पास से बरामद मोटरसाइकिल को सेलाकुई क्षेत्र से चोरी करना बताया गया, जिस पर आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी नशे का आदी है तथा अपनी नशे की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये उसके द्वारा उक्त वाहन चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस टीम में एसआई पी०डी० भट्ट, थानाध्यक्ष सेलाकुई, अ0उ0नि0 उमेद असवाल, सिपाही सोहन सिंह, सुधीर, बृजेश, उपेंद्र भंडारी शामिल रहे।

# कालेज में 37वीं त्री दिवसीय प्रान्तीय कबड्डी व खो-खो प्रतियोगिता संपंन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ विकासनगर में भारतीय शिक्षा समिति, उत्तराखण्ड द्वारा संचालित 37वीं त्री दिवसीय प्रान्तीय कबड्डी, खो-खो प्रतियोगिता का समापन हुआ। समापन कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट, रविंद्र रावत प्रांत खेल संयोजक उत्तराखंड, संभाग निरीक्षक नत्थीलाल बंगवाल (गढ़वाल सम्भाग), संकुल प्रमुख मनोज रयाल (देहरादून संकुल) आदि के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। इन प्रतियोगिताओं में उत्तराखंड प्रांत के लगभग 495 प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया तथा 25 खेल प्रशिक्षकों ने प्रतियोगिता को सम्पन्न कराया। कबड्डी में देहरादून संकुल तथा खो-खो में उत्तरकाशी संकुल को चौंपियनशिप मिली।'बालक वर्ग' में अंडर 14 कबड्डी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़, अंडर 17 कबड्डी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मडीचौरास, अंडर-19 कबड्डी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ प्रथम स्थान पर रहे। 'बालिका वर्ग' में अंडर 14 कबड्डी वासुदेव लाल मैथिल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रुड़की, अंडर 17 कबड्डी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पुरोला उत्तरकाशी, अंडर-19 कबड्डी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज डाकपत्थर प्रथम स्थान पर रहे। 'बालक वर्ग' अंडर 14 खो-खो सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रानीपुर हरिद्वार, अंडर 17 खो-खो सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज चिन्याली सौड़, अंडर-19 खो खो सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रुद्रपुर प्रथम स्थान पर रहे। 'बालिका वर्ग' अंडर 14 खो-खो सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रुद्रपुर, अंडर 17 खो-खो सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कोटद्वार, अंडर-19 खो-खो सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज धर्मपुर देहरादून प्रथम स्थान पर रहे। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागी क्षेत्रीय खो-खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। संभाग निरीक्षक गढ़वाल संभाग नत्थी लाल बंगवाल ने स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई व क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

# बलविंदर जम्मू आईजेयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सोमसुन्दर महासचिव निर्वाचित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** देश में पत्रकारों की सबसे बड़ी यूनियन इन्डियन जर्नलिस्ट यूनिथन (आईजेयू) के चुनाव में पंजाब के वरिष्ठ पत्रकार बलविंदर सिंह जम्मू को राष्ट्रीय अध्यक्ष व आन्ध्र प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार डी सोमसुन्दर को राष्ट्रीय महासचिव निर्वाचित किया गया है। यूनियन के सेन्ट्रल रिटर्निंग अधिकारी महेश कुमार सिन्हा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उक्त दोनों ही पदों पर निर्वाचन निर्विरोध सम्पन्न हुआ। पूरी निर्वाचन प्रक्रिया बिहार की राजधानी पटना मे हुयी। जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ उत्तराखन्ड ने आईजेयू के नये अध्यक्ष बलविंदर सिंह जम्मू और महासचिव डी. सोमसुंदर को हार्दिक बधाई दी है। उल्लेखनिय है कि इस चुनाव में आईजेयू से जुडे बीस से अधिक राज्यों के पत्रकार संगठनो ने भागीदारी निभाई।


**नाम परिवर्तन सूचना**

यह कि पूर्व में मेरा नाम जयदीप सिंह पुत्र गुरुदेव सिंह था जोकि मेरे पॉलिसी बॉड में भी अंकित है। जबकि अब मैंने अपना नाम जयदेव सिंह (JAYDAV SINGH) पुत्र गुरुदेव सिंह (GURUDEV SINGH) रख दिया है जोकि मेरे आधारकार्ड, पैनकार्ड में अंकित है। अब मुझे समस्त दस्तावेजों में जयदेव सिंह के नाम से ही लिखा, पढ़ा व जाना जाए।

**जयदेव सिंह पुत्र गुरुदेव सिंह,**
निवासी ग्राम - कटुड, पोस्ट आफिस - चौकड़ी, पट्टी - इडियाकोट मल्ला, तहसील - रिखणीखाल, जिला-पौड़ी गढ़वाल

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय: "उज्जवल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून-248006
फोन 0135-2763508, 2763808, फैक्स- 0135-2763507
CIN No. U40101UR2001SGC025866 वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक:579 **अल्पकालीन निविदा सूचना** दि0: 19.08.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता(अनु0), चीला, जल विद्युत गृह, चीला वाया हरिद्वार, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड द्वारा निम्नलिखित आपूर्ति/कार्य हेतु अनुभवी ठेकेदारो से मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है:-
1-टी0.03/अ0अ0अनु0/2025-26 विद्युत गृह के ऑफिसर्स क्लब, गेस्ट हाउस, सबस्टेशन,सेन्ट्रल स्टोर एवं ट्यूबवैल परिसर एवं अन्य जगहों के वार्षिक साधारण साफ सफाई का कार्य।
2-कार्य/ आपूर्ति की अनुमानित लागत- रू0 7,12,942.00 (कर अतिरिक्त)
3-निविदा की उपलब्धता की तिथि - 20-08-2025 (17:00 बजे)
4-निविदा जमा की तिथि - 03-09-2025 को 11:00 बजे
निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी वेब साईट www.ujvnl.com पर देखी जा सकती है।
अधिशासी अभियन्ता(अनु0), चीला, जल विद्युत गृह
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

सं0 576 **निविदा सूचना** दिनांक 19.08.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (एम0एण्डयू0-टौंस प्लांटस), यूजेवीएनएल (उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम), ढालीपुर, देहरादून, इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:
निविदा सं0 : 01/अ0अ0 (एमएण्डयू0-टी0पी0)/2025-26,
02/अ0अ0 (एमएण्डयू0-टी0पी0)/2025-26
कार्य का नाम :
1. दो नग वाहन नान एसी (महेन्द्रा बोलेरो/टी0यू0वी0300/मारूती आरटीगा अथवा समकक्ष) चालक सहित, उप महाप्रबन्धक (एमएण्डयू-य0वै0), यूजेवीएन लिमिटेड, ढालीपुर कार्यालय हेतु दो वर्षों के लिए किराये पर लेने हेतु।
2. एक नग वाहन एसी (महेन्द्रा स्कार्पियो/टाटा हैरीयर अथवा समकक्ष) चालक सहित महाप्रबन्धक (आर0एमयू0) यू0जे0वी0एन0 लिमिटेड हेतु दो वर्षों के लिए किराये पर लेने हेतु।
अनुमानित लागत क्रमशः ₹ 19,27,200.00 (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)
₹ 11,16,000.00 (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)
वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि: 20.08.2025 (16:00 बजे से)
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि: 10.09.2025 (16:00 बजे तक)
अन्य जानकारी हेतु कृपया निगम की वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
अधिशासी अभियन्ता (एम0एण्डयू0-टी0पी0), ढालीपुर
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**बेदखली सूचना**

**सर्वसाणरण** को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अभिषेक मेरे व मेरे परिवार के कहने सूनने में नही है जिस कारण मैनें अपने पुत्र अभिषेक को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद किसी भी तरह का लेन देन व कृत्य के जिम्मेदार वो स्वयं होंगे
**संजय पुत्र श्री प्रेम सिंह**
**निवासी - बालावाला ,**
**थाना -रायपुर, देहरादून।**

**कार्यालय जिला पंचायत देहरादून**

पत्रांक सं०-758/VI/यू०कि०/2025-26 दिनांक 19-08-2025

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र संख्या-703/VI/यू०कि०/2025-26 दिनाक 05-08-2025 द्वारा जनपद देहरादून के विभिन्न क्षेत्रों में जिला पंचायत द्वारा स्थापित यूनीपोलो को व्यवसायिक उपयोग हेतु दिनांक 01.09.2025 से 31.03.2026 तक 07 माह के लिये किराये पर दिये जाने हेतु इच्छुक व्यक्तियों/ठेकेदारों से सीलबन्द निविदायें दिनांक 21-08-2025 अपरान्ह 02.00 बजे तक आमंत्रित की गई थी जो उसी तिथि को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जानी थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा की तिथियाँ निम्नवत् सशोधित की जाती है-
1. निर्धारित शुल्क जमा कर कार्यालय जिला पंचायत से निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि- **दिनांक 25-08-2025 सांय 5.00 बजे तक।**
2. पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से निविदायें कार्यालय जिला पंचायत में प्राप्त होने की अन्तिम तिथि-**दिनांक 29-08-2025 अपरान्ह 2.00 बजे तक।**
3. निविदायें खोले जाने की तिथि -**दिनांक 29-08-2025 अपरान्ह 3.00 बजे।**

उक्त निविदा की शेष शर्ते यथावत् रहेगी।

**अपर मुख्य अधिकारी,**
**जिला पंचायत, देहरादून।**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रूद्रप्रयाग**
**Office of the Executive Engineer, Prov.DivPWD,Rudraprayag**
https:// pwd.uk.gov.in fax:01364-233204, E-mail ID:eepwd_rpg@rediffmail.com

पत्र संख्या 2018/8ए० दिनांक-18/08/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, रूद्रप्रयाग द्वारा निम्न कार्य की सील्ड निविदा दिनांक 01.09.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 25.08.2025 से दिनांक 31.08. 2025 तक किसी भी कार्य दिवस में 10.00 बजे पूर्वान्ह से 5.00 बजे सायं तक इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 01.09.2025 की अपरान्ह 3.00 बजे तक निम्नलिखित कार्यालयों में डाले जा सकते हैं।
1. अधीक्षण अभियन्ता, सातवा वृत्त , लोक निर्माण विभाग, गोपेश्वर।
2. अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, रूद्रप्रयाग।
3. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग, ऊखीमठ (रुद्रप्रयाग)।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू० में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदारों की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राज्य योजना (नाबार्ड-30) के अन्तर्गत जनपद रूद्रप्रयाग के विधान सभा क्षेत्र रुद्रप्रयाग के विकासखण्ड जखोली में बडियारगढ़ धौडंगी सौराखाल से खरगेड भ्यूंता तक मिसिंग लिंक का निर्माण (द्वितीय चरण-स्टेज ।।) लम्बाई 2.20 किमी० के अन्तर्गत अवशेष भाग 550 मीटर भाग में दीवार व स्कपर निर्माण कार्य। | 49,000.00 | 2000.00 + 18% GST | 2 माह | 45 दिन | मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत श्रेणी डी एवं उच्चतर |

निविदा दिनांक 02.09.2025 को 3.30 बजे सायं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी अन्य शर्तें निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेंगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है।

**अधिशासी अभियन्ता**
**प्रा0ख0 लो0 नि0वि0**
**रुद्रप्रयाग।**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, उत्तकाशी**
**Office of the Executive Engineer, Prov.Division P.W.D.Uttarkashi**
E-mail ID.pdpwduk@yahoo.com Fax No.01374-222108

पत्र सं0- 1761/ निविदा दिनांक 19/08/ 2025

**निविदा शुद्धिपत्र**

दिनांक 05.08.2025 को धराली - हर्षिल में आई भीषण दैवीय आपदा के कारण इस कार्यालय के पत्रांक- 1666 / निविदा दिनांक 02.08.2025 के द्वारा जो निविदा आमन्त्रित की गई थी, को अग्रिम आदेशों तक स्थगित किया जाता है।

**अधिशासी अभियन्ता**



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# धामी सरकार ने पेश किया 5315 करोड़ का अनुपूरक बजट

## प्रधानमंत्री के मंत्र को आत्मसात करते हुए लाया गया अनुपूरक बजटः सीएम



शाह टाइम्स ब्यूरो

**भराड़ीसैण/देहरादून।** गैरसैण में आयोजित विधानसभा सत्र में प्रस्तुत किये गये अनुपूरक बजट के संबंध में मीडिया से वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 5315 करोड़ रुपये का यह अनुपूरक बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के श्सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासश के मंत्र को आत्मसात करते हुए तैयार किया गया है। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि सतत विकास, समावेशी विकास, नवाचार और आर्थिक सुदृढ़ता की दिशा में हमारा संकल्प है।

### विकास यात्रा में साथ दे जनताः सीएम

यह अनुपूरक बजट नए उत्तराखण्ड की दिशा में एक और मजबूत कदम है। मैं राज्य की जनता से आह्वान करता हूं कि इस विकास यात्रा में हमारा साथ दें।

### पत्रकार कल्याण कोष

राज्य में विद्युत टैरिफ सब्सिडी, स्वास्थ्य योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना, पुलिसकर्मियों के आवास, तीमारदारों के विश्राम गृह तथा शहीद व पत्रकार कल्याण कोष के लिए समुचित प्रावधान किए गए हैं।

### आपदा राहत में प्रावधान

हमारी सरकार ने आपदा न्यूनीकरण और पर्यावरणीय संतुलन को भी प्राथमिकता दी है, ताकि श्इकोलॉजीश और श्इकोनॉमीश के बीच संतुलन बना रहे। भू-धसाव, भूकंप जोखिम, स्प्रिंग मैपिंग, और आपदा राहत हेतु प्रभावी बजटीय प्रावधान किए गए हैं।

### बुनियादी ढांचे के लिए बजट व्यवस्था

बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में रिस्पना-बिन्दाल एलिवेटेड रोड, पंतनगर एयरपोर्ट विस्तार, कुंभ मेला अवसंरचना, तथा पर्यटन विकास को भी विशेष महत्व दिया गया है।

### ऋषिकेश को योग नगरी

हम ऋषिकेश को योग नगरी और हरिद्वार को आध्यात्मिक पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने को प्रतिबद्ध हैं। साथ ही, नन्दा राजजात यात्रा और शारदा रिवर फ्रंट जैसे सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजनों को भी सशक्त किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा फोकस राज्य की मानव पूंजी में निवेश और हर वर्ग के समावेशी विकास पर है। किसानों, श्रमिकों, गरीबों, महिलाओं, युवाओं, सुरक्षा बलों और पत्रकारों सहित सभी वर्गों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए यह बजट तैयार किया गया है।

# सदन में हंगामा, विपक्ष की हताशा का परिचायकः सीएम

## कहा - हर जगह चुनावों में हार के बाद बनाता है बहाना

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**गैरसैंण।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विपक्षी विधायकों द्वारा सदन में किए गए हंगामे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि विपक्ष विधानसभा, लोकसभा, निकाय चुनाव के बाद अब पंचायत चुनाव में मिली हार की खीझ सदन के कामकाज पर उतार रहा है। मंगलवार को विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले दिन की कार्यवाही में जिस तरह से विपक्ष के विधायकों ने व्यवधान डाला वो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

सीएम ने कहा कि भराड़ीसैंण हम सबकी भावनाओं का केंद्र है, इसलिए सरकार ने मानसून के दौरान भी भराड़ीसैंण में सत्र आहूत करने का निर्णय लिया। तमाम विधायक और अधिकारी, सड़क मार्ग बंद होने की परेशानी उठाते हुए भी, यहां पहुंचे हैं। इसलिए सरकार चाहती है कि हर मुद्दे पर बहस हो, लेकिन विपक्ष ने कानून व्यवस्था पर चर्चा की आड़ में खुद ही सदन के अंदर व्यवस्था तोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष पंचायत चुनावों में मिली हार की खीझ सदन के कामकाज पर उतार रहा है। सीएम धामी ने कहा कि पंचायत चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष हुए हैं, जहां कानून व्यवस्था संबंधित कुछ दिक्कतें आई, वहां सरकार ने तत्काल एक्शन भी लिया है। यदि चुनाव निष्पक्ष नहीं होते तो देहरादून और बाजपुर में कांग्रेस को जीत कैसे मिली। इसी तरह नैनीताल में भी अध्यक्ष भाजपा और उपाध्यक्ष कांग्रेस का जीता है, इससे साफ है कि चुनाव पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हुए हैं। उन्होंने कांग्रेस पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि, विपक्ष देशभर में जहां जहां चुनाव हारता है, वहां इसी तरह कभी ईवीएम, चुनाव आयोग, सरकार से लेकर प्रशासन पर अनाप शनाप आरोप लगाता है।

### ये नौ विधेयक सदन पटल पर रखे गए

- उत्तराखंड विनियोग 2025-26 का अनुपूरक विधेयक 2025
- उत्तराखंड उत्तर प्रदेश श्री बदरीनाथ तथा श्री केदारनाथ मंदिर अधिनियम 1939 संशोधन विधेयक 2025
- उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता एवं विधि विरुद्ध प्रतिषेध संशोधन विधेयक 2025
- उत्तराखंड निजी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2025
- उत्तराखंड साक्षी संरक्षण निरसन विधेयक 2025
- उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक 2025
- समान नागरिक संहिता उत्तराखंड संशोधन विधेयक 2025
- उत्तराखंड पंचायती राज संशोधन विधेयक 2025
- उत्तराखंड लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक 2025





# सिंगटाली पुल के लिए मुख्यमंत्री ने दी 57 करोड़ की स्वीकृति

## गढ़वाल - कुमाऊं को जोड़ने वाले बहुप्रतीक्षित सिंगटाली पुल पर जल्द शुरु होगा काम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** गढ़वाल मंडल और कुमांऊ मण्डल को जोड़ने वाले बहुप्रतीक्षित सिंगटाली पुल के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 57 करोड़ की वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इससे पुल निर्माण जल्द प्रारंभ होने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी पूर्व की घोषणा के क्रम में पौड़ी जिले की यमकेश्वर विधानसभा में प्रस्तावित इस पुल के लिए अहम वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंगलवार को शासन द्वारा प्रमुख अभियंता लोनिवि को इस बारे में विधिवत आदेश जारी कर दिए गए हैं। कौडियाला-व्यासघाट मोटर मार्ग के किमी 01 में गंगानदी पर प्रस्तावित सिंगटाली पुल की कुल लंबाई 150 मीटर है, इस पर कुल लागत 57 करोड़ 5 लाख 25 हजार की लागत आनी है। मुख्यमंत्री के विशेष निर्देश पर, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित व्यय ख्र वित्त समिति पहले ही इस प्रस्ताव को हरी झंडी दे चुकी है। इस तरह इस बहुप्रतीक्षित पुल के निर्माण की सभी बाधाएं अब दूर हो चुकी है, जिससे शीघ्र पुल निर्माण प्रारंभ हो सकेगा।

सिंगटाली पुल की मांग जनता लंबे समय से कर रही थी। इस पुल के निर्माण से गढ़वाल- कुमांऊ के मध्य सड़क सम्पर्क और मजबूत हो सकेगा। अब तेजी से निमार्ण कार्य प्रारंभ करते हुए, तय समय में इसे पूरा किया जाएगा... **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड'**

# सत्र के पहले ही दिन कांग्रेस का जोरदार हंगामा

## कानून व्यवस्था पर सरकार को घेरा, मुख्यमंत्री से मांगा इस्तीफा, सदन के बाहर दिया धरना, 'वोट चोर गद्दी छोड़' के लगाए नारे

शाह टाइम्स संवाददाता

**गैरसैंण।** उत्तराखंड की ग्रीष्मकाल. ीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैंण में विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले ही कांग्रेस के तल्ख तेवर नजर आए। 'वोट चोर गद्दी छोड़' के पट्टी और नारों के साथ कांग्रेस पंचायत चुनाव में हुई कथित अराजकता को लेकर आर-पार की लड़ाई के मूड में दिखाई दी। उम्मीद के मुताबिक ही सत्र की शुरुआत हंगामे से हुई। कांग्रेस के सभी विधायक एक साथ हाथों में नारे लिखी पट्टियां लेकर सरकार के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए प्रदर्शन करते हुए पहुंचे। पहले विधायकों ने सदन के बाहर सीढ़ियों पर धरना दिया, फिर सदन के अंदर भी दिनभर हंगामा जारी रहा। स्थिति इतनी बिगड़ी कि स्पीकर को सात बार सदन स्थगित करना पड़ा।

मंगलवार को कांग्रेस विधायक पूरी रणनीति के तहत एक साथ विधानसभा भवन पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या ने कहा कि भाजपा ने जिस तरह लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया है, उसका जीता-जागता उदाहरण नैनीताल जिले में देखने को मिला। उन्होंने कहा कि नैनीताल में तमंचों और तलवार के दम पर वोट चोरी और लूट की गई। सरकार ने इस पर संज्ञान नहीं लिया, लेकिन नैनीताल हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया।




### विपक्ष ने सरकार की बर्खास्तगी की उठाई मांग

विपक्ष एक आवाज में पंचायत चुनाव में कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाने को लेकर न केवल सदन के बाहर बल्कि सदन के भीतर भी सरकार की बर्खास्तगी की मांग करता रहा। कांग्रेस ने नैनीताल डीएम और एसपी पर भी कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रीतम सिंह ने कहा कि वोट चोरी अब राष्ट्रीय मुद्दा बन गया है और भाजपा इसमें नंबर वन है। इसका ताजा उदाहरण उत्तराखंड है।

### नैनीताल में सरकार ने पीड़ितों पर ही की कार्रवाईः अनुपमा

कांग्रेस की महिला विधायक अनुपमा रावत ने आरोप लगाया कि भाजपा लोकतंत्र का गला घोंट रही है। हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि भाजपा की गुंडई इतनी बढ़ गई है कि नेता प्रतिपक्ष और विधायकों के साथ धक्का-मुक्की की गई, मगर सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ा।

### डीएम व एसएसपी को भाजपा का मंडल अध्यक्ष बना देना चाहिए: हृदयेश

सुमित हृदयेश ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि नैनीताल के जिलाधिकारी और एसएसपी को भाजपा का मंडल अध्यक्ष बना देना चाहिए और उनके कंधों पर कमल का फूल लगाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि जिन चुनावों में गड़बड़ी हुई है, उन्हें दोबारा कराया जाए। हृदयेश ने कहा कि यूपी के दौर में बूथ कैप्चर की खबरें आती थीं, मगर भाजपा सरकार में तो खुलेआम वोटों की लूट हो रही है, और यह सब हाईकोर्ट की नाक के नीचे हुआ।

## स्पीकर ने तल्ख लहजे में कहा, ये जनता के पैसे की बर्बादी

# विधायकों ने माइक तोड़े, टेबल गिराया

शाह टाइम्स संवाददाता

**गैरसैंण।** भराड़ीसैंण में मंगलवार से शुरू हुए विधानसभा सत्र के पहले दिन विपक्ष ने सदन के बाहर ही नहीं, अंदर भी जमकर हंगामा किया। विपक्ष के विधायक विरोध करते-करते इतने आक्रोशित हो गए कि उन्होंने विधानसभा सचिव की टेबल पलटाने और माइक तोड़ने तक की कोशिश की।

सत्र की शुरुआत में कांग्रेस ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर नियम 310 के तहत चर्चा कराने की मांग की। स्पीकर ने प्रश्नक. ाल के बाद चर्चा का आश्वासन दिया, मगर विपक्षी विधायक वेल में आकर हंगामा करने लगे। स्थिति बिगड़ने पर स्पीकर ऋतु खंडूड़ी को 20 मिनट के लिए सदन स्थगित करना पड़ा।वहीं, जैसे ही कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, विपक्षी विधायक फिर माइक फेंकने और टेबल पलटने की कोशिश करने लगे। स्पीकर के सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। बार-बार हंगामे के कारण कार्यवाही कई बार स्थगित हुई। इस पर स्पीकर ऋतु खंडूड़ी ने कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि सरकारी संपत्ति जनता के टैक्स से खरीदी जाती है, इसलिए उसे नुकसान पहुंचाना जनता के पैसे की बर्बादी है।



### पिथौरागढ़ के खूनी गांव का नाम अब देवीग्राम हुआ

**देहरादून।** पिथौरागढ़ जिले में तहसील पिथौरागढ़ स्थित ग्राम "खूनी" का नाम बदलकर अब "देवीग्राम" कर दिया गया है। मुख्यमंत्री के विशेष प्रयासों से भारत सरकार ने खूनी ग्राम का नाम बदलने की अनुमति प्रदान कर दी है, इसके बाद उत्तराखंड शासन के राजस्व विभाग ने इसकी विधिवत अधिसूचना जारी कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि स्थानीय निवासी लंबे समय से गांव का नाम बदलने की मांग कर रहे थे, उनकी भावनाओं को देखते हुए राज्य सरकार ने भारत सरकार से अनुमोदन प्राप्त कर अब यह मांग पूरी कर दी है। अब आधिकारिक रूप से ग्राम "खूनी" को "देवीग्राम" के नाम से जाना जाएगा।

# जनता की आवाज को कुचल रही सरकारः यूकेडी

## विस क्षेत्र के आसपास 5 किमी तक धरना-प्रदर्शन पर रोक



शाह टाइम्स संवाददाता

**गैरसैंण।** विधानसभा सत्र को देखते हुए प्रशासन ने विधानसभा क्षेत्र के 5 किलोमीटर दायरे में धारा 163 लागू कर सभी तरह के धरना-प्रदर्शन पर रोक लगा दी। इसके चलते भराड़ीसैंण पहुंच रहे उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) के सैकड़ों कार्यकर्ताओं को पुलिस ने जगह-जगह रोक दिया। यूकेडी नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार जनता की आवाज को दबाना चाहती है।

चमोली एडिशनल एसपी वीर सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी ने बीती शाम से ही आदेश जारी कर दिए थे कि विधानसभा क्षेत्र के आसपास 5 किमी तक किसी तरह का प्रदर्शन नहीं होगा। यूकेडी की योजना विधानसभा घेराव करने की थी, लेकिन पुलिस ने इसे विफल कर दिया। यूकेडी नेताओं ने कहा कि गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाना उत्तराखंड आंदोलन की मूल मांग थी, मगर दोनों प्रमुख दल इस मुद्दे पर कभी गंभीर नहीं रहे। उन्होंने मांग की कि धारली की भीषण आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाए और गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाया जाए।

## नैनीताल जिला पंचायत चुनाव पर हाईकोर्ट का सख्त रुख

# डीजीपी व गृह सचिव हाईकोर्ट में तलब

- देवभूमि में इस तरह की वारदातें होना कानून व्यवस्था की ढिलाई को दर्शाता है

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने जिला पंचायत अध्यक्ष नैनीताल के चुनाव के दिन 14 अगस्त (गुरुवार) को हुई आपराधिक वारदात पर स्वत: संज्ञान लेते हुए दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को लगातार दूसरे दिन सुनवाई की। हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस महानिदेशक और गृह सचिव को मामले में पक्षकार बनाया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार, 22 अगस्त को होगी।

हाईकोर्ट ने गृह सचिव को आदेश दिया है कि वे अगली सुनवाई पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश हों। साथ ही कोर्ट ने उधमसिंह नगर और बेतालघाट में चुनाव के दौरान हुई घटनाओं पर चिंता जताई और कहा कि यह देवभूमि है, यहां इस तरह की वारदातें होना कानून व्यवस्था की ढिलाई को दर्शाता है।

### वीडियो फुटेज पर कोर्ट की सख्त टिप्पणी

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने वे वीडियो देखे जिनमें रेनकोट पहने लोग पांच जिला पंचायत सदस्यों को घसीटते हुए ले जा रहे थे। इसके अलावा एक होटल में मतदान से एक रात पहले हथियारबंद लोगों के पहुंचने और पुलिस द्वारा उनकी जांच न करने पर भी कोर्ट ने गहरी नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि नैनीताल पुलिस अपनी जिम्मेदारी निभाने में असफल रही है। सोशल मीडिया पर श्नैनीताल को हिला डाला, शीर्षक से वायरल वीडियो पर भी अदालत ने गहरी चिंता जताई।

### एसएसपी ने दिया जवाब उपनिरीक्षक निलंबित

सुनवाई के दौरान नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने कोर्ट को बताया कि ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में एक उप निरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि 13 अगस्त की रात लाल कार से आए लोगों में रामपुर, उधमसिंहनगर, हल्द्वानी और नैनीताल के लोग शामिल थे। इस कार को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है और विस्तृत जानकारी जुटाने का काम जारी है।

### हाईकोर्ट परिसर में निषेधाज्ञा, भारी पुलिस बल तैनात

**नैनीताल।** मंगलवार को भी लगातार दूसरे दिन हाईकोर्ट परिसर में निषेधाज्ञा लागू रही। कोर्ट परिसर और उसके आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के परिणाम घोषित करने के मामले में मंगलवार को भी बहस हुई। यह याचिका जिला पंचायत सदस्य पूनम बिष्ट ने दायर की है, जिसमें पुनर्मतदान की मांग की गई है।

### लाइव स्ट्रीमिंग पर हाईकोर्ट की सख्ती

हाईकोर्ट ने साफ आदेश दिया है कि जो लोग कोर्ट की लाइव कार्यवाही को सोशल मीडिया पर डालकर अपने सब्सक्राइबर बढ़ा रहे हैं, उनके खिलाफ लाइव स्ट्रीमिंग कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट ने कहा कि कुछ पोर्टल और यूट्यूबर कोर्ट की कार्यवाही का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं, जो गंभीर अपराध है।

### नैनीताल में जीत, जनता की विकास पर स्वीकृतिः भट्ट

**देहरादून।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने नैनीताल परिणाम के साथ पंचायत अध्यक्ष सीटों में जीत का आंकड़ा 11 होने के लिए जनता और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है। अपनी प्रतिक्रिया में उन्होंने कहा कि, हमने न्यायालय और राज्य निर्वाचन आयोग का सम्मान किया। पूरी सद्भावना और नैतिकता से निर्णय का इंतजार किया। लेकिन कांग्रेस पार्टी के लोग नकारात्मक माहौल बना बना रहे थे।

# नैनीताल-बेताल घाट की घटनाओं की कमिश्नर करेंगे जांच

## मुख्यमंत्री धामी हुए गंभीर, कमिश्नर से 15 दिन में मांगी जांच रिपोर्ट

- पंचायत चुनाव में फायरिंग और अपहरण हंगामे जैसे हुए विवाद




शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** पंचायत चुनावों के दौरान नैनीताल एवं बेतालघाट में हाल ही में हुए घटनाक्रमों को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निष्पक्ष और प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संपूर्ण मामले की विस्तृत जांच कुमाऊँ मंडल के आयुक्त द्वारा की जाएगी और आयुक्त को यह आख्या पंद्रह दिवस के भीतर शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### भवाली सीओ का ट्रांसफर जनपद से बाहर

**देहरादून।** घटनाओं के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक स्तर पर त्वरित कार्यवाही करते हुए बेतालघाट में हुई फायरिंग सहित अन्य घटनाओं को देखते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी भवाली का स्थानांतरण जनपद से बाहर अन्यत्र करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, थानाध्यक्ष तल्लीताल को भी जनपद नैनीताल से बाहर स्थानांतरित किया जाएगा।

### भवाली की घटना की जांच सीबीसीआईडी को

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया है कि नैनीताल एवं भवाली में हुई घटनाओं तथा इस दौरान दर्ज समस्त प्राथमिकी की विस्तृत जांच अब सीबीसीआईडी द्वारा की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसी भी स्थिति में कानून-व्यवस्था से समझौता नहीं करेगी और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### उर्स को लेकर कलियर नगर पंचायत ने चलाया

# मेला ग्राउंड में सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** नगर पंचायत पिरान कलियर की टीम ने सड़क किनारे मेला ग्राउंड में विशेष सफाई अभियान चलाया। जिसमें झाड़ियां और घास हटाई गई। इस दौरान दुकानदारों और लोगों को सफाई के प्रति जागरूक भी किया।

पिरान कलियर साबिर पाक के सालाना उर्स के मद्देनजर

नगर पंचायत की टीम ने सड़क किनारे ,खाली प्लाट ,मेला ग्राउंड में साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में टीम ने प्लॉट और सोहलपुर और रुड़की रोड पर सड़क किनारे उगी हुई झाड़ियों और घास को साफ किया।चौक हुए नालों को भी साफ किया।ईओ कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि उर्स शुरू होने वाला है। इसी को देखते हुए नगर पंचायत की टीम ने मेला ग्राउंड ,खाली पड़े प्लाट और सड़क किनारों से झाड़ियों और घास को हटाने के लिए एक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। कलियर क्षेत्र में खाली प्लाटों सड़क किनारे जो बड़ी बड़ी घास उग गई थी।और गंदगी और कचरे का ढेर बन गए थे। नगर पंचायत सफाई कर्मचारियों की टीम ने इस



अभियान में खाली पड़ी जगहों से झाड़ियों और घास को काटा, कचरा हटाया और सार्वजनिक स्थानों को साफ किया। साथ ही लोगों को सफाई के प्रति जागरूक भी किया।नगरवासियों से अपील की है कि कोई भी खुले में कूड़ा न फेंके।आसपास सफाई का ध्यान रखें।कूड़े को कूड़ेदान में डाले।

# भगवानपुर नगर पंचायत व तहसील प्रशासन ने सड़कों से हटाया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** एसडीम भगवानपुर के निर्देश पर नायब तहसीलदार व नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने कस्बे की सड़कों से अस्थाई अतिक्रमण हटाया।

सड़कों पर दुकानदारों द्वारा लगातार अतिक्रमण करने की सूचना पर एसडीम भगवानपुर देवेंद्र सिंह नेगी ने नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता व अधिशासी अधिकारी सुरेंद्र कुमार को टीम के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने के लिए कहा जिस पर दोनों अधिकारी टीम के साथ सड़कों पर उतरे और दुकानों द्वारा किए गए स्थाई अतिक्रमण को हटाया इस दौरान कुछ दुकानदारों से अधिकारियों की नोकझोंक भी हुई लेकिन अधि कारियो ने साफ कर दिया कि सड़क पर अतिक्रमण कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा लगातार अभियान चलाकर कस्बे को आती कारण मुक्त किया जाएगा। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया किकस्बे में जाम की स्थिति बनी रहती है लोगों की शिकायत है कि दुकानदारों ने सड़कों पर अतिक्रमण किया हुआ है जिसको लेकर आज नायब तहसीलदार के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गयादुकानदारों को आगे भी हिदायत दिए गए की सड़क



पर अतिक्रमण न करें। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी सुरेंद्र कुमार के साथ तथा स्टाफ एवं राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश क्षेत्रीय पटवारी सलीम अहमद के साथ भगवानपुर बाजार से 32 अस्थाई अतिक्रमण हटाएं गए तथा 28 00 रुपए जुर्माना अतिक्रमण से संबंधित वसूला गया।

### क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय टीम ने की कार्यवाही

# प्राइवेट वाहन में ढोए जा रहे थे छात्र, चार सीज 19 के चालान

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** एआरटीओ ने मंगलवार को फिर छात्र सुरक्षा के मद्देनजर स्कूल वाहनों के खिलाफ अभियान जारी रखा। अभियान में चार स्कूल वाहन सीज किए गए हैं। जबकि उन्नीस के चालान किए हैं। इन प्राइवेट वाहनों का प्रयोग व्यावसायिक तौर पर हो रहा था। अभियान 18 अगस्त से 23 अगस्त तक जारी रहेगा। शहर और देहात में नियमित अभियान चलने से स्कूल संचालकों में भी हड़कंप मचा है।

जिले में प्राइवेट स्कूलों की भरमार है। यहां प्ले स्कूल से लेकर हाई और इंटरमीडिएट के छोटे-बड़े स्कूल हर साल खुल रहे हैं। स्कूलों को बेहद आकर्षित बनाया जा रहा है। जबकि बेहतर शिक्षा के लाख दावे हो रहे हैं। लेकिन छात्र सुरक्षा के नाम पर नियमों को ताक पर रखा जा रहा है। अधिकांश स्कूलों में छात्रों को घर से स्कूल और स्कूल से घर ले जाने के लिए बेहद ही खराब स्थिति के वाहन प्रयोग में लाए जा रहे हैं। ऐसे में एआरटीओ (प्रवर्तन) कृष्णा पलाडिया के नेतृत्व में स्कूली वाहनों की चेकिंग हो रही है। जिनमें छोटे और बड़े स्कूल वाहन शामिल है। मंगलवार को रुड़की में चार स्कूल वाहनों को रोका गया जो प्राइवेट वाहन थे और उनका प्रयोग व्यवसाय में किया जा रहा था। चार प्राइवेट स्कूली वाहन में बच्चे भी क्षमता से अधि क मिले। जबकि उन्नीस स्कूल वाहनों के भी चालान किए गए हैं। जिनमें सुरक्षा, छात्र संख्या ज्यादा, अधूरे कागजात व अन्य अनियमितताएं मिलने पर चालान किए गए। अभियान सप्ताह भर तक जारी रहने का दावा किय गया है। आपको बता दे कि पिछले दो दिन से वाहनों की चेकिंग से स्कूल संचालकों में भी हड़कंप मचा हुआ है।

# पुलिस ने नकदी समेत दो सटोरियों को दबोचा

**शाह टाइम संवाददाता**

**लक्सर** लकसर पुलिस के द्वारा दो सटोरियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 1900 रुपए नकद सट्टा पर्ची व पेन भी बरामद हुए हैं।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाए जाने के लिए निर्देशित किया था उच्च अधिकारियों के आदेश पर 18 अगस्त 2025 को गस्ट व चेकिंग के दौरान दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया उनके कब्जे से 1900 रुपए नगद सट्टा पर्ची व पेन बरामद हुष् हैं पूछताछ करने पर उन व्यक्तियों ने अपने नाम कार्तिक पुत्र पप्पन निवासी ग्राम केहड़ा थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार उम्र 22 वर्ष शुभम पुत्र इंद्र निवासी उप्रोक्त उम्र 23 वर्ष बताया उनको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में लकसर पुलिस चौकी प्रभारी विपिन कुमार कांस्टेबल राजेंद्र सिंह चौहान अरुण नेगी सुरेश सिंह चौहान होमगार्ड मंगेराम शामिल रहे पकड़े गए व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# दसवीं की छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, फोन नंबर भी बंद

❖पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच पड़ताल

❖छात्रा की आखिरी लोकेशन और कॉल रिकॉर्ड खंगाल रही पुलिस

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** दसवीं कक्षा की छात्रा दोपहर ट्यूशन जाने के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। छात्रा का फोन नंबर भी बंद आ रहा है। पुलिस ने छात्रा के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छात्रा के फोन नंबर की आखिरी लोकेशन और कॉल रिकॉर्ड खंगाली जा रही है। जबकि छात्रा के संपर्क में रहने वाले लोगों से भी पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने बताया कि सोमवार को 16 वर्षीय पुत्री दोपहर तीन बजे ट्यूशन जाने के लिए शास्त्रीनगर गई थी। लेकिन फिर वापस घर नहीं लौटी। जिसके बाद पुलिस तक मामला पहुंचा। परिवार के मुताबिक पुत्री का फोन नंबर भी बंद आ रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छात्रा लापता हुए तीन दिन हो गए हैं। मामला अब प्रेम प्रसंग से भी जोड़कर देखा जा रहा है। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि छात्रा के संपर्क में रहने वाले सहपाठी व अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है। छात्रा के फोन की कॉल रिकॉर्ड से भी कुछ संदिग्ध फोन नंबर मिले हैं। जल्द छात्रा को सकुशल ढूंढ लिया जाएगा।

### पुलिस को देख बाइक छोड़ भागे गो तस्कर

# बाइक, 165 किलो मांस व अवशेष किये बरामद

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सोलानी नदी के पास खेत में छापा मारा। जहां पुलिस को देखकर गो तस्कर बाइक छोड़कर मौके से भाग खड़े हुए। टीम ने मौके से 165 किलो प्रतिबंधित मांस, पशु अवशेष और बाइक बरामद की है।

उत्तराखंड गोवंश संरक्षण स्क्वायड के उपनिरीक्षक शरद सिंह को सूचना मिली कि सोलानी नदी के पास गोकशी हो रही है। इसके बाद टीम ने मौके की ओर दौड़ लगा दी। तभी एक बाइक पर दो व्यक्ति आते दिखे। जिनको पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन जैसे ही उन्होंने खुद को पुलिस से घिरता देख तो वह बाइक मौके पर छोड़कर भाग खड़े हुए। मौके से 165 किलो प्रतिबंधित मांस और अवशेष बरामद हुए हैं। जबकि जिन चार लोगों ने गोकशी की है उनके नाम पते भी पुलिस को मिले हैं।

# अवैध तमंचे के साथ एक युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लकसर।** पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया है उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधो की रोकथाम अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों असामाजिक तत्व पर अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को चेकिंग के लिए निर्देशित किया था उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार 18 अगस्त 2025 को रात्रि में थाना क्षेत्र में संदिग्ध वाहन व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान क्षेत्र से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम सचिन पुत्र कैलाशो निवासी रामसाहवाला थाना मंडावर जनपद बिजनॉर उत्तर प्रदेश उम्र 23 वर्ष बताया उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में भीकमपुर पुलिस चौकी प्रभारी नवीन सिंह चौहान कांस्टेबल संदीप रावत अजीत तोमर शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### लकसर विधायक की सीएम से रामपुर रायघटी में गंगा पुल निर्माण की मांग

# विकास कराना ही मेरा मसकद : शहजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के रामपुर रायघटी में गंगा पर पूल निर्माण को लेकर विधायक ने मुख्यमंत्री से भेंट की है लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद ने बताया कि मेरे द्वारा रामपुर रायघटी से गंगा नदी के दूसरे किनारे जनपद बिजनौर की ओर पूल निर्माण की मांग की जा रही थी जिसके लिए मेरे द्वारा प्रयास किए गए और मुख्यमंत्री घोषणा में उक्त निर्माण को शामिल भी किया गया उन्होंने कहा साथ ही संबंधि त विभाग द्वारा कई बार मेरे द्वारा स्थलीय निरीक्षण भी किया



गया और लोक निर्माण विभाग द्वारा अग्ररेत्तर कार्रवाई भी अमल में लाई गई उन्होंने कहा जनहित को ध्यान में रखते हुए इस पुल के निर्माण के लिए मैंने आज माननीय मुख्यमंत्री से भेंट कर उक्त निर्माण के लिए प्रथम चरण की स्वीकृति प्रदान किए जाने के लिए निवेदन भी किया है उन्होंने कहा रामपुर रायघटी के दर्जनों गांव सहित लक्सर विधानसभा और बिजनौर के लोगों के लिए आने-जाने के लिए रास्ता खुल जाएगा और घंटो के सफर की आवाजाई कुछ मिनटो में तय हो जाएगी।शहजाद विधायक ने कहा कि वह अपने क्षेत्र के बुनियादी विकास के लिए ईमानदारी जिम्मेदारी से प्रयास कर रहे हैंऔर करते रहेंगे।

# इंस्पेक्टर गोविंद कुमार को सौंपी कलियर उर्स मेला कोतवाली प्रभारी की जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** एसएसपी हरिद्वार ने निरीक्षक गोविन्द कुमार को कलियर उर्स का मेला प्रभारी नियुक्त किया है। मेला आगामी 24 अगस्त से शुरू होकर लगभग 20 दिनों तक चलेगा।

आगामी उर्स मेला पिरान कलियर को सुचारू, सुरक्षित एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा विशेष व्यवस्थाएँ की जा रही हैं। इस क्रम में निरीक्षक गोविंद कुमार को उर्स मेला पिरान कलियर का प्रभारी नियुक्त किया गया है। मेले में



आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु निरीक्षक गोविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

# पुलिस ने दो फरार वारंटी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा मुखबीर की सूचना पर दो वारंटइयों को गिरफ्तार किया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा न्यायालय से प्राप्त आदेशिकाओ को सत प्रतिशत तामील करने के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबीर की सूचना पर न्यायालय से जारी आदेशिकाओ की तामील के लिए पुलिस ने छापेमारी करते हुष् दो वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया जिनके नाम ईरशाद अली पुत्र अख्तर निवासी हबीबकुड़ी रायशी कोतवाली लकसर मुश्ताक पुत्र अख्तर निवासी उपरोक्त बताएं उनको पकड़ाने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी नीरज रावत कांस्टेबल महेंद्र सिंह अनिल वर्मा शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्तियों को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर पकड़े गए व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र इसरार का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने इसरार को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद इसरार के किसी भी लेनदेन व अनैतिक कार्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**निजामुद्दीन पुत्र अब्दुल वहीद नि. सुलतानपुर आदमपुर थाना व तहसील लक्सर, हरिद्वार।**

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र जावेद का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने जावेद को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद जावेद के किसी भी लेनदेन व अनैतिक कार्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**इमदाद पुत्र अल्लाबन्दा नि. मौहल्ला लोधा मंडी ज्वालापुर, कोतवाली ज्वालापुर, हरिद्वार।**

## चांद दिखाई देने के बाद मेहंदी डोरी की रस्म से होगा उर्स का आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** विश्व प्रसिद्ध दरगाह हजरत मखदूम अलाउद्दीन अली अहमद साबिर पाक का सालाना उर्स/मेला चांद दिखाई देने पर 24 अगस्त से मेंहदी डोरी की रस्म के साथ शुरू हो जाएगा। उर्स/मेले में देश विदेश से लाखों जायरीन पिरान कलियर पहुंचते है। जिसको लेकर पुलिस/प्रशासन पहले से ही तैयारियों में जुट जाता है। एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने उर्स/मेले में इंस्पेक्टर गोविंद कुमार को मेला कोतवाली प्रभारी नियुक्त किया है। उर्स मेले में आने वाले जायरीनों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इंस्पेक्टर गोविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

# कलियर में आज फिर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह साबिर पाक के 757 वें सालाना उर्स की तैयारियो को लेकर अतिक्रमण दूसरे दिन भी रहा। नगर पंचायत तहसील प्रशासन की टीम ने मंगलवार को भी मेला क्षेत्र से अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। साबिर पाक के सालाना उर्स के मद्देनजर तहसील प्रशासन और नगर पंचायत की टीम ने नायब तहसीदार ध नीराम सैनी और ईओ कुलदीप सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिसबल के साथ दूसरे दिन सोहलपुर रोड ,टँकी चौक, दरगाह ईमाम साहब,अब्दाल साहब ,वीआईपी रोड सहित अन्य जगहों से जेसीबी अतिक्रमण हटाया है। इस दौरान कुछ अस्थाई दुकानदारों का सामान भी जब्त किया।अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान कई जगहो पर से दुकानदारों ने स्वयं ही अपनी अपनी दुकानों को हटा लिया। वही टीम को अतिक्रमण हटाने के दौरान नोकझोंक का सामना भी करना पड़ा है। नायब तहसीदार धनीराम सैनी और ईओ कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि ज्वांइट मजिस्ट्रेट के निर्देश पर साबिर पाक के सालाना उर्स के मद्देनजर क्षेत्र से अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण हटवाया जा रहा हैं। जो अतिक्रमण रह गया था उसे दूसरे दिन फिर से हटाया गया है। और कुछ को स्वयं अतिक्रमण हटाने की चेतवानी दी गई है।अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### भगवानपुर तहसील दिवस में एसडीएम ने सुनी जन समस्याएं

# 18 शिकायत में से चार का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

भगवानपुर। तहसील दिवस भगवानपुर में उप जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी जी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें मौके पर 18 शिकायत दर्ज हुई तथा चार का निस्तारण कर दिया गया शेष 14 शिकायतें जिसमें चकबंदी विभाग की पैमाइश एवं चकमार्ग तथा पानी की निकासी अतिक्रमण से संबंधित वरिष्ठ नागरिकभरण पोषण से संबंधित आपदा के अंतर्गत फसल का मुआवजा तहसील से संबंधित भूमि की पैमाइश आदि प्रार्थना पत्र दिए गए हैं जो कि संबंधित विभागों को दिए जा रहे हैं तथा उपस्थित विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को मौके पर प्रार्थना पत्र एक सप्ताह के अंतर्गत निस्तारण हेतु आदेशित किया गया है तथा पूर्व से लंबित चल रहे प्रार्थना पत्रों के संबंध में भी एक सप्ताह के अंतर्गत ही निस्तारण हेतु प्रदर्शित किया गया है ऐसा न करने पर संबंधित विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कारण बताओ नौकरी जारी किया जाएगातथा अनुपस्थित पाए गए विभागों के खिलाफ अलग से महोदय के हस्ताक्षर के द्वारा स्पष्टीकरण कारण बताओं नोटिस जारी किए जा रहे हैं तहसील दिवस में नायब तहसीलदार अनिल गुप्ताखंड विकास अधिकारी श्री



आलोक जी सहायक समाज कल्याण अधिकारी विवेक सैनी, सहायक जिला सहायक पूर्ति अधिकारी श्रीमती पूनम सैनी यूपीसीएल के उपखंड अधिकारी शिक्षा विभाग से सहायक शिक्षा अधिकारी बाल विकास विभाग के अधिकारी पेजल योजना के अधिकारी सचिन कुमार नलकूप खंड के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# बीएसएम इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने निकाली फिटनेस रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम इंटर कॉलेज, रुड़की के एनसीसी कैडेट्स ने फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज कैंपेन के अंतर्गत एक साईकिल रैली का आयोजन किया जिसके द्वारा एनसीसी कैडेट्स ने लोगों को अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करने के लिए जागरूक किया। रैली विद्यालय प्रांगण से शुरू होकर गणेशपुर पुल गंग नहर से होते हुए सिविल लाइन, नेहरू स्टेडियम होते हुए विद्यालय में संपन्न हुई । इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने विद्यालय के वरिष्ठ स्कंध व कनिष्ठ स्कंध कैडेट्स द्वारा आयोजित की जा रही साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कैडेट्स को संबोधि त करते हुए उन्होंने कहा की स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास हो सकता है, एनसीसी कैडेट्स को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए और नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए। उन्होंने कैडेट्स को अपना आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के कनिष्ठ स्कंध एनसीसी अधिकारी कमल मिश्रा ने एनसीसी कैडेट को अपने स्वास्थ्य के प्रति



जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा जब हम स्वस्थ होंगे तभी हम अपने कार्य के प्रति सजग होंगे उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को अपना आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। रैली में एनसीसी के 100 कैडेट्स द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें आर्यन गौतम, शुभम कुमार, निखिल कुमार हिमांशु आदि कैडेट उपस्थित थे।

# एशिया कप के लिए भारतीय टीम घोषित

## सूर्यकुमार यादव कप्तान, शुभमन गिल उपकप्तान, जायसवाल-सुंदर रिजर्व प्लेयर, टूर्नामेंट 9 सितम्बर से शुरू



**मुंबई, वार्ता।** एशिया कप 2025 के लिए भारत के 15 सदस्यीय दल में शुभमन गिल को मौका दिया गया है। साथ ही वह टीम के उपकप्तान भी बनाए गए हैं। मुंबई के बीसीसीआई हेडक्वार्टर में चयन समिति की बैठक के बाद एशिया कप के लिए मंगलवार को टीम का ऐलान कर दिया गया। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम में संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा को भी मौका दिया गया है लेकिन गिल को उपकप्तान बनाए जाने के बाद, इस बात की उम्मीद की जा सकती है, वह पारी की शुरुआत कर सकते हैं। इस बात की उम्मीद थी कि भारत यशस्वी जायसवाल या श्रेयस अय्यर को मौका दे सकता है लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जितेश शर्मा को दूसरे विकेटकीपर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने आरसीबी के लिए हालिया आईपीएल में काफी कमाल की बल्लेबाजी की थी। इसके अलावा तेज गेंदबाजी विभाग में हर्षित राणा को मौका दिया गया है। अगर मध्य और निचले क्रम में बल्लेबाजी के विकल्प के बारे में बात की जाए तो दल में सूर्यकुमार, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह और जितेश शर्मा हैं। अगर भारत गिल और अभिषेक से पारी की शुरुआत करता है तो जितेश को पहली पसंद विकेटकीपर के तौर पर उतारा जा सकता है। टीम में तीन ऑलराउंडर है, जिसमें अक्षर पटेल, हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे का नाम शामिल हैं। गेंदबाजी के विशेषज्ञ विकल्प के रूप में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा हैं। गिल की वापसी के संदर्भ में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद उन्होंने (शुभमन गिल) टीम की अगुवाई की थी। जब हम श्रीलंका गए तब वह उपकप्तान थे। इसके बाद हम टेस्ट क्रिकेट में व्यस्त हो गए लेकिन उनकी वापसी हमारे लिए अच्छी है। पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद यह बड़ी सीरीज है और यह खुद को जांचने का अच्छा मौका है। शुभमन गिल भारत की टी-20 टीम में वापस आ गए हैं और सीधे नेतृत्व की भूमिका में आ गए हैं। 25 वर्षीय इस सलामी बल्लेबाज को एशिया कप 2025 के लिए उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। इंग्लैंड के खिलाफ एशिया कप में पिछला मैच न खेलने के बाद यह उनकी वापसी है। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में वह अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के साथ तीन प्रमुख सलामी बल्लेबाजों के रूप में शामिल हो गए हैं। यशस्वी जायसवाल या श्रेयस अय्यर के लिए कोई जगह नहीं है, लेकिन जितेश शर्मा दूसरे विकेटकीपर के रूप में शामिल हो गए हैं। सैमसन और अभिषेक द्वारा बांग्लादेश, दक्षिण अप्रफीका और इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखलाओं में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद गिल की जगह इस प्रारूप में संदिग्ध थी। लेकिन गुजरात टाइटन्स के कप्तान ने आईपीएल 2025 में 155-87 के स्ट्राइक रेट से 650 रन बनाए।







### संक्षिप्त खेल समाचार

## रबाडा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

**केर्न्स, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका 19 अगस्त से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही वनडे सीरीज में तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा के बिना खेलेगा। यह तेज गेंदबाज अपने दाहिने टखने में सूजन के कारण बाहर है। बताया जा रहा है कि 30 वर्षीय रबाडा का सोमवार (18 अगस्त) को स्कैन हुआ था, जिसमें चोट की गंभीरता की पुष्टि हुई है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा है कि वह अब ऑस्ट्रेलिया में ही रहेंगे और राष्ट्रीय टीम के मेडिकल स्टाफ की देखरेख में रिहैबिलिटेशन से गुजरेंगे। केर्न्स में होने वाले पहले मैच के लिए, दक्षिण अफ्रीका ने लुंगी एनगिडी, नांद्रे बर्गर और वियान मुल्डर की तेज गेंदबाजी तिकड़ी को चुना है। अगले दो मैच 22 और 24 अगस्त को मैके में खेले जाएंगे।

## ऑस्ट्रेलिया पर भारी पड़ा केशव का पंजा

**केर्न्स, वार्ता।** लेफ्ट आर्म स्पिनर केशव महराज (33 रन पर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को पहले वनडे में मंगलवार को 98 रन से रौंदकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में आठ विकेट पर 296 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम 40-5 ओवर में 198 रन पर सिमट गयी। करियर में पहली बार वनडे में पांच विकेट लेने वाले केशव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इससे पहले महराज का करियर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 33 रन पर चार विकेट था। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से कप्तान ने 96 गेंदों में 10 चौकों की मदद से सर्वाधिक 88 रन बनाये। बेन ड्वारशिवस ने 33 और हेड ने 27 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की टीम 60

# पाक हॉकी एशिया कप से हटा

- **ओमान ने भी नाम वापसी लिया, बांग्लादेश व कजाकिस्तान को मौका**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पाकिस्तान 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट से अधिकृत रूप से हट गया है। इतना ही नहीं, ओमान ने भी अपना नाम वापस ले लिया है। ऐसे में बांग्लादेश और कजाकिस्तान को मौका दिया गया है।

हॉकी इंडिया के एक सूत्र ने बताया कि मंगलवार सुबह पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने भारत आने से अधिकृत तौर पर इनकार कर दिया है। ओमान की टीम भी हट गई है। ऐसे में बांग्लादेश और कजाकिस्तान को ड्रा में शामिल कर दिया। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट में पाकिस्तान के इस टूर्नामेंट से हटने की बातें कही जा रही थीं। एक महीने पहले पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने सुरक्षा कारणों का हवाला दिया था।

हालांकि भारत सरकार ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा दिया था। एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप का टिकट एशिया कप से हटने के साथ ही पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करने का एक मौका गंवा दिया है। दरअसल, एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप का टिकट मिलता है। हॉकी का अगला वर्ल्ड कप 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा। एशिया कप जीतने वाली टीम वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करेगी, जो कि 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा।

## पीसीबी ने बाबर आजम-रिजवान को कैटेगरी-ए से बी में डाला

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तानी सितारों अबरार अहमद, हारिस रऊफ, सैम अयूब, सलमान अली आगा और शादाब खान को पिछले 12 महीनों में उनके प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है और उन्हें 2025/26 के लिए टीम की केंद्रीय अनुबंध सूची में पदोन्नति मिली है। इन सभी खिलाड़ियों ने पिछले एक साल में शानदार प्रदर्शन किया और पाकिस्तान द्वारा आज जारी की गई नवीनतम अनुबंध सूची में श्रेणी बी में पदोन्नति हासिल की। 1 जुलाई 2025 से शुरू होने वाले वर्ष के लिए कुल 30 खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध प्राप्त हुए हैं, जिनमें से कुल 10 खिलाड़ी श्रेणी बी में सूचीबद्ध हैं।

# अल्काराज-इगा ने जीता सिनसिनाटी ओपन

- **कार्लोस अल्काराज ने जैनिक सिनर के सिर्फ पांच गेम खेलने के बाद रिटायर होने से खिताब जीता**
- **इगा स्वियाटेक ने महिला एकल के फाइनल में इटली की जैस्मीन को 7-5, 6-4 से हराया**

**सिनसिनाटी, वार्ता।** कार्लोस अल्काराज को 2025 सिनसिनाटी ओपन चैंपियन का ताज पहनाया गया, जब जैनिक सिनर को फाइनल में रिटायर होना पड़ा, क्योंकि वे सिर्फ पांच गेम के बाद 5-0 से पिछड़ रहे थे।

कार्लोस अल्काराज ने सोमवार (18 अगस्त) को जैनिक सिनर के सिर्फ पांच गेम खेलने के बाद रिटायर होने से 2025 सिनसिनाटी ओपन का खिताब जीत लिया। अंतिम स्कोर 5-0 रहा। सीजन का उनका चौथा फाइनल मुकाबला, यह मैच जल्द ही पलट गया। 2025 सीजन के चौथे फाइनल मुकाबले की शुरुआत अच्छी रही क्योंकि आमतौर पर स्थिर रहने वाले सिनर ने अपना पहला सर्विस गेम लव पर गंवा दिया। अल्काराज ने लगातार चार और गेम जीते, इससे पहले कि इतालवी खिलाड़ी ने चेंजओवर के दौरान ट्रेनर को बुलाया। कुछ ही मिनटों बाद, दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी मैच से रिटायर हो गए। दोनों खिलाड़ी - जो अपनी प्रतिद्वंद्विता का आनंद ले रहे थे - आपस में लिपट गए, अल्काराज ने अपने प्रतिद्वंद्वी के गले में हाथ डाला और सिनर के स्वास्थ्य को लेकर लचतित दिखे। सिनर ने ट्रॉफी समारोह के दौरान दर्शकों से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि आपको निराश करने के लिए मुझे बहुत, बहुत दुख है। कल से, मैं अच्छा महसूस नहीं कर रहा था। मुझे लगा था कि रात में मैं बेहतर हो जाऊंगा, लेकिन हालत और बिगड़ गई। मैंने वापसी की कोशिश की, इसे कम से कम एक छोटा मैच बनाने की कोशिश की, लेकिन मैं इससे ज्यादा नहीं झेल सका। अल्काराज और सिनर दोनों को यूएस ओपन मिक्स्ड डबल्स चैंपियनशिप में खेलना है।

**विश्व की** दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने महिला एकल फाइनल में इटली की जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 6-4 से हराकर अपना पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब जीता। इगा स्वियाटेक ने सोमवार (18 अगस्त) को जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 6-4 से हराकर अपना पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब जीता। एक घंटे 49 मिनट के कठिन टेनिस में, स्वियाटेक - टूर्नामेंट में एकल में जीत हासिल करने वाली पहली पोलिश खिलाड़ी - ने पहली बार फाइनल में पहुंचने वाली पाओलिनी के खिलाफ छठी बार जीत हासिल की। उन्होंने इतालवी खिलाड़ी के खिलाफ केवल एक सेट गंवाया है। यह जीत उनके पहले से ही शानदार करियर में एक और मील का पत्थर साबित हुई। यह स्वियाटेक का इस टूर पर 24वां और 1000 लेवल के स्तर पर 11वां खिताब था। छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने चैंपियनशिप तक पहुंचने के दौरान एक भी सेट नहीं गंवाया। लवबलडन में जीत के बाद सिनसिनाटी स्वियाटेक का इस सीजन का दूसरा खिताब था। वह यूएस ओपन में नंबर 2 सीड एकल के रूप में भाग ले रही हैं और नए रूप से तैयार किए गए मिश्रित युगल में उनकी जोड़ी कैस्पर रूड के साथ है।

# विश्व कप टीम में शेफाली को जगह नहीं





- **प्रतिका रावल ओपनर के तौर पर भारतीय टीम की पहली पसंद बनी हुई है, रेणुका सिंह ने 15 सदस्यीय दल में वापसी की**

**मुंबई, वार्ता।** महिला वनडे विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शेफाली वर्मा को मौका नहीं दिया गया है। प्रतिका रावल ओपनर के तौर पर भारतीय टीम की पहली पसंद बनी हुई हैं, जिन्होंने हालिया समय में भारत के लिए वनडे मैचों में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था।

बीसीसीआई के मुंबई हेडक्वार्टर में विश्व कप और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है।

मध्य प्रदेश की युवा तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ को भी टीम में शामिल किया गया है। साथ ही रेणुका सिंह ने 15 सदस्यीय दल में वापसी की है। 30 सितंबर से शुरू हो रहे महिला वनडे वर्ल्ड कप का पहला मैच भारत और श्रीलंका के बीच 30 सितंबर को होगा। कुल आठ टीमों वाले इस टूर्नामेंट में नॉकआउट स्टेज से पहले हर टीम हर दूसरी टीम के खिलाफ खेलते हुए कुल सात मैच खेलेगी। भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 5 अक्टूबर को कोलंबो में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल 2 नवंबर को खेला जाएगा।

### विश्व कप के लिए भारतीय टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देओल, जेमिमाह रॉड्रिग्स , ऋचा घोष (विकेटकीपर), यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, राधा यादव, स्नेह राणा, एन श्री चरणी, रेणुका सिंह,अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़

**वर्ल्ड कप में भारत के मुक़ाबले**

बनाम श्रीलंका - 30 सितंबर 2025
बनाम पाकिस्तान - 5 अक्टूबर
बनाम दक्षिण अफ्रीका- 9 अक्टूबर
बनाम ऑस्ट्रेलिया - 12 अक्टूबर
बनाम इंग्लैंड - 19 अक्टूबर 2025
बनाम न्यूजीलैंड - 23 अक्टूबर
बनाम बांग्लादेश - 26 अक्टूबर

## फाइनल में जगह बनाने के लिए ईस्ट बंगाल का मुकाबला डेब्यूटेंट डायमंड हार्बर एफसी से

**कोलकाता, वार्ता।** 134वें इंडियनऑयल डूरंड कप का सेमीफाइनल चरण कोलकाता में रोमांचक मोड़ पर है, जहां एक बदली हुई और आत्मविश्वास से भरी ईस्ट बंगाल टीम बुधवार को सेमीफाइनल में टूर्नामेंट डेब्यूटेंट डायमंड हार्बर एफसी से भिड़ेगी। यह मुकाबला शाम 7 बजे कोलकाता के प्रसिद्ध विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (सॉल्ट लेक स्टेडियम) में खेला जाएगा।

ईस्ट बंगाल ने क्वार्टरफाइनल में चिरप्रतिद्वंद्वी मोहन बागान को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई, जबकि डायमंड हार्बर एफसी ने आईएसएल क्लब जमशेदपुर एफसी को 2-0 से हराकर सबको चौंका दिया। हेड कोच ऑस्कर ब्रुजोन की अगुआई में ईस्ट बंगाल ने हालिया वर्षों की कमजोरियों को पीछे छोड़ दिया है। कोच बनने के बाद पहली बार उन्होंने मोहन बागान के खिलाफ डर्बी जीत दर्ज की, जिससे टीम का आत्मविश्वास चरम पर है। ब्रुजोन ने मैच से पहले कहा कि डायमंड हार्बर एक बेखौफ टीम है। वे डेब्यूटेंट हैं लेकिन उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में जुझारूपन दिखाया है। इस तरह की टीमों को हल्के में लेना भारी पड़ सकता है। हमने डर्बी में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन अब वो इतिहास हो चुका है। हमें उसी ऊर्जा और फोकस के साथ इस सेमीफाइनल में उतरना होगा। ईस्ट बंगाल ने ग्रुप स्टेज में साउथ यूनाइटेड एफसी को 5-0, नमधारी एफसी को 1-0 और इंडियन एयर फोर्स को 6-1 से हराकर शानदार शुरुआत की थी। मोहन बागान के खिलाफ डर्बी में दिमित्रियोस डाइमंटाकोस दो गोल दागकर हीरो बन गए।

## जूनियर विश्व नंबर-1 तन्वी शर्मा, भार्गव राम विश्व तेज भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे

- **सुहांदिनाता कप के लिए मिश्रित टीम चैंपियनशिप 6-11 अक्टूबर तक खेली जाएगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** विश्व की नंबर 1 जूनियर बालिका एकल खिलाड़ी तन्वी शर्मा, भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की बालक युगल जोड़ी, एशियाई जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता वेन्नाला कलागोटला और अनुभवी उन्नति हुड्डा, 6-19 अक्टूबर, 2025 तक गुवाहाटी के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2025 में 25 सदस्यीय मजबूत भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे।

सुहांदिनाता कप के लिए मिश्रित टीम चैंपियनशिप 6-11 अक्टूबर तक खेली जाएगी, जबकि व्यक्तिगत स्पर्धाएँ 13-19 अक्टूबर तक होंगी। भारतीय बैडलमटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा कि हम बेहद उत्साहित हैं कि भारत अपने घरेलू मैदान पर विश्व जूनियर चैंपियनशिप के लिए अपनी सबसे मजबूत टीमों में से एक उतारेगा। हमारी टीम में दो विश्व जूनियर नंबर 1 खिलाड़ी और कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने सीनियर सर्किट में अपनी छाप छोड़ी है, और मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार हम भारतीय खिलाड़ियों को पोडियम पर देखेंगे। भारत ने पिछली बार 2008 में बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी की थी, जब साइना नेहवाल स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय शटलर बनी थीं, जबकि आरएमवी गुरु साई दत्त ने लड़कों के एकल वर्ग में कांस्य पदक जीता था। भारत ने अब तक इस प्रतियोगिता में चार रजत और छह कांस्य सहित 11 पदक जीते हैं, और 2025 संस्करण के लिए चुनी गई टीम में इस संख्या को बढ़ाने के लिए पर्याप्त गहराई है। चैंपियनशिप के लिए अंतिम टीम का चयन एक गहन ट्रायल के बाद किया गया, जिसमें एशियाई जूनियर चैंपियनशिप टीम के सभी सदस्य, विश्व जूनियर शीर्ष 20 में स्थान पाने वाले खिलाड़ी, बाई एकल शीर्ष 8, बाई युगल शीर्ष 4 जोड़ियां और बीडब्ल्यूएफ सीनियर शीर्ष 50 में स्थान पाने वाले जूनियर खिलाड़ी शामिल थे। दो- चरणीय राउंड-रॉबिन प्रारूप ने सुनिश्चित किया कि सबसे प्रतिस्पर्धी लाइन-अप का चयन किया जाए। एशियाई जूनियर चैंपियनशिप की बालिका एकल कांस्य पदक विजेता तन्वी और वेन्नाला को सीधे टीम में चुना गया। प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार, टीम से 10 लड़के और 10 लड़कियों का चयन मिश्रित टीम चैंपियनशिप में खेलने के लिए किया जाएगा। गुवाहाटी में चैंपियनशिप की मेजबानी के साथ, भारतीय खिलाड़ियों को उत्साही घरेलू दर्शकों का भी लाभ मिलेगा।

## ओम पवार और संदीप जैन ने पहले यूपीए इंडिपेंडेंस कप पिकलबॉल टूर्नामेंट में मारी बाजी

**नोएडा, वार्ता।** यूनिवर्सल पिकलबॉल एसोसिएशन (यूपीए) द्वारा आयोजित पहले यूपीए इंडिपेंडेंस कप पिकलबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन नोएडा के सेक्टर 121 स्थित हाल ही में लॉन्च हुए स्पोर्ट्स वेन्यू 'पिकलब्ले' पर किया गया।

टूर्नामेंट में 100 से अधिक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अंडर-14 से 60+ आयु वर्ग तक कुल 11 अलग-अलग श्रेणियों में 150 मुकाबले खेले गए। हर श्रेणी के विजेताओं को 6,000 रुपये प्रति वर्ग की नकद राशि सहित कुल 66,000 रुपये के आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की नोएडा इकाई के अध्यक्ष महेश चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने पिकलबॉल को पहली बार खेलने का अनुभव साझा किया और कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार इस खेल को बढ़ावा देने हेतु हर संभव सहायता करेगी, ताकि यह फिटनेस गतिविधि के रूप में आम जन तक पहुंचे, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन से जुड़ा हुआ है। महेश चौहान ने कार्यक्रम में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मैं यूनिवर्सल पिकलबॉल एसोसिएशन के आमंत्रण पर यहां आया। पहले मुझे इस खेल के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी, लेकिन जब हमारे एक कार्यकर्ता ने इसके बारे में बताया, तो मुझे रुचि हुई। मुझे देखकर खुशी हुई कि बीते 3-4 वर्षों में यह खेल उत्तर प्रदेश में तेजी से लोकप्रिय हुआ है।

# मनु के कांस्य के बाद रश्मिका को स्वर्ण पदक

- **मनु ने महिलाओं की 10 मी. एयर पिस्टल के फाइनल में 219.7 अंक हासिल कर तीसरा स्थान पाया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कज़ाकिस्तान के श्यामकेंट में चल रही 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल/ शॉटगन के दूसरे दिन, दो बार की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मनु भाकर ने अपने करियर की अद्भुत निरंतरता का प्रदर्शन करते हुए, एक और व्यक्तिगत अंतर्राष्ट्रीय पदक हासिल किया।

रश्मिका सहगल ने स्वर्ण पदक जीता, जो प्रतियोगिता में भारत का तीसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक था। मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में 219.7 अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद, रश्मिका ने आत्मविश्वास से भरे प्रदर्शन के साथ जूनियर महिला एयर पिस्टल का खिताब जीता - उनका स्कोर 241.9 रहा, जो रजत पदक विजेता कोरियाई हान सेउंगह्यून से 4.3 अंक अधिक था। वास्तव में, रश्मिका (क्वालीफिकेशन स्कोर 582) के लिए यह दोहरी खुशी की बात थी, क्योंकि उन्होंने वंशिका चौधरी (573) और मोहिनी सिंह (565) के साथ मिलकर इस स्पर्धा में टीम स्वर्ण पदक जीता। मनु (583) ने मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन पलक (573) और सुरुचि फोगाट (574) के साथ महिला एयर पिस्टल में टीम कांस्य पदक भी जीता, दोनों क्रमशः तीन और दो अंकों से व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाने से चूक गईं। फाइनल में, मनु पहली पांच-शॉट सीरीज के बाद पांचवें और दूसरी के बाद चौथे स्थान पर थीं, लेकिन 11वें सिंगल शॉट में 10-5 का स्कोर बनाकर वह चीन की अंतिम विजेता मा कियानके के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। इसके बाद, जब मा मैदान पर नहीं थीं, तो कोरियाई 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक चैंपियन यांग जिन, अनुभवी ईरानी हनीयेह रोस्तमियान और मनु के बीच छोटे स्थानों के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिली।

हालांकि, भारतीय खिलाड़ी ने जरूरी समय पर बड़े शॉट लगाए और उन्हें कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा,जहां हनीयेह चौथे स्थान पर रहीं। जूनियर महिला फाइनल में, रश्मिका कोरिया की हान के साथ शुरू से ही वर्चस्व की लड़ाई में शामिल थीं। हालांकि, 13वें सिंगल शॉट के बाद वह पहली बार उससे आगे निकल गईं और उसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। 15वें शॉट में 10-9 का स्कोर सोने पर सुहागा था। सोमवार से भारत ने सीनियर पुरुष और महिला दोनों वर्गों में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में एक व्यक्तिगत कांस्य, एक टीम रजत और एक टीम कांस्य पदक जीता है। उन्होंने इस स्पर्धा में व्यक्तिगत जूनियर स्वर्ण पदक भी जीते हैं, जिसमें सोमवार को कपिल बैंसला ने पहला स्थान हासिल किया, और मंगलवार को रश्मिका सहगल ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा, जहां कपिल ने इस स्पर्धा में टीम रजत पदक जीता, वहीं रश्मिका ने महिला जूनियर टीम प्रतियोगिता में अपनी साथी वंशिका और मोहिनी की मदद से स्वर्णिम डबल पूरा करने में सफलता प्राप्त की। जोनाथन गेविन एंटनी ने भी जूनियर पुरुष एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता, जबकि गिरीश गुप्ता ने युवा पुरुष एयर पिस्टल में स्वर्ण और देव प्रताप ने युवा पुरुष वर्ग में कांस्य पदक जीता।



# कांग्रेस का ग्राफ बढ़ेगा

वोटों की चोरी जैसे गंभीर मुद्दे को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की वोटर अधिकार तेजी से जारी है, हाल के वर्षों में राहुल की ये तीसरी यात्रा है। इससे पहले उन्होंने भारत जोड़ो और न्याय यात्रा निकाली थी। इस यात्रा से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का ग्राफ बढ़ा था। उसकी सीटें बढ़ीं और अब एक बार फिर कांग्रेस इस उम्मीद में है कि वोट अधिकार यात्रा से बिहार में उसकी स्थिति बदलेगी। भारत जोड़ो यात्रा, न्याय यात्रा और अब वोट अधिकार यात्रा, ये वो यात्राएं हैं जिसमें दो कांग्रेस सांसद राहुल गांधी निकाल चुके हैं और एक निकाल रहे हैं। भारत जोड़ो और न्याय यात्रा को राहुल ने लोकसभा चुनाव से पहले निकाला था, तो वोट अधिकार यात्रा को बिहार चुनाव से पहले निकाल रहे हैं। कांग्रेस ने यात्रा के प्रयोग को लोकसभा चुनाव में हिट माना था, जिसके बाद इसे बिहार विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल करने का फैसला किया गया। लोकसभा चुनाव को देखें, तो राहुल गांधी ने जिन सीटों से अपनी यात्रा के दौरान गुजरे उनमें से 41 सीटों पर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल जीतने में कामयाब रहे। भारत जोड़ो यात्रा ने 71 सीटों को कवर किया था, जबकि न्याय यात्रा 82 सीटों से होकर गुजरी थी। यानी कुल 153 सीटों से ये दोनों यात्रा होकर निकली थी, जिसमें से इंडिया गठबंधन को 41 सीटों पर जीत मिली थी। राहुल गांधी की ये यात्रा बिहार में भी थी। सात सीटों पर ये पहुंची थी, इनमें से कांग्रेस ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा और सभी पर जीत हासिल की।वहीं, उसके विपक्षी सहयोगियों ने दो सीटें जीतीं। कुल मिलाकर ये यात्रा बिहार में सफल रही थी। वहीं देशभर में भी इस यात्रा से कांग्रेस की सीटें बढ़ीं। जो पार्टी पिछले दो चुनावों से 50 का आंकड़ा भी नहीं पार कर पा रही थी वो 2024 के चुनाव में इससे काफी आगे निकलने में सफल हुई और यहां तक कि उससे लोकसभा में विपक्ष का नेता चुनने का अधिकार भी मिला। कांग्रेस- आरजेडी के साथ मिलकर इस बार बिहार में सत्ता परिवर्तन का सपना देख रही है। इसको हकीकत में बदलने का मोर्चा खुद राहुल गांधी ने संभाल लिया है। जन-जन को साधने के लिए वह वोट अधिकार यात्रा निकाल रहे हैं। राहुल की इस यात्रा का मकसद जनता को उसके वोट के अधिकार के बारे में बताना है। दरअसल कांग्रेस और राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि लोकसभा चुनाव और महाराष्ट्र चुनाव में वोटों की चोरी हुई है। एसआईआर को लेकर भी चुनाव आयोग को वह निशाने पर लिए हुए हैं। वोट चोरी पर सरकार और चुनाव आयोग को घेरने के लिए वोट अधिकार यात्रा 23 जिलों से होकर गुजरेगी। इसकी शुरुआत राहुल ने सासाराम से की, जो दलितों का गढ़ है। बाबू जगजीवन राम और फिर उनकी बेटी मीरा कुमार यहीं से सांसद चुनी जाती रहीं। मुस्लिमों की तरह दलित भी बिहार में कांग्रेस का बड़ा वोट बैंक रहा है। बिहार में दुसाध-पासी वोट के साथ अन्य दलित जातियों का 55 से 65 फीसदी वोट एनडीए के पाले में जाता रहा है, लेकिन 2024 के चुनाव में इसमें गिरावट देखी गई है। राहुल जिन 23 जिलों की 50 विधानसभा सीटों पर जा रहे हैं, 2020 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन ने इनमें से 23 सीटें जीती थीं। कांग्रेस 50 में से 20 सीटों पर लड़ी थी जिसमें से 8 सीटों पर जीत मिली थी। यह दशकों में बिहार में कांग्रेस का पहला बड़ा जमीनी स्तर का आंदोलन है जहां लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार जैसे क्षेत्रीय नेताओं के उभरने के साथ इसका राजनीतिक प्रभाव लगातार कम होता गया। 2020 में बिहार में 3 चरणों में वोटिंग हुई थी। 243 सीटों वाली विधानसभा में बीजेपी को 74, जेडीयू को 43, आरजेडी को 75, कांग्रेस को 19, सीपीआइ एमएल को 12, एआइएमएम को 5, सीपीआई को 2, सीपीएम को 2, बसपा को 1, हम को 4, लोकजनशक्ति पार्टी को 1, विकासशील इंसान पार्टी को 4 सीटों पर मिली थी। राहुल की कोशिश 2020 के आंकड़े को बदलने की है। यही नहीं वह इस बार कांग्रेस के लिए ज्यादा से ज्यादा सीटों पर उम्मीदवारों का भी प्रयास करेंगे।

## राहुल गांधी को देश का अगला प्रधानमंत्री बनाएंगे



आने वाले लोकसभा के चुनाव में महागठबंधन की मजबूत सरकार और राहुल गांधी को देश का अगला प्रधानमंत्री बनाएंगे, भाजपा के लोग चुनाव आयोग के साथ मिलकर गरीबों का वोट छीनने की कोशिश कर रहे हैं, लोकसभा में जीवित सदस्यों को अब मृत घोषित कर दिया गया है, यह सब एक साजिश का हिस्सा लगता है, उन्हें लगता है कि बिहार को आसानी से चूना लगा देंगे, लेकिन मोदी जी यह नहीं जानते कि हम बिहारी हैं, हमारा बिहार सब पर भारी है, हम लोग चूना में खैनी में मिलाकर रगड़ दिया करते हैं, चाहे कोई भी जाति, वर्ग या धर्म से हो, हम नया बिहार बनाएंगे, सबको साथ लेकर आगे बढ़ेंगे।

**-तेजस्वी यादव, वरिष्ठ राजद नेता**

# मच्छर बन रहा सर्वाधिक मौत का कारण





**श्वेता गोयल**

मच्छर पूरी दुनिया में बीमारियों के सबसे बड़े वाहक होते हैं, जिनके काटने से डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया, जीका वायरस इत्यादि जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। डेंगू और मलेरिया इन सभी में सबसे ज्यादा खतरनाक हैं, जो कई मामलों में जानलेवा साबित होते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2010 में मच्छरों के काटने के कारण अफ्रीका में सर्वाधिक मौतें हुई थी। दुनिया के कई हिस्सों में मच्छरों के काटने से होने वाली मौतें आज भी गंभीर चिंता का कारण हैं, इसीलिए मच्छरों से होने वाली बीमारियों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने और बचाव के उपायों के बारे में बताने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 20 अगस्त को एक खास विषय के साथ 'विश्व मच्छर दिवस' मनाया जाता है।

20 अगस्त को ही यह दिवस मनाने का कारण यही है कि 1897 में लिवरपूल स्कूल ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन के ब्रिटिश डॉक्टर सर रोनाल्ड रॉस ने इसी दिन मादा एनाफिलीज मच्छर की खोज की थी, जिसके काटने से मलेरिया होता है। यह पहली बार था, जब किसी डॉक्टर ने मच्छर और मलेरिया के बीच संबंध स्थापित किया था और उनकी उस खोज ने मलेरिया की रोकथाम और उपचार खोजने में मदद की। मच्छरों द्वारा फैलने वाली बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और मच्छरों के खिलाफ वैश्विक प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए 20 अगस्त 1897 से ही इस दिन की शुरुआत हुई। मलेरिया से जुड़ी महत्वपूर्ण खोज के कारण ही डा। रोनाल्ड रॉस को 1902 में चिकित्सा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस वर्ष 'विश्व मच्छर दिवस' का विषय है 'अधिक समतापूर्ण विश्व के लिए मलेरिया के विरुद्ध लड़ाई में तेजी लाना' जो विशेष रूप से कमजोर आबादी के लिए मलेरिया की रोकथाम, निदान और उपचार तक समान पहुंच सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देता है। यह मलेरिया नियंत्रण में प्रभावी हस्तक्षेपों को बढ़ाने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के महत्व पर भी प्रकाश डालता है। मलेरिया सबसे आम लेकिन जानलेवा वेक्टर जनित बीमारी है, जो संक्रमित मच्छर के काटने से होती है, जिसके माध्यम से परजीवी रक्त प्रवाह में प्रवेश करता है। यह ऐसी परजीवी बीमारी है, जो अफीका और दक्षिण एशिया जैसे गर्म और आर्द्र जलवायु वाले उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में अधिक आम है। हालांकि समय पर निदान और उपचार जटिलताओं को रोक सकता है तथा कई लोगों की जान बचा सकता है। जब कोई मच्छर मलेरिया से संक्रमित किसी व्यक्ति को काटता है तो वह मच्छर भी संक्रमित हो जाता है, फिर यह संक्रमित मच्छर अपने काटने से परजीवी को स्वस्थ व्यक्ति में फैला सकता है, जिससे बीमारी फैलती है। बता दें कि सभी मच्छर मलेरिया नहीं फैलाते बल्कि केवल संक्रमित मादा एनाफिलीज ही इसे मनुष्यों में फैलाने में सक्षम होते हैं। मलेरिया एनाफिलीज मच्छर से नहीं होता बल्कि यह मच्छर परजीवी का काम करते हैं। यदि कोई मच्छर आपको काटता है और उसमें मलेरिया है तो परजीवी आपके रक्त प्रवाह में चला जाएगा, जो आपके पूरे शरीर को संक्रमित कर सकता है।

वैसे तो दुनिया में मलेरिया का उपचार मच्छर की खोज से पहले भी था। वैज्ञानिकों ने उससे पहले 'कुनैन' दवा की खोज कर ली थी लेकिन उसकी कमी के कारण हर साल हजारों लोगों की जान जा रही थी। 1897 में मलेरिया के वाहक एनाफिलीज मच्छर की खोज होने के बाद ही मलेरिया से निपटने के लिए वैज्ञानिकों द्वारा कई और महत्वपूर्ण रिसर्च की गई। हालांकि समय के साथ मलेरिया परजीवियों ने आर्टेमिसिनिन और क्लोरोक्वीन सहित आमतौर पर मलेरिया के उपचार में इस्तेमाल की जाने वाली कई दवाओं के प्रति प्रतिरोध विकसित कर लिया है, इसीलिए अब दुनियाभर के कई स्वास्थ्य विशेषज्ञ मलेरिया से लड़ने वाली बेहतर दवाओं की खोज जारी रखे हुए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार मच्छरों से होने वाली बीमारियों के कारण दुनियाभर में हर साल सात लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है।

मच्छरों के काटने से डेंगू, मलेरिया, जीका वायरस, वेस्ट नाइल, पीला बुखार, लिम्फैटिक फाइलेरिया जैसी बीमारियां होती हैं। मच्छर के काटने पर बहुत ज्यादा खुजली और जलन की समस्या होती है। दुनियाभर में हर साल मलेरिया के करीब 29 करोड़ मामले सामने आते हैं और मलेरिया से प्रतिवर्ष चार लाख से ज्यादा लोग मौत के मुंह में समा जाते हैं। हर साल भारत में ही करीब 4 करोड़ लोग मच्छर जनित बीमारियों से प्रभावित होते हैं, जिनमें मलेरिया सबसे आम है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में मलेरिया के ही प्रतिवर्ष करीब डेढ़ करोड़ मामले सामने आते हैं। दुनिया के 100 से भी ज्यादा देशों में मलेरिया के मामले रिपोर्ट होते हैं। हालांकि विशेषज्ञों के मुताबिक दुनियाभर में मलेरिया के करीब 70 प्रतिशत मामले 11 देशों में ही केंद्रित हैं, जिनमें से एक भारत तथा बाकी अफीकी महाद्वीप के हैं। मलेरिया ऐसी बीमारी है, जो आमतौर पर दुनिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों को प्रभावित करती है। मलेरिया एक गंभीर और कभी-कभी ऐसी घातक बीमारी है, जिसके लक्षणों में उच्च बुखार, ठंड लगना, पसीना, सिरदर्द और शरीर में दर्द शामिल होते हैं।

दुनियाभर में मच्छरों की करीब 3700 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से 393 प्रजातियां भारत में हैं। ब्राजील, इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड के बाद भारत पांचवां सर्वाधिक मच्छर विविधता वाला देश है। इनमें से मच्छरों की कुछ प्रजातियां ही रोगवाहक होती हैं। मच्छरों की ऐसी ही कुछ विशेष प्रजातियां विभिन्न बीमारियों के प्रसार का कारण बनती हैं, जिनमें मलेरिया के अलावा डेंगू, चिकनगुनिया, जीका, वेस्ट नाइल वायरस रोग, लिम्फैटिक फाइलेरिया इत्यादि प्रमुख हैं। दुनियाभर में 4 अरब से भी ज्यादा लोग एडीज मच्छर द्वारा फैलने वाले डेंगू के जोखिम वाले क्षेत्रों में रहते हैं। डेंगू बुखार आमतौर पर उष्णकटिबंधीय और उप-उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में अधिक पाया जाता है, जिसके लक्षणों में उच्च बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ो में दर्द तथा त्वचा पर चकत्ते शामिल हैं। डेंगू बुखार कभी-कभी डेंगू हेमरेजिक फीवर या डेंगू शॉक सिंड्रोम में बदल सकता है, जो जीवन के लिए खतरनाक हो सकता है। चिकनगुनिया के मामले और प्रकोप अमेरिका, अफ्रीका, एशिया, यूरोप तथा हिंद और प्रशांत महासागरों में 100 से भी ज्यादा देशों में सामने आए हैं। चिकनगुनिया भी एडीज मच्छर द्वारा ही फैलता है, जिसके लक्षणों में बुखार, जोड़ो में गंभीर दर्द, और त्वचा पर रैशेज शामिल हैं। चिकनगुनिया का दर्द कई महीनों तक बना रह सकता है, जिससे व्यक्ति की जीवन गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।

जीका वायरस भी संक्रमित एडीज प्रजाति के मच्छर के काटने से फैलता है। यह वायरस जीका वायरस से संक्रमित व्यक्ति से उसके यौन साथी में शारीरिक संबंधों के जरिए भी फैल सकता है। गर्भवती महिला से उसके गर्भ में पल रहे बच्चे में भी यह वायरस फैल सकता है। गर्भावस्था के दौरान संक्रमण से कुछ जन्म दोष हो सकते हैं। जीका वायरस रोग के मामले और प्रकोप अफ्रीका, अमेरिका, दक्षिणी प्रशांत और पश्चिमी प्रशांत के क्षेत्रों में सामने आते रहे हैं। वेस्ट नाइल वायरस रोग अमेरिका सहित दुनिया के कई स्थानों में पाया जाता है, जो मच्छर जनित बीमारी का प्रमुख कारण है। यह क्यूलेक्स मच्छर के माध्यम से फैलता है, जो कभी-कभी एन्सेफलाइटिस और मेनिंजाइटिस जैसी गंभीर न्यूरोलॉजिकल समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। मच्छरजनित बीमारियों से बचने के लिए जरूरी है कि अपने घर के अंदर और आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नेपाल में लंबे समय तक रहा कोइराला परिवार का वर्चस्व

**शेखर कोइराला के हाल ही ओली सरकार पर जमीन कब्जाने संबंधी बयान से ओली सरकार असहज हुई है। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर भी कोइराला परिवार का कब्जा रहता था। इस परिवार के सुशील कोइराला नेपाली कांग्रेस के आखिरी अध्यक्ष रहें हैं। इस समय इस पार्टी के अध्यक्ष पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा हैं। नेपाल की राजनीति में चर्चा है कि शेखर कोइराला पार्टी के अध्यक्ष पद को हासिल करने की चाह रखते हैं ताकि नेपाली कांग्रेस पर एक बार फिर कोइराला परिवार का वर्चस्व कायम हो सके।**



**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाल की राजनीति में कभी कोइराला परिवार का दबदबा था। राजा शासन से लेकर लोकतंत्र बहाली तक इस परिवार के चार प्रधानमंत्री हुए। कहना न होगा कि एक ही वंश के चारों प्रधानमंत्रियों का मिजाज भिन्न था और सभी की कार्यशैली भी अलहदा थी।

कोइराला जाति से कान्यकुब्ज ब्राह्मण होते हैं। चूंकि यह परिवार पहाड़ का निवासी है इसलिए इन्हें पहाड़ी ब्राह्मण भी कहा जाता है। राजशाही के जमाने में इस परिवार के पहले प्रधानमंत्री मातृका प्रसाद कोइराला हुए। मातृका प्रसाद 16 नवम्बर 1951 से 14 अगस्त 1952 और फिर 15 जून 1953 से 11 अप्रेल 1955 तक ऐसे समय प्रधानमंत्री रहे जब राजशाही अपने निरंकुशता के चरम पर था। कोइराला परिवार के यह पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे जो बस नाम के प्रधानमंत्री थे लेकिन उसके बाद जब इनके छोटे भाई वीपी कोइराला प्रधानमंत्री बने तो कहना न होगा, उन्होंने तत्कालीन नरेश महेंद्र के नाक में दम कर दिया। वे मात्र 18 माह ही प्रधानमंत्री रहे लेकिन इनके इस कार्यकाल को लोकतंत्र की स्थापना काल के रूप में याद किया जाता है। प्रधानमंत्री वीपी कोइराला अपेक्षाकृत लोकतांत्रिक थे। इसीलिए उनकी राजा महेन्द्र से लंबे समय तक टकराव चला। बहुत दलीय लोकतंत्र की लड़ाई में उन्हें 18 महीने जेल में रहना पड़ा। वे कई महीनों तक भूमिगत भी रहे। उन्हें निर्वाशित जीवन भी व्यतीत करना पड़ा। वीपी कोइरालला नेपाल के ऐसे प्रधानमंत्री थे जिन्होंने 1960 में ही राजशाही की चूले हिलाकर रख दी थी। उनका जीवन अधिकांशतः जेल,निर्वासन और बीमारियों से जूझते हुए बीता। वीपी कोइराला के बाद इनके छोटे भाई गिरिजा प्रसाद कोइराला प्रधानमंत्री हुए। वे नेपाल के चार बार प्रधानमंत्री थे। उन्होंने राजशाही के वक्त का नेपाल और लोकतान्त्रिक नेपाल दोनों को करीब से देखा।

वे 1991 से लेकर 2008 यानि लोकतंत्र बहाली तक नेपाल के प्रधानमंत्री रहे। वे लंबे समय तक पार्टी के अध्यक्ष भी रहे। गिरिजा प्रसाद कोइराला को नेपाल का महात्मा गांधी भी कहा गया है। वे स्वर्गीय नरेश वीरेंद्र विक्रम शाह के काफी करीब रहे। वे सदैव ही भारत नेपाल के बीच प्रगाढ़ संबंध के हिमायती रहे। गिरिजा प्रसाद कोइराला का भारत से भी नजदीक का संबंध रहा है। स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला का मिजाज अपने बड़े भाई वीपी कोइराला से भिन्न रहा। लोकतांत्रिक नेपाल का समर्थक होते हुए भी इनका तेवर राजा के प्रति कभी आक्रामक नहीं रहा। नेपाल की राजनीति में गिरिजा प्रसाद कोइराला के शांति स्वभाव के नाते इन्हें लोग प्यार से गिरिजा बाबू भी कहते थे। गिरिजा प्रसाद कोइराला के बाद 2014 में सुशील कोइराला नेपाल के 37 वें और लोकतान्त्रिक नेपाल के छठवें प्रधानमंत्री हुए। सुशील कोइराला गिरिजा प्रसाद कोइराला के बूआ के लड़के थे। इस तरह इन्हें भी कोइराला परिवार के सदस्य के रूप में जाना जाता है। उनकी पहचान वरिष्ठ राजनितिज्ञ और लोकतान्त्रिक योद्धा के रूप में है। वे पार्टी के अध्यक्ष भी थे।प्रधानमंत्री रहते हुए उनके सादगी चर्चा खूब रही। वे सरकारी खजाने का एक भी पैसा अपनी सुविधाओं पर कभी नहीं खर्च किए। नेपाल के लोगों को उस समय घोर आश्चर्य हुआ जब 2015 में नया संविधान लागू होने के बाद हुए आम चुनाव में उन्हें मौजूदा प्रधानमंत्री व एमाले नेता केपी शर्मा ओली से हार जाना पड़ा। चुनाव हारने के कुछ दिन बाद ही फेफड़े के संक्रमण की वजह से उनका निधन हो गया। सुशील कोइराला का मानना था कि नेपाल जैसे गरीब देश में केवल व्यक्तिगत आजादी और राजनीतिक अधिकारों की गारंटी ही पर्याप्त नहीं है। वे कहते थे कि लोकतांत्रिक समाजवाद ही नेपाल के पिछड़े पन का समाधान है। कोइराला परिवार के अंतिम शख्सियत सुशील कोइराला के बाद इस परिवार मे राजनीतिक शून्यता जा गई है। आज इस परिवार के एक मात्र सदस्य शेखर कोइराला नेपाल की राजनीति में सक्रिय हैं और नेपाली कांग्रेस में अपनी हैसियत बढ़ाने को संघर्षरत भी हैं। शेखर कोइराला पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला के चचेरे भाई हैं। शेखर कोइराला वर्तमान में प्रतिनिधि सभा के सदस्य हैं। नेपाल में मौजूदा ओली सरकार नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन में है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# किसान और व्यापारी का साझा भविष्य: राष्ट्रीय लोकदल की विचारधारा





**रोहित अग्रवाल**

राष्ट्रीय लोकदल को अक्सर केवल किसानों की पार्टी कहा जाता रहा है। अतीत में यह धारणा गहरी रही कि किसानों की राजनीति और व्यापारियों के हित अलग-अलग हैं। लेकिन बदलते समय ने यह साबित किया है कि जब तक व्यापार श्रंखला मजबूत नहीं होगी, तब तक किसानों की उपज को उचित मूल्य नहीं मिल सकता और जब तक किसान समृद्ध नहीं होगा, तब तक व्यापार भी स्थाई और संतुलित नहीं हो सकता। यही कारण है कि राष्ट्रीय लोकदल ने अपनी विचारधारा में किसान और व्यापारी दोनों वर्गों को जोड़कर देखने का संकल्प लिया है।

कृषक और व्यापारी, दोनों देश की आर्थिक धुरी हैं। किसान अनाज, सब्जियां, फल और तमाम कृषि उत्पाद पैदा करता है, लेकिन उनका सही मूल्य तभी संभव है जब मजबूत व्यापारिक श्रंखला उपलब्ध हो। भंडारण, परिवहन, प्रसंस्करण और विपणन जैसी व्यवस्थाएं यदि व्यवस्थित ढंग से होंगी, तभी किसान की उपज अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचेगी और उसे उसका हक मिलेगा। इसी सोच से राष्ट्रीय लोकदल ने व्यापार प्रकोष्ठ का गठन किया है, जिसका उद्देश्य यही है कि व्यापारी वर्ग की मजबूती से किसानों का भी भविष्य सुरक्षित हो।

यह भी सच है कि पिछले वर्षों में चले चौदह महीने लंबे किसान आंदोलन ने किसानों और भारतीय जनता पार्टी के बीच दूरी का एक वातावरण बनाया था। उस दौर में यह संदेश गया कि भाजपा व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टी है और यह भी कि व्यापारी और किसान के हित आपस में मेल नहीं खाते, लेकिन आज परिस्थितियां बदली हैं। राष्ट्रीय लोकदल इस खाई को भरने का काम कर रहा है। हम किसान और व्यापारी दोनों को साथ लेकर समावेशी नीति तैयार कर रहे हैं। भाजपा भी अब किसानों की जरूरतों को समझते हुए अपनी नीतियों में सुधार कर रही है।

संवाद और सहयोग के इस माहौल ने यह सिद्ध कर दिया है कि किसान और व्यापारी, दोनों वर्गों का तालमेल ही देश की प्रगति का आधार है। इस समावेशी दृष्टिकोण के सफल परिणाम आने वाले वर्षों में दिखाई देंगे और किसान की स्थिति निश्चित रूप से बेहतर होगी। आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार देशभर में औद्योगिक कॉरिडोर, एक्सप्रेस-वे और हाईवे का जाल बिछा रही है। इन परियोजनाओं का लाभ केवल उद्योग जगत को ही नहीं मिलेगा, बल्कि किसान की फसल भी अब सीधे बड़े बाजारों और प्रसंस्करण केंद्रों तक पहुंच सकेगी। खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के जरिए किसानों के उत्पाद का मूल्य कई गुना बढ़कर उन्हें मिलेगा। राष्ट्रीय लोकदल मानता है कि यह विकास की दिशा दोनों वर्गों के लिए समान रूप से हितकारी है और इसलिए व्यापार व किसान को एक सेतु से जोड़ने का काम हमारा व्यापार प्रकोष्ठ कर रहा है। राष्ट्रीय लोकदल, भारतीय जनता पार्टी की उन नीतियों का समर्थन करता है जिनसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) के जरिए भंडारण, बीज, खाद, दवा और कृषि उपकरण गांव-गांव तक पहुंचाने की योजना इसका उदाहरण है। अब किसान को इनपुट सामग्री भी उसके दरवाजे पर उचित दाम पर मिलेगी और उपज का भंडारण भी गांव में ही संभव होगा। इससे किसान को बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और व्यापारी वर्ग को भी पारदर्शी व्यापार व्यवस्था का अवसर मिलेगा। पुरानी धारणा यह थी कि व्यापारी और किसान एक-दूसरे के हितों के विपरीत खड़े होते हैं, लेकिन राष्ट्रीय लोकदल इस सोच को तोड़ रहा है। हमारी विचारधारा कहती है कि जब व्यापारी को अनुकूल माहौल मिलेगा, व्यापारिक संरचना मजबूत होगी, तो वही संरचना किसान के हितों की भी रक्षा करेगी। किसान और व्यापारी एक-दूसरे के पूरक हैं, विरोधी नहीं।

इसी विचार के साथ राष्ट्रीय लोकदल ने किसान और व्यापारी के साझा भविष्य का खाका तैयार किया है। यह तालमेल केवल राजनीतिक गठबंधन नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक समरसता की नई राह है। भाजपा की समावेशी नीतियों और राष्ट्रीय लोकदल की किसान-केन्द्रित विचारधारा के बीच यह सामंजस्य देश की प्रगति के लिए आवश्यक है। आज जरूरत है कि किसान और व्यापारी एक-दूसरे का हाथ थामकर आगे बढ़ें। राष्ट्रीय लोकदल इस साझा दृष्टि को लेकर ही काम कर रहा है, जहां किसान की समृद्धि और व्यापारी की प्रगति साथ-साथ चले। यही रास्ता देश की वास्तविक उन्नति की ओर ले जाएगा और यही भारत को विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में निर्णायक कदम साबित होगा।

(लेखक राष्ट्रीय लोक दल व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, ये उनके निजी विचार हैं)

# भारत-चीन में बातचीत से संबंध मजबूत हुए: डोभाल

## एनएसए ने कहा: दोनों देशों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिली

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने कहा है कि भारत और चीन के शीर्ष नेतृत्व के बीच पिछले वर्ष हुई बातचीत के बाद से आपसी संबंध मजबूत हुए हैं और इससे दोनों देशों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिली है। डोभाल ने भारत यात्रा पर आये चीन के विदेश मंत्री वांग ई के साथ मंगलवार को यहां विशिष्ट प्रतिनिधि स्तर की 24वें दौर की बैठक से पहले अपने प्रारंभिक वक्तव्य में वांग और उनके साथ आये शिष्टमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि पिछले नौ महीनों में सीमाओं पर शांति और सौहार्द के कारण संबंध और भी मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले नौ महीनों में एक सकारात्मक रुझान देखने को मिला है। सीमाएं शांत रही हैं।

शांति और सौहार्द कायम रहा है। हमारे द्विपक्षीय संबंध और भी मजबूत हुए हैं। हम अपने नेताओं के प्रति अत्यंत आभारी हैं, जिन्होंने गत अक्टूबर में कज़ान में एक नई दिशा स्थापित की, और तब से हमें बहुत लाभ हुआ है। जो नया माहौल बना है, उसने हमें उन विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढने में मदद की है जिन पर हम काम कर रहे हैं। विशिष्ट प्रतिनिधि स्तर की इस वार्ता के



■ चीन ने माना पिछले कुछ वर्षों का मुश्किल दौर दोनों देशों के हित में नहीं था

सफल रहने की उम्मीद जताते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही चीन की यात्रा पर जाएंगे और ऐसे में यह वार्ता और भी महत्त्वपूर्ण हो जाती है।

उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि पिछली वार्ता की तरह, यह 24वीं विशिष्ट प्रतिनिधि स्तर की वार्ता भी उतनी ही सफल होगी। हमारे प्रधानमंत्री जल्द ही एससीओ शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए चीन जायेंगे और इसलिए, मुझे लगता है कि ये विशिष्ट प्रतिनिधि स्तर की वार्ताएं बहुत महत्वपूर्ण हैं। डोभाल ने दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने का भी उल्लेख किया और कहा कि इस पड़ाव पर भारत और चीन के संबंधों में घनिष्ठता आएगी। विदित हो कि भारत यात्रा पर आए वांग ने सोमवार को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता की थी। वहीं गलवान में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प के पांच वर्ष बाद चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने मंगलवार को माना कि पिछले कुछ वर्षों का मुश्किल दौर दोनों देशों के हित में नहीं था और अब दोनों को आम सहमति बनाकर सीमाओं पर विशिष्ट मुद्दों को सुलझाकर परस्पर विश्वास बढाना चाहिए। भारत ने भी सीमा पर शांति और सौहार्द के कारण संबंधों के मजबूत होने का उल्लेख करते हुए कहा है कि इससे दोनों देशों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिली है। सीमा विवाद से संबंधित मुद्दों पर विशेष प्रतिनिधि स्तर की 24 वीं बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत यात्रा पर आए चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ बैठक में अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि भारत और चीन के बीच मजबूत और स्थिर संबंध दोनों देशों के दीर्घकालिक हितों की पूर्ति करते हैं।

### भारत से कल सीधे पाक जाएंगे चीनी विदेश मंत्री वांग ई

**नई दिल्ली।** भारत यात्रा पर आए चीन के विदेश मंत्री वांग ई तीन दिन की यात्रा संपन्न होने के बाद बुधवार को यहां से सीधे पाकिस्तान की यात्रा पर जाएंगे जहां वह अपने पाकिस्तानी समकक्ष और उप-प्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार के साथ वार्ता करेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि वांग ई 20 से 22 अगस्त तक पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार के साथ चीन-पाकिस्तान विदेश मंत्रियों की रणनीतिक वार्ता के छठे दौर की बैठक में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान जाएंगे। चीन के विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने चीन और पाकिस्तान को अटूट और सदाबहार मित्र बताते हुए कहा है कि दोनों पक्ष 'व्यावहारिक सहयोग' बढ़ाने के लिए 'गहन संवाद' करेंगे। चीन के विदेश मंत्री की तीन वर्षों में यह दूसरी पाकिस्तान यात्रा होगी।



मुंबई। बारिश के बीच पानी से भरी सड़क से गुजरते लोगों के बीच कुर्सी पर बैठा एक व्यक्ति।

### जॉर्डन सम्राट ने गाजा में युद्धविराम, मानवीय सहायता की आपूर्ति का किया आह्वान

**अम्मान।** जॉर्डन के सम्राट अब्दुल्ला द्वितीय ने सोमवार को गाजा में तत्काल युद्धविराम और मानवीय सहायता की निर्बाध आपूर्ति का आह्वान किया। रॉयल हाशमाइट कोर्ट ने एक बयान में यह जानकारी दी है। बयान में कहा गया है कि बैठक के दौरान सम्राट अब्दुल्ला ने गाजा पर अपने कब्जे को मजबूत करने और वहाँ सैन्य नियंत्रण का विस्तार करने की इजरायल की योजनाओं को जॉर्डन द्वारा अस्वीकार किए जाने की बात दोहराई और चेतावनी दी कि इस तरह के 'एकतरफा कदम' क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा पैदा करते हैं। उन्होंने तथाकथित ग्रेटर इजरायल दृष्टिकोण पर इजरायल के बयानों को भी खारिज कर दिया और पश्चिमी तट पर बस्तियों के विस्तार की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करता है और फलस्तीनियों के एक स्वतंत्र राज्य की स्थापना के अधिकार को कमजोर करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका के यूटा में गोलीबारी में दो पुलिस अधिकारियों की मौत

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के यूटा में रविवार रात हुई गोलीबारी में दो पुलिस अधिकारी मारे गए और एक अन्य घायल हो गया। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। मीडिया के अनुसार पड़ोसी ब्रिघम सिटी पुलिस विभाग ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि ट्रेमोंटन शहर में घरेलू हिसा के एक मामले में किसी व्यक्ति के कई बार 911 पर कॉल करने के बाद ट्रेमोंटन गारलैंड पुलिस विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई की। रिपोर्ट के अनुसार एक व्यक्ति बंदूक लेकर बाहर आया और पहले अधिकारी को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पहले अधिकारी की मदद करने आए दूसरे अधिकारी को भी उस व्यक्ति ने गोली मारी जिससे उसकी मौत हो गई।

### तीन दिन की यात्रा पर आज रूस रवाना होंगे जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर आज रूस की तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगे जहां वह रूस के विदेश मंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता के अलावा भारत-रूस व्यापार मंच की बैठक में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि डॉ. जयशंकर कि यह यात्रा रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव के निमंत्रण पर हो रही है। यात्रा के दौरान वह बुधवार को निर्धारित भारत-रूस अंतर-सरकारी व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग आयोग के 26वें सत्र की सह-अध्यक्षता करेंगे। विदेश मंत्री मॉस्को में भारत-रूस व्यापार मंच की बैठक को भी संबोधित करेंगे। विदेश मंत्री जयशंकर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से भी मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय एजेंडे की समीक्षा करेंगे तथा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करेंगे।

### कोलंबिया और पेरू की यात्रा पर जाएंगे पी. कुमारन

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) पी. कुमारन दक्षिण अमेरिकी देशों कोलंबिया व पेरू की छह दिन की यात्रा पर जाएंगे जहां वह इन देशों के साथ निरंतर बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यात्रा के दौरान कुमारन कोलंबिया व पेरू की सरकारों के मंत्रियों व अधिकारियों से मिलेंगे और द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय संदर्भ में पारस्परिक हित के विषयों के अलावा, व्यापार और वाणिज्य, खनन, ऊर्जा, स्वास्थ्य और फार्मास्यूटिकल्स, रक्षा, बुनियादी ढांचा, आईटी और डिजिटल क्षेत्रों में सहयोग सहित पारस्परिक हित के क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे।

# रूस-यूक्रेन के बीच फिलहाल सीजफायर नहीं

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने की जेलेंस्की और यूरोपीय लीडर्स के साथ मीटिंग, सीजफायर पर सहमति नहीं बनी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और यूरोपीय लीडर्स के साथ मीटिंग की। इसमें रूस-यूक्रेन के बीच सीजफायर पर सहमति नहीं बनी। ट्रम्प ने कहा कि फिलहाल इतनी जल्दी सीजफायर संभव नहीं है। हालांकि, मीटिंग में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर चर्चा हुई। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय देश मिलकर इस पर काम करेंगे। वहीं, रूसी राष्ट्रपति आफिस (क्रेमलिन) ने बताया कि ट्रम्प ने मीटिंग रोककर पुतिन से फोन पर 40 मिनट बात की।

इस दौरान पुतिन ने रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधियों के बीच सीधे बातचीत का समर्थन किया। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने बताया कि ट्रम्प के साथ फोन पर बातचीत के दौरान पुतिन 15 दिन के भीतर जेलेंस्की से मुलाकात को राजी हो गए। मीटिंग के बाद जेलेंस्की ने प्रेस कान्फ्रेंस करके बताया कि यूक्रेन सुरक्षा गारंटी के बदले यूरोप के पैसों से 90 अरब डालर (करीब 8 लाख करोड़ रुपये) के अमेरिकी हथियार खरीदेगा। ट्रम्प ने यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी लेने का संकेत देते हुए कहा है कि अमेरिका यूक्रेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करेगा। बातचीत से उत्साहित अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस और यूक्रेन के बीच द्विपक्षीय वार्ता की व्यवस्था करने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन को इस बातचीत के दौरान ही फोन किया और आशा व्यक्त कि अब अगली बैठक यूक्रेन, रूस और अमेरिका की त्रिपक्षीय बैठक के रूप में हो सकती है। अमेरिकी सुरक्षा गारंटी को लेकर भले ही संकेत मिले हों लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि ये वार्ता किस रूप में होंगी और इनमें विदेशी सैनिकों की तैनाती, संयुक्त हवाई और समुद्री गश्त, खुफिया जानकारी साझा करना या सैन्य सहायता शामिल हो सकती है। अमेरिका, यूरोपीय देशों और यूक्रेन के बीच चल रही बातचीत से उत्साहित यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि वह रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए तैयार हैं। जेलेंस्की ने कहा कि व्हाइट हाउस में हुई यह वार्ता अब तक की सबसे अच्छी वार्ता रही है और वह पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने युद्ध समाप्त करने के लिए आगे की बातचीत से पहले किसी तरह के युद्धविराम की आवश्यकता को खारिज कर दिया, जिसका यूरोपीय नेताओं ने विरोध किया। बैठक में आए जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने कहा कि मैं कल्पना भी नहीं कर सकता कि अगली बैठक युद्धविराम के बिना होगी। उन्होंने कहा कि हमें रूस पर दबाव बनाने की कोशिश करनी होगी। व्हाइट हाउस में मौजूद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि वह आज की बैठक के परिणाम से बहुत प्रसन्न हैं, जिसने नेताओं के बीच एकता की सच्ची भावना को प्रदर्शित किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि यूक्रेन के बारे में कोई भी निर्णय उसके बिना नहीं लिया जाना चाहिए। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी युद्धविराम के लिए मर्ज़ की टिप्पणियों को दोहराया लेकिन यह भी कहा कि यूरोपीय सैन्य बलों को ज़मीनी स्तर पर यूक्रेन की मदद करनी चाहिए। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने हालांकि जरा तल्खी से कहा कि यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी में अमेरिका की भागीदारी के बारे में 'कुछ भी ठोस' नहीं है। जेलेंस्की और पुतिन के बीच द्विपक्षीय बैठक के बारे में उन्होंने कहा कि रूसी नेता पर भरोसा नहीं किया जा सकता।



■ ट्रम्प ने पुतिन को फोन किया यूक्रेन सुरक्षा गारंटी के बदले आठ लाख करोड़ के अमेरिकी हथियार खरीदेगा

### यूक्रेन में युद्ध के समाधान में प्रगाति हो रही: जेलेंस्की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प एवं यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने सोमवार को व्हाइट हाउस में द्विपक्षीय बैठक की। ट्रम्प ने ज़ेलेंस्की के साथ पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि उनका मानना है कि पुतिन रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करना चाहते हैं और वह शांति सुनिश्चित करने के लिए यूक्रेन और सभी पक्षों के साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में युद्ध के समाधान में प्रगति हो रही है और उसके द्वारा मांगी गई सुरक्षा गारंटी प्रदान की जाएगी। ज़ेलेंस्की ने कहा कि वह युद्ध को कूटनीतिक तरीके से समाप्त करने के विचार का समर्थन करते हैं और वह त्रिपक्षीय बैठक के लिए तैयार हैं। ट्रम्प ने मीडिया से कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी स्वीकार करने पर सहमत हुए हैं, जो उन प्रमुख बिंदुओं में से एक है जिन पर 'हमें विचार करने की आवश्यकता है,' और कहा कि पुतिन इसका समाधान खोजना चाहते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने मोदी, आरएसएस पर कार्टून बनाने वाले हेमंत मालवीय की अंतरिम राहत बढ़ाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कथित आपत्तिजनक कार्टून बनाने और उसे सोशल मीडिया पर साझा करने के मामले में इंदौर के कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय की गिरफ्तारी से संरक्षण की अवधि मंगलवार को अगली सुनवाई तक के लिए बढ़ा दी। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने अगली सुनवाई तक अंतरिम संरक्षण अवधि बढ़ाते कहा कि उन्हें 10 दिनों के भीतर माफीनामा प्रकाशित करना चाहिए।

पीठ के समक्ष आरोपी मालवीय के अधिवक्ता ने कहा कि वह अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के लिए फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया पर माफीनामा प्रकाशित करेंगे। इंदौर के स्थानीय अधिवक्ता और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता विनय जोशी ने इस मामले में लसूड़िया थाने में मालवीय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। शीर्ष अदालत के समक्ष इस मामले में मध्य प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए

■ हेमंत को दस दिन के भीतर माफीनामा प्रकाशित कराना चाहिए: पीठ

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा कि जांच जारी रहने के कारण पोस्ट को हटाया नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मालवीय को सोशल मीडिया पर माफीनामा प्रकाशित करने दें और साथ ही वह यह भी वचन दें कि वह दोबारा ऐसा नहीं करेंगे और जांच में सहयोग कर सकते हैं। शीर्ष अदालत ने 15 जुलाई को कार्टूनिस्ट को दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण प्रदान करते हुए शो और सोशल मीडिया पर आपत्ति. जनक भाषा के प्रयोग की निंदा की थी। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने 3 जुलाई, 2025 को उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। न्यायालय ने कहा था कि आवेदक द्वारा इस कार्टून में देश के प्रधानमंत्री के साथ-साथ आरएसएस को चित्रित करने का आचरण के साथ ही एक अपमानजनक टिप्पणी का समर्थन, संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सरासर दुरुपयोग है।

# पुतिन ने दी रामफोसा को ट्रम्प से मुलाकात के बारे में जानकारी

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा को सोमवार को रुस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ हुई हालिया मुलाकात के बारे में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को पुतिन और ट्रम्प ने अलास्का के एंकोरेज में एक महत्वपूर्ण बैठक की थी।

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति पुतिन ने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ अपनी बातचीत के तरीके और शांति प्रक्रिया पर उभरते तालमेल पर संतोष व्यक्त किया। बयान के अनुसार रामफोसा ने पुतिन की ब्रीफिंग की सराहना की और साथ ही रूस और यूक्रेन के बीच स्थाई शांति स्थापित करने के लिए प्रमुख मुद्दों पर और अधिक समझौते की आवश्यकता पर जोर दिया। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने एक बार फिर खुले संवाद बनाए रखने और द्विपक्षीय हितों के मुद्दों पर अपना सहयोग जारी रखने का संकल्प लिया। रामफोसा अन्य अफ्रीकी नेताओं के साथ रूस-यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के लिए मध्यस्थता भी कर रहे हैं। ट्रम्प सोमवार को व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की और कुछ यूरोपीय नेताओं से मिलने वाले हैं।

### बंडारू विल्सनबाबू तुर्कमेनिस्तान और किशन देवल डोमिनिकल गणराज्य के राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी बंडारू विल्सनबाबू को तुर्कमेनिस्तान और किशन दान देवल को डोमिनिकल गणराज्य का राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि मेडागास्कर में भारत के राजदूत विल्सनबाबू को तुर्कमेनिस्तान में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है और उनके उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। इसके अलावा विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव किशन दान देवल को डोमिनिकन गणराज्य में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है।

# 25% एक्स्ट्रा टैरिफ से कालीन-रत्न इंडस्ट्री पर छाया संकट

## 25 लाख लोग गरीब हो सकते हैं प्रभावित, भारतीय रत्नों का 30% ग्लोबल ट्रेड भी खतरे में

**मुंबई।** भारत पर ट्रम्प का टैरिफ 27 अगस्त से दोगुना यानी 50 प्रतिशत होने वाला है। इसको लेकर भारतीय अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान करने वाले सेक्टर्स में डर का माहौल है, क्योंकि आर्डर में भारी कमी के चलते व्यापार का एक बड़ा हिस्सा जल्द ही बंद हो सकता है।

उत्तर प्रदेश के भदोही में कालीन बनाने वाले इश्तियाक अहमद खान ने कहा कि 25 प्रतिशत टैरिफ से हम हैरान थे और सोच रहे थे कि इस समस्या का सामना कैसे होगा, लेकिन अब ये 50 प्रतिशत हो गया है, इसे झेलना असंभव है। हमें डर है कि इससे करीब 25 लाख कामगार-मजदूर अपनी जरूरतें पूरी करने में भी सक्षम नहीं रह जाएंगे। भारत में काफी बड़े स्तर पर कालीन का उत्पादन होता है। इसमें से 98 प्रतिशत माल विदेश भेजा जाता है। हाथ से बने टफ्टेड कालीन इस व्यापार का बड़ा हिस्सा है, जबकि पर्शियन स्टाइल के हाथ से बने रग्स या गलीचे (कारपेट) सबसे कीमती हैं। बीते कुछ साल में कालीन और रग्स का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका को बेचा गया है। ट्रम्प के टैरिफ के चलते अमेरिका को माल बेचने पर अब 500 डालर के कारपेट पर 125 डालर का टैरिफ लग रहा है, आगे ये 250 डालर तक पहुंच सकता है। इश्तियाक की कंपनी में काम करने वाले लगभग 80 प्रतिशत अभी भी किसान हैं। वे सरकार के मुफ्त पांच किलो अनाज पर निर्भर रहते हैं। धागा कातना और रंगना, डिजाइन करना, बुनाई और कालीन की फिनिशिंग करने के काम से उन्हें करीब 15 हजार रुपये महीना अतिरिक्त मिलता है। इश्तियाक कहते हैं सबसे बुरा हाल हमारे हमारे मजदूरों और बुनकरों का होगा। कालीन उद्योग के अलावा भी कई सेक्टर्स पर खतरा है। 7 अगस्त को ट्रम्प ने 50 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की, तो जेम्स इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष किरीट भंसाली ने लिखा कि भारतीय रत्नों के ग्लोबल ट्रेड का 30 प्रतिशत खतरे में है। अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा सप्लायर भारत है।

■ इश्तियाक की कंपनी में काम करने वाले लगभग 80 प्रतिशत अभी भी किसान हैं

# इजरायल ने की लेबनान में नई सैन्य चौकी स्थापित

**बेरूत।** इज़रायल की सेना ने सोमवार को दक्षिणी लेबनान के सीमावर्ती क्षेत्र में एक नई सैन्य चौकी स्थापित की। लेबनानी सुरक्षा और स्वास्थ्य सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्र ने बताया कि यह नई चौकी कफ़र किला गाँव के उत्तरी प्रवेश द्वार पर स्थापित की गई है जो संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित ब्लू लाइन से लगभग 15 मीटर दूर है। सूत्र ने कहा कि यह एक मिट्टी के अवरोध से घिरा हुआ है, निगरानी उपकरणों और भारी मशीनगनों से लैस है और इसमें एक मर्कवा टैंक भी है। लेबनानी सूत्र ने दावा किया कि यह कदम इज़रायल द्वारा मिस्गाव आम की इज़रायली बस्ती के पास एक चौकी स्थापित करने के एक सप्ताह बाद उठाया गया है। यह लेबनानी क्षेत्र में लगभग 800 मीटर अंदर है। इस बीच लेबनान के जन स्वास्थ्य मंत्रालय के जन स्वास्थ्य आपातकालीन संचालन केंद्र ने एक बयान में कहा कि इजरायली दुश्मन के ड्रोन द्वारा गिराए गए बम से चार लोग घायल हो गए, ये सभी सीरियाई नागरिक थे।



अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com